नई दिल्ली

शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026

अश्विन मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्दशी वर्ष : 30, अंक : 172
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम

अधि. 31.0°C
न्यून. 22.0°C

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



11 टीम इंडिया बढ़त बढ़ाने और वेस्टइंडीज बराबरी करने आज दिखाएंगी दमखम



57वीं जीएसटी काउंसिल का बड़ा फैसला, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने की प्रेस को ब्रीफिंग

टैक्स अधिकारियों की गिरफ्तारी की शक्ति खत्म, केस की सीमा भी बढ़ी

- मुकदमा चलाने की सीमा भी 1 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपए
- यूपीआई एमडीआर पर काउंसिल मीटिंग में नहीं हुई चर्चा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जीएसटी (वस्तु एवं सेवाकर) काउंसिल ने गुरुवार को टैक्स अधिकारियों की गिरफ्तारी की शक्ति खत्म कर दी। वित्त मंत्रालय ने घोषणा की कि मुकदमा चलाने की सीमा भी 1 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपए कर दी गई है। वित्त मंत्रालय ने ने कहा रेट का स्ट्रक्चर तय हो चुका है, इसलिए काउंसिल अब इस बात पर ध्यान दे रही है



कि टैक्स रोजाना कैसे काम करता है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि जीएसटी रेट में बदलाव अब साल में एक बार होगा। 57वीं जीएसटी काउंसिल ने इनपुट टैक्स क्रेडिट दावों पर अधिकारियों की एक कमेटी बनाने ▸▸शेष पेज 5 पर

गैर-अनुसूचित दवाओं का ट्रेड मार्जिन 30% तक सीमित

कैंसर दवाओं पर केंद्र का बड़ा फैसला एमआरपी में 70% तक आएगी कमी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सरकार ने कैंसर मरीजों को राहत देने के लिए गैर-अनुसूचित कैंसर रोधी दवाओं पर ट्रेड मार्जिन 30% तक सीमित करने का फैसला किया है। इससे कुछ दवाओं की एमआरपी में 70% तक कमी और मरीजों की बड़ी बचत का अनुमान है।

कैंसर मरीजों को महंगी दवाओं से राहत देने के लिए सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने सभी गैर-अनुसूचित कैंसर रोधी दवाओं पर ट्रेड मार्जिन को अधिकतम 30 फीसदी तक सीमित करने का निर्णय लिया है। यह नियम ब्रांडेड और जेनेरिक, घरेलू और आयातित तथा पेटेंट वाली और गैर-पेटेंट वाली दवाओं पर लागू होगा। सरकार का कहना है कि इस कदम का उद्देश्य दवाओं की कीमतों में शामिल अत्यधिक ट्रेड मार्जिन को कम करना है, ताकि कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली ▸▸शेष पेज 5 पर



इस फैसले से मरीजों को हर साल करीब 2,500 करोड़ रु. की बचत हो सकती है

ब्रांडेड और जेनेरिक दोनों दवाएं दायरे में

नए फैसले की खास बात यह है कि इसमें गैर-अनुसूचित श्रेणी की कैंसर रोधी दवाओं को व्यापक रूप से शामिल किया गया है। यानी ब्रांडेड और जेनेरिक, देश में बनी और आयातित तथा पेटेंट और गैर-पेटेंट दवाओं पर ट्रेड मार्जिन की सीमा लागू होगी। इसका मकसद दवा की कीमत और मरीज द्वारा चुकाई जाने वाली वास्तविक राशि के बीच के अंतर को कम करना है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

हवाई सफर होगा महंगा बढ़ाया फ्यूल सरचार्ज

नई दिल्ली। हवाई यात्रियों के लिए सफर महंगा होने जा रहा है। एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की बढ़ती कीमतों के बीच फ्यूल सरचार्ज बढ़ाने का फैसला किया है। नई दरें 9 अक्टूबर से लागू होंगी और घरेलू व अंतरराष्ट्रीय दोनों उड़ानों पर प्रभावी रहेंगी। यानी 9 अक्टूबर या उसके बाद यात्रियों को अधिक फ्यूल सरचार्ज देना होगा।



निवेशकों के 10 लाख करोड़ रुपए स्वाह हो गए

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को कारोबार के आखिरी दौर में भारी गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स और निफ्टी में तेज बिकवाली के चलते निवेशकों के करीब 10.10 लाख करोड़ रुपए डूब गए। दोपहर 1 बजे तक बीएसई का सेंसेक्स 1000 अंक से ज्यादा टूटकर 71,567 के स्तर पर आ गया, जबकि एनएसई का निफ्टी 350 अंक से अधिक फिसलकर 22,231 पर कारोबार कर रहा था। रिलायंस और अडानी के शेयरों में गिरावट रही।

प्रधानमंत्री ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस के 10वें संस्करण की शुरुआत की

जिनकी मुफ्त की कमाई बंद हो गई, वे मोदी से प्यार करेंगे क्या? राशि का दुरुपयोग थमा

- 5 लाख करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बचे
- 50 लाख करोड़ रुपए लाभार्थियों के खातों में पहुंचे
- तकनीक और सरकारी योजनाओं का जिक्र किया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस के 10वें संस्करण में डिजिटल तकनीक और सरकारी योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज मोबाइल फोन सिर्फ बातचीत का जरिया नहीं रहा, यह सुशासन का बड़ा माध्यम बन चुका है। इसी दौरान उन्होंने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर यानी डीबीटी का भी जिक्र किया। पीएम ने कहा कि डीबीटी के जरिए 50 लाख करोड़ रुपए लाभार्थियों के बैंक खातों तक पहुंचे। इससे करीब 5 लाख करोड़ की बचत हुई है। उन्होंने कहा कि इस वजह से जिनकी मुफ्त की कमाई बंद हो चुकी है, वे मोदी से प्यार करेंगे क्या? पीएम मोदी ने कहा कि सरकार की डिजिटल व्यवस्था से सरकारी मदद सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंच रही है। मोबाइल से जुड़े बैंक खातों के जरिए लोगों तक सरकारी सहायता पहुंची है। इससे व्यवस्था में होने वाली लीकेज को रोकने में मदद मिली है। पीएम ने कहा कि यह कोई छोटी रकम नहीं है। उनके अनुसार यह पैसा गलत हाथों में जाने से बचा है।



मोबाइल फोन सुशासन का बड़ा माध्यम बना



डिजिटल इंडिया कार्यक्रम से देश की स्थिति बदली

पीएम मोदी ने कहा कि मोबाइल टेक्नोलॉजी में भारत आगे बढ़ा है. इंडिया मोबाइल कांग्रेस भारत की प्रगति का मंच है। पीएम मोदी ने कहा कि डिजिटल इंडिया कार्यक्रम से स्थिति बदली है। एक दशक पहले तक डिजिटल डिवाइस चुनौती थी। पहले साधन संपन्न ही लाभ ले सकते थे। हमारा लक्ष्य हर सीमा से परे विस्तार का है। इंडिया मोबाइल कांग्रेस भारत के सपनों का मंच है। पीएम मोदी ने कहा कि बीते 10-12 वर्षों में मोबाइल फ़ोन आधुनिक संचार के माध्यम के साथ-साथ सुशासन का भी अहम टूल बनकर सामने आया है. ये डिजिटल इंडिया विजन के कोर में रहा है।

हम इसे पूरा करके रहेंगे

पीएम मोदी ने पूछा कि क्या उन्होंने सही काम किया या नहीं। पीएम ने कहा कि इस तरह की गड़बड़ियों को रोका जाना चाहिए या नहीं। उन्होंने कहा कि विरोध और आलोचना के बावजूद वह इस काम को जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि वह इसे पूरा करके रहेंगे।

गेमिंग इकोसिस्टम में युवाओं की बढ़ी भूमिका

पीएम मोदी ने भारत के गेमिंग इकोसिस्टम का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि देश में 50 करोड़ से ज्यादा लोग गेमिंग इकोसिस्टम का हिस्सा हैं। इसमें छोटे शहरों और कस्बों के युवाओं की भी बड़ी भूमिका है। इंडिया मोबाइल कांग्रेस के इस कार्यक्रम में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के अलावा देश और विदेश के कई उद्योगपति और टेक्नोलॉजी से जुड़े लोग शामिल हुए।

डिजिटल गवर्नेंस ने देश के हालात को बदल दिया

पीएम मोदी ने कहा कि मोबाइल और इंटरनेट की कनेक्टिविटी ने शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी सेवाओं को बिना बाधा चालू रखा। आज दूर-सुदूर गांव, गरीब के बच्चे भी गुणवत्तापूर्ण ज्ञान तक पहुंच पा रहे हैं। डिजिटल लर्निंग सबकी पहुंच में आ रही है। डिजिटल गवर्नेंस ने इन हालात को बदल दिया है। आज, सैकड़ों सरकारी सेवाएं मोबाइल फ़ोन पर उपलब्ध हैं।सरकारी मदद अब सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचती है।

डीपफेक और साइबर सुरक्षा पर भी की बात

प्रधानमंत्री ने डिजिटल सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने डेटा की सुरक्षा और साइबर धोखाधड़ी का मुद्दा उठाया। उन्होंने डीपफेक जैसी तकनीक से पैदा होने वाली चुनौतियों का भी जिक्र किया। पीएम ने कहा कि डिजिटल दुनिया में बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर एक मजबूत ढांचे की जरूरत है। उन्होंने डेटा और डिजिटल सुरक्षा को लेकर देशों के बीच सहयोग की जरूरत बताई।

डिजिटल व्यवस्था से लोगों का काम आसान

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 10 से 12 साल में मोबाइल फोन की भूमिका काफी बदल गई है। उन्होंने कहा कि आज सैकड़ों सरकारी सेवाएं मोबाइल फोन पर उपलब्ध हैं। लोगों को कई कामों के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। डिजिटल व्यवस्था ने सरकारी सेवाओं को लोगों तक पहुंचाने का तरीका बदला है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा वाराणसी, उत्तर प्रदेश में आयोजित 'युवा संवाद' कार्यक्रम को संबोधित किया

राहुल गांधी और विपक्ष केवल चुनाव के समय सक्रिय होकर अराजकता फैलाते हैं: नवीन

कहा, प्रधानमंत्री मोदी के 'विकसित भारत @ 2047' के विराट संकल्प को साकार करने में देश के युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित 'युवा संवाद' कार्यक्रम को संबोधित किया और कहा कि आज की पीढ़ी परिवर्तन की वाहक है और उसकी बात सुनना आवश्यक है। नवीन ने बताया कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्टार्टअप, आईटी, एआई, सेमीकंडक्टर, मेडिकल शिक्षा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में नए अवसर बने हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने 2047 तक भारत को विकसित और विश्व गुरु बनाने के लिए युवाओं से पूर्ण समर्पण के साथ योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे। इससे पहले उत्तर प्रदेश प्रवास के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रार्थना की कि बाबा विश्वनाथ की कृपा समस्त देशवासियों पर सदैव बनी रहे। नवीन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता 24x7 काम करता है। उसके लिए हर दिन काम है और हर दिन चुनाव है। हम वे लोग नहीं हैं, जो केवल चुनाव के समय आते हैं। हमारे कार्यक्रम, हमारे काम और जनता के साथ हमारा संवाद पूरे साल चलता है। ये (राहुल गांधी और विपक्ष) अराजकतावादी मानसिकता के लोग हैं, जिन्हें केवल समाज में विष घोलना आता है। अगर ऐसा ही था, तो केरल में भी चुनाव इसी चुनाव आयोग ने कराया था। तमिलनाडु में, जहां ये पीछे से सत्ता में पहुंचे हैं, वहां का चुनाव भी इसी चुनाव आयोग ने कराया था। अगर हिम्मत है, तो राहुल गांधी को पहले अपना इस्तीफा देना चाहिए। वे जिस प्रकार का खेल ये खेल रहे हैं, वो देश की जनता देख रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि घुसपैठियों को संरक्षण देने का काम नेता प्रतिपक्ष कर रहे हैं। जो लोग अलग-अलग जगहों से आकर भारत के लोगों का हक मार रहे हैं, उन्हें हक दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। भारत के संसाधनों, भारत की संपदा और भारत की भूमि पर यहां के लोगों का हक है। मगर हम घुसपैठियों का हक नहीं होने देंगे। विदेशी मानसिकता से लोगों ▸▸शेष पेज 5 पर

सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग पर विपक्ष का तीसरे दिन भी हल्ला बोल

खरगे: गांधीजी से प्रार्थना- मोदी सरकार को सदबुद्धि दें भाजपा: अराजकता फैलाने वाले राहुल को मिले सदबुद्धि

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में इंडिया ब्लॉक के सांसदों का प्रदर्शन गुरुवार को लगातार तीसरे दिन जारी रहा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा समेत विपक्षी सांसद पहले कनॉट प्लेस पहुंचे। यहां खरगे ने विपक्षी सांसदों के लिए लंच का आयोजन



किया। इसके बाद सभी नेता बसों से राजघाट के लिए रवाना पहुंचे। राजघाट पर करीब एक घंटे इंतजार के बाद विपक्षी सांसदों को अंदर जाने की अनुमति मिली। इसके बाद उन्होंने महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि दी और धरना दिया। खरगे ने कहा कि विपक्षी सांसदों ▸▸शेष पेज 5 पर

भाजपा प्रवक्ता बोले- सुप्रीम कोर्ट में मामला है तो सड़क पर प्रदर्शन क्यों?



प्रदीप भंडारी


भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि राजघाट पर विपक्षी नेताओं को सद्बुद्धि मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले तीन दिन से राहुल गांधी और विपक्षी नेताओं की अराजकता से देश का हर वह व्यक्ति परेशान है, जो संविधान में ▸▸शेष पेज 5 पर

वे मजाक में कहते थे

- मैंने अपनी 12 मन लकड़ियां रखी हुई हैं। वो सूखी हैं। उसी में मुझे जलाना। गीली लकड़ी मत इस्तेमाल करना
- नाना ने कभी अपने संघर्ष को छिपाया नहीं। वे खुलकर बताते थे कि उन्होंने भूख देखी है, गरीबी देखी है और अपमान भी सहा है

75 साल के दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर का गोवा में दिल का दौरा पड़ने से निधन

नाना कहते थे-मौत के बाद जिंदगी रुकती नहीं, इंसान के जाने के बाद लोग धीरे-धीरे जिंदगी में आगे बढ़ जाते हैं



एजेंसी ▸▸ मुंबई

दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर का गुरुवार सुबह 75 साल की उम्र में निधन हो गया। गोवा स्थित उनके घर पर उन्हें कार्डियक अरेस्ट आया था। हालत बिगड़ने के बाद उन्हें बचाने के लिए करीब 45 मिनट तक सीपीआर दी गई, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं पाए। नाना पाटेकर का अंतिम संस्कार पुणे स्थित उनके फार्महाउस में किया जाएगा। मणिपाल हॉस्पिटल के डॉ. शेखर सालकर ने ▸▸शेष पेज 5 पर

कारगिल युद्ध के कई मोर्चों पर रहे थे

यह साल 1999 था। नाना पाटेकर अपनी फिल्म की शूटिंग में बिजी थे। जब उन्हें पता चला कि 1999 में कारगिल का युद्ध शुरू हो गया है। इसके बाद नाना पाटेकर तुरंत अपना सारा काम छोड़कर कारगिल युद्ध में शामिल होने के लिए ▸▸शेष पेज 5 पर

पीएम बोले- एक परिंदे की तरह फिल्मों के आसमान में उड़े

पीएम नरेंद्र मोदी ने नाना पाटेकर को याद करते हुए कहा कि वे बंधनों में नहीं रहे, बल्कि एक परिंदे की तरह फिल्मों के आसमान में उड़े। उन्होंने समाज की व्यवस्था पर करारा प्रहार किया और बुराइयों के विरुद्ध काम किया। पीएम ने उनके अभिनय, देशभक्ति और भारतीय सिनेमा में उनके अद्वितीय योगदान को भी नमन किया।

उत्तर प्रदेश के कई सीएमओ कार्यालयों का स्टाफ भी दबोचा

नकली दिव्यांगता सर्टिफिकेट बनाने वाले बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़, नौ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ ने नकली दिव्यांगता सर्टिफिकेट बनाने वाले बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। यह नेटवर्क यूडीआईडी रिकॉर्ड में हेरफेर करने और शैक्षणिक संस्थानों में दाखिला दिलाने में शामिल था। रैकेट में शामिल नौ लोगों को पकड़ा है। इनके नाम ललित कुमार उर्फ आदित्य, कुलदीप, शेर सिंह सोलंकी, जय प्रकाश शुक्ला, डॉ. लक्ष्मी कांत सक्सेना, आदेश सिंह, धीरेन्द्र, रोशन कुमार, सुरेंद्र रस्तोगी बताये गये। इनसे 27 नकली दिव्यांगता सर्टिफिकेट बरामद किए गए। नकली सर्टिफिकेट उत्तर प्रदेश के अलग-अलग सीएमओ कार्यालयों के स्टाफ की मिलीभगत से तैयार किए जाते थे।

पुलिस के अनुसार 31 अगस्त को स्पेशल स्टाफ के इंचार्ज इंस्पेक्टर रोहित सारस्वत को सूचना मिली कि अलीगढ़ का रहने वाला ललित भारी रकम के बदले नकली दिव्यांगजन सर्टिफिकेट का इंतजाम करके छात्रों को जेबीटी, बीटेक, दिल्ली यूनिवर्सिटी और अन्य शैक्षणिक कोर्स में दाखिला दिलाने का काम कर रहा है और वह दिल्ली यूनिवर्सिटी नॉर्थ कैंपस के इलाके में आने वाला है। एक विशेष रेडिंग टीम ने 36 साल के ललित कुमार उर्फ आदित्य को पकड़ लिया। आजकल वह फरीदाबाद में रह रहा था। पकड़े जाने के समय उसके पास से उत्तर प्रदेश के बदायूं, बरेली और सिद्धार्थ नगर के सरकारी अस्पतालों द्वारा जारी किए गए 16 दिव्यांगता सर्टिफिकेट बरामद हुए। ये सर्टिफिकेट सुनने में अक्षमता, चलने-फिरने में अक्षमता और कम दिखाई देने से संबंधित थे। ललित के पास से तीन मोबाइल और एक लैपटॉप भी बरामद किया गया। डिवाइस की शुरुआती जांच में छात्रों से जुड़ा डाटा और कई सर्टिफिकेट मिले। इस संबंध में मॉरिस नगर पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है। पूछताछ के दौरान ललित ने बताया कि उसने नोएडा में रहने वाले एजुकेशन कंसल्टेंट रोशन मिश्रा और कई अन्य एजुकेशन कंसल्टेंट्स के साथ मिलकर इस फर्जीवाड़े को अंजाम दिया था। इसके अलावा अपने साथियों कुलदीप (बरेली), जे.पी. शुक्ला (सिद्धार्थ नगर) और अवधेश (लखनऊ) के जरिए इसने अलग अलग अस्पतालों से 20 से 30 हजार रुपये कीमत पर प्रति सर्टिफिकेट का इंतजाम किया। बाद में ये सर्टिफिकेट संबंधित छात्रों को दिए गए, जिससे उन्हें पीडब्ल्यूडी कैटेगरी के तहत अलग अलग कॉलेजों में एडमिशन मिल सका।

नोएडा के सेक्टर-18 में 'रुद्र कंसल्टेंसी' चलाने वाले आरोपी रोशन को भी गिरफ्तार किया गया। इस पर ग्रेजुएशन और बीटेक के छात्रों का इंतजाम करने और उनके आधार विवरण, फोटो और हस्ताक्षर हासिल करके धोखाधड़ी की प्रक्रिया में मदद करने का आरोप है। 28 वर्षीय कुलदीप बरेली के सीएमओ ऑफिस में यूडीआईडी पोर्टल पर कॉन्ट्रैक्ट पर काम करता था। उसके मोबाइल में चैट और विकलांगता सर्टिफिकेट तैयार करने से जुड़े दस्तावेज मिले। इसकी निशानदेही पर शेर सिंह सोलंकी और बरेली के विकलांगता बोर्ड के सदस्य डॉ. लक्ष्मी कांत सक्सेना को क्रमशः बदायूं और बरेली से गिरफ्तार किया गया। शेर सिंह के कुलदीप और बदायूं के जिला पुरुष अस्पताल में तैनात डॉ. पीयूष मोहन अग्रवाल के साथ पैसों के लेनदेन का पता चला। तकनीकी विश्लेषण और बैंक ट्रांजेक्शन के आधार पर सिद्धार्थ नगर के सीएमओ ऑफिस में सीनियर मलेरिया इंस्पेक्टर जयप्रकाश शुक्ला को गिरफ्तार किया गया।

आरोप है कि उन्होंने अपने पद का गलत इस्तेमाल करके ललित कुमार से विकलांगता प्रमाण-पत्र बनवाए। जांच में यह भी पता चला कि इन वित्तीय लेन-देन के लिए उनके परिचित सुरेंद्र रस्तोगी के बैंक अकाउंट का इस्तेमाल किया गया था, जिसमें ललित कुमार से मिले पेमेंट समेत कई लाख रुपयों का लेन-देन हुआ था। इसके बाद सुरेंद्र रस्तोगी को पकड़ा। आदेश कुमार को सीतापुर से गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान पता चला कि वह ललित कुमार के साथ मिलकर गोरखपुर और देवरिया के पते वाले नकली विकलांगता प्रमाण-पत्र बनवाने में शामिल था। पूछताछ के दौरान आदेश ने बताया कि उसने गोरखपुर के रहने वाले चंदन सिंह यादव के जरिए ललित कुमार के लिए विकलांगता प्रमाण-पत्र बनवाया था। पुलिस कस्टडी के दौरान, लखनऊ में आदेश कुमार के घर से 9 विकलांगता प्रमाण-पत्र बरामद किए गए। देवरिया के सीएमओ ऑफिस में जूनियर असिस्टेंट के पद पर तैनात धीरेंद्र कुमार पांडे को भी पकड़ा है। वह प्रति प्रमाण पत्र पांच हजार रुपये नकद लेकर चंदन सिंह यादव को प्रमाण पत्र सौंपता था। गोरखपुर में चंदन सिंह यादव की तलाश भी की गई, हालांकि वह फरार पाया गया। गोरखपुर और देवरिया के सरकारी अस्पतालों में उनके संपर्कों की पहचान की जा रही है। इस मामले में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में आगे की जांच की जा रही है। ऊपर बताए गए सभी अस्पतालों में तैनात डॉक्टरों की भूमिका की भी बारीकी से जांच की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि विकलांगता प्रमाण पत्र जारी करने में उनकी कोई भूमिका थी या नहीं। इसके अलावा, उन छात्रों के बारे में भी जांच की जा रही है जिनके नाम पर बरामद विकलांगता प्रमाण पत्र जारी किए गए थे, जिसमें वे परिस्थितियां भी शामिल हैं जिनके तहत ऐसे प्रमाण पत्र प्राप्त किए गए और उनका इस्तेमाल किया गया।

चाचा ने भतीजे को चाकू घोंप उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



करावल नगर इलाके में विवाद के दौरान एक व्यक्ति ने अपने 35 वर्षीय भतीजे की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। इस दौरान मृतक के छोटे भाई को भी घायल किया गया। मृतक युवक की पहचान हिमांशु भारद्वाज उर्फ जीत शर्मा के रूप में हुई है। हत्या का मामला दर्ज कर आगे की जांच कर रही है। आशंका है कि संपत्ति विवाद में वारदात को अंजाम दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार हिमांशु अपने परिवार के साथ करावल नगर में रहता था। परिवार में उसके दो भाई और एक बहन हैं। उसकी करीब पांच साल की बेटी भी है। परिवार का आरोप है कि हिमांशु का बुधवार रात अपने चाचा से विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर चाचा ने चाकू निकालकर हिमांशु पर कई वार कर दिए। इस दौरान हिमांशु को बचाने के लिए उसका छोटा भाई आगे आया तो उस पर भी हमला कर दिया गया। वारदात की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने हिमांशु को मृत घोषित कर दिया। क्राइम और एफएसएल टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए।

राहुल गांधी, प्रियंका पर दिल्ली पुलिस ने दर्ज की दूसरी एफआईआर

नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे को लेकर कांग्रेस का विरोध मार्च लगातार जारी है। दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका के खिलाफ गुरुवार को एक और एफआईआर दर्ज की है। दोनों शीर्ष नेताओं के खिलाफ एक एफआईआर बुधवार को दर्ज की गई थी। पुलिस के अनुसार, यह नई कार्रवाई बुधवार को हुये विरोध प्रदर्शन और मार्च के दौरान एक हिंसक झड़प के बाद की गई है। आरोप है कि प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की और कथित तौर पर मारपीट की। इसके चलते पुलिस ने सरकारी काम में बाधा डालने और लोक सेवकों पर हमला करने से जुड़ी गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इससे ठीक पहले आकाशवाणी भवन के पास बिना अनुमति के प्रवेश करने और निषेधाज्ञा (धारा 163) का उल्लंघन करने के आरोप में दोनों नेताओं के खिलाफ पहली एफआईआर दर्ज की गई थी।

ट्रैफिक मैनेजमेंट और पब्लिक सेफ्टी को लेकर रामलीला कमेटियों के साथ पुलिस की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस द्वारा गुरुवार को सेंट्रल, ईस्टर्न और नॉर्दर्न रेंज की रामलीला कमेटियों के स्टेकहोल्डर्स के साथ एक कोऑर्डिनेशन मीटिंग की गई। मीटिंग में आने वाले रामलीला सेलिब्रेशन के दौरान ट्रैफिक मैनेजमेंट और पब्लिक सेफ्टी के इंतजामों पर चर्चा की गई। मीटिंग में कुल 73 ऑर्गनाइजर्स, कई डीसीपी, एसीपी और ट्रैफिक इंस्पेक्टरों ने भी हिस्सा लिया और वेन्यू के हिसाब से ट्रैफिक इंतजाम, पार्किंग, पैदल चलने वालों की आवाजाही और इमरजेंसी एक्सेस पर चर्चा की। इस मीटिंग की अध्यक्षता एडिशनल सीपी ट्रैफिक जोन-1 विजयंता गोयल आर्य ने की।

मीटिंग में सभी ट्रैफिक पुलिस कर्मचारियों, ऑर्गनाइजर्स, मार्शल्स और दूसरी संबंधित एजेंसियों के बीच कोऑर्डिनेटेड प्लानिंग और एक्टिव कोऑपरेशन के साथ पार्टिसिपेटरी अप्रोच पर जोर दिया गया। इस बात पर ज्यादा जोर दिया गया कि वेन्यू के अंदर और आस-पास ट्रैफिक को आसानी से चलाना और उसे रेगुलेट करना ट्रैफिक पुलिस वालों और ऑर्गनाइजर की मिली जुली जिम्मेदारी होगी, जिसमें ट्रैफिक पुलिस के गाइडेंस में मार्शल मदद करेंगे।

इसके अलावा अलग एंट्री और एग्जिट गेट, पैदल चलने वालों के लिए खास रास्ता, पार्किंग का इंतजाम और मार्शल की तैनाती, इमरजेंसी गाड़ियों के लिए बिना रुकावट वाला रास्ता व पंडालों की तैयारी और बनाने के दौरान सावधानियां बरतने जैसे प्वाइंट पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

पुलिसकर्मियों से मारपीट के वीडियो की हो रही जांच

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस जंतर-मंतर के पास कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान अपने पुलिसकर्मियों से कथित तौर पर मारपीट किए जाने से जुड़े कई वीडियो की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मोबाइल फोन पर बनाए गए इन वीडियो की जांच कर उन प्रदर्शनकारियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है, जो इन घटनाओं में शामिल थे। साथ ही घटनाक्रम का भी पता लगाया जा रहा है। दिल्ली पुलिस सरकारी कर्मचारियों पर हमला करने और उनके कर्तव्यों के निर्वाह में बाधा डालने समेत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर सकती है।

नाबालिग ने ऑडी से कई वाहनों को टक्कर मारी, पैदल यात्री की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के किशनगढ़ में 17 वर्षीय नाबालिग ने एक दोस्त के जन्मदिन के लिए किराए पर ली ऑडी कार से तीन वाहनों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक पैदल यात्री की मौत हो गई।

यह हादसा चार-पांच अक्टूबर की दरमियानी रात करीब 2:30 बजे किशनगढ़ रेड लाइट पर एक सीएनजी पंप के पास हुआ था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि किशोर ने एक ऑनलाइन एप के जरिए एक रात के लिए 16 हजार रुपये में कार किराए पर ली थी। इसके बाद लापरवाही से गाड़ी चला रहे नाबालिग ने अपनी कार से तीन वाहनों में टक्कर मार दी। किशनगढ़ निवासी 45 वर्षीय राहगीर उमाशंकर इस घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उन्हें ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जांच के दौरान पुलिस ने नाबालिग चालक को पकड़ लिया और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के समक्ष पेश। पुलिस ने ऑडी समेत सभी वाहनों को जब्त कर लिया है और इस बाबत किशनगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज की है। नाबालिग को कार किराये पर देने वाली कंपनी भी पुलिस की जांच के दायरे में है।

फायरिंग के बाद हवा में हथियार लहराती महिला पकड़ी, हत्या केस में भी रही है शामिल

नई दिल्ली। शास्त्री पार्क पुलिस ने अवैध हथियार रखने वाली महिला को पकड़ा है। इसके पास से सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल और दो कारतूस बरामद हुये। आरोपी महिला हत्या के केस में भगौड़ा घोषित हो चुकी थी। पुलिस ने महिला को तब पकड़ा जब उसने अवैध हथियार से गोली चलाई। इसके बाद उसने हवा में हथियार लहराया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को हेड कॉन्स्टेबल अरविंद और कॉन्स्टेबल तारा चंद अपने इलाके में गश्त कर रहे थे। दोपहर लगभग सवा दो बजे उन्हें बुलंद मस्जिद कब्रिस्तान की तरफ से गोली चलने की तेज आवाज सुनाई दी। पुलिस टीम तुरंत उस जगह पहुंची और देखा कि लगभग 35-36 साल की एक महिला हवा में पिस्तौल लहरा रही थी। पुलिसकर्मियों को देखते ही उसने पिस्तौल अपने कपड़ों के अंदर छिपा ली। उसे रोककर महिला पुलिस को बुलाया गया। आस पास तलाशी लेने पर कब्रिस्तान के गेट के पास एक चला हुआ कारतूस भी मिला। महिला पुलिसकर्मी ने उसकी तलाशी ली तो एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद हुए। महिला की पहचान 37 वर्षीय शाहीन उर्फ सोनू, निवासी बुलंद मस्जिद, शास्त्री पार्क के रूप में हुई। आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पता चला कि शाहीन पहले भी हत्या और हत्या के प्रयास से जुड़े दो मामलों में शामिल रही है। उसे हत्या के मामले में 'घोषित अपराधी' भी करार दिया जा चुका है।

पुलिस सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर हुई सख्त भ्रामक चित्रण वाली पोस्ट हटाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



हालिया प्रदर्शनों के दौरान दिल्ली पुलिस की कार्रवाई के भ्रामक चित्रण वाली पोस्ट को लेकर पुलिस सख्त होती नजर आ रही है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने एक सोशल मीडिया मंच से ऐसी 11 पोस्ट और वीडियो हटाने या उन तक पहुंच प्रतिबंधित करने को कहा है। पुलिस ने कहा कि यह सामग्री लोगों को उद्वेलित कर सकती है और कानून-व्यवस्था पर प्रतिकूल असर डाल सकती है।

आईएफएसओ के संयुक्त पुलिस आयुक्त ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत नोटिस जारी कर सोशल मीडिया मंच को निर्देश दिया कि सूचना मिलने के तीन घंटे के भीतर संबंधित यूआरएल को हटाया जाए या उन तक पहुंच प्रतिबंधित की जाए। यह कार्रवाई 24 वर्षीय युवक की गिरफ्तारी की पृष्ठभूमि में हुई है। युवक पर एआई से बनाया गया वीडियो प्रसारित करने का आरोप है, जिसमें गलत तरीके से एक पुलिस अधिकारी को कथित तौर पर एक महिला का यौन उत्पीड़न करते दिखाया गया था। पुलिस ने कहा कि वह इस बात की जांच कर रही है कि क्या इस फर्जी सामग्री का प्रसार दिल्ली पुलिस को बदनाम करने और प्रदर्शनों के दौरान असंतोष पैदा करने की किसी बड़ी साजिश का हिस्सा था। नोटिस के अनुसार इन 11 पोस्ट में ऐसे वीडियो थे जो उस प्रदर्शन से संबंधित थे। नोटिस में कहा गया कि जब प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर पुलिस का रास्ता रोकना या उसका विरोध करना जारी रखा, तो तैनात पुलिसकर्मियों ने हस्तक्षेप किया और अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए कुछ लोगों को रोका या हिरासत में लिया। इसमें कहा गया कि वीडियो में बाद की पुलिस कार्रवाई को दुर्व्यवहार या अनुचित बल प्रयोग के रूप में चुनिंदा तरीके से दिखाया गया है और कथित तौर पर उन पहले की घटनाओं को हटा दिया गया है, जिनमें रास्ता रोकना, विरोध करना और निर्देशों का पालन नहीं करना शामिल था तथा जिनके कारण पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। पुलिस ने कहा कि इस तरह का भ्रामक और अधूरा चित्रण पुलिसकर्मियों के आचरण को लेकर गलत धारणा पैदा कर सकता है, लोगों को उकसा सकता है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए की गई वैध कार्रवाई में जनता के विश्वास को कमजोर कर सकता है।

सीमापुरी इमारत हादसाः मलबे से दो और शव निकले, मृतकों की संख्या पांच हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शाहदरा जिले के सीमापुरी इलाके में बुधवार शाम ढही चार मंजिला इमारत के मलबे से दो और शव बरामद हुये हैं। इसके बाद मरने वालों की संख्या पांच हो गई। मरने वाली दोनों महिलाएं है और उनके नाम नुसरत उर्फ गुड़िया और हाजरा बीबी बताये गये हैं। पुलिस के अनुसार बुधवार रात बरामद शवों की पहचान 12 साल की लड़की, चार महीने की गर्भवती गुलफशा (21) और करीब डेढ़ साल के एक बच्चे के तौर पर हुई थी।

पुलिस ने बताया कि इमारत गिरने से घायल हुए आठ लोगों को इलाज के लिए ताहिरपुर के राजीव गांधी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दिल्ली पुलिस, दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), एमसीडी और दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) की टीम मलबा हटाने और खोज करने में लगी हुई हैं। पुलिस को जांच में पता चला कि इमारत में दरारें पहले ही आ चुकी थी। पुलिस और निगम की टीम ने इमारत का जायजा भी लिया था। इमारत के ढहने का सटीक कारण अब तक पता नहीं चल पाया है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त संजय **उर्फ डीजे पुत्रः जगदीश पताः मकान नं. 120, मलिकपुर गाँव, मुखर्जी नगर, दिल्ली** ने case **FIR No. 159/2019 U/s 354/325/341/34 IPC & 8 POCSO Act, थानाः मुखर्जी नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय उर्फ डीजे** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय उर्फ डीजे** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 159/2019 U/s 354/325/341/34 IPC & 8 POCSO Act, थानाः मुखर्जी नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **संजय उर्फ डीजे** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद / मुकदमा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 14.11.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री पूजा जैन
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश–05 (पोक्सो)
उत्तर, रूम नं. 302, तीसरी मंजिल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/11682/NW/2026 (Court Matter)

SAINIK FINANCE & INDUSTRIES LIMITED

Regd. Office- 129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi - 110035
Corporate Office: 7th Floor, Corporate Office Tower, Ambience Mall, N.H.48, Gurugram-122002
E-mail: info@sainik.org **Website:** www.sainikfinance.com
CIN: L26912DL1991PLC045449
Telephone No.-011-28315036/0124-2719000 **Fax No.**-011-28315044/ 0124-2719100

NOTICE FOR OPEN OF SPECIAL WINDOW FOR RE-LODGEMENT OF TRANSFER REQUEST OF PHYSICAL SHARES

Pursuant to SEBI Circular No. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 dated 2nd July, 2025, and SEBI/HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/ I/3750/2026 dated 30th January 2026, Shareholders are hereby informed that a Special Window has been opened only for relodgement of transfer deeds which were lodged prior to the deadline of 1st April, 2019 and rejected/returned/not attended, due to deficiency in the documents/process or other reasons. This relodgement window shall remain open for a period of one year i.e. from 5th February, 2026 till 4th February, 2027.

During this period, the shares/securities that are re-lodged for transfer including those requests that are pending with the Company shall be processed and issued only in dematerialized form, subject to verification and approval of all documents by the Company / Registrar & Share Transfer Agent i.e. Indus Shareshree Private Limited ('RTA').

For clarity with regard to applicability of this special window to transfer deed executed prior to 1st April, 2019, investors/shareholders may refer to the matrix provided below:

Lodged for transfer before April 01, 2019?	Original Security Certificate Available?	Whether eligible to lodge in the current window?
No - It is fresh lodgement	Yes	Yes
Yes - but it was rejected/ returned earlier	Yes	Yes
Yes	No	No
No	No	No

The lodger must have a demat account and provide its Client Master List ('CML'), along with the transfer documents and share certificate, while lodging the documents for transfer with RTA. Transfer requests submitted after 4th February, 2027 will not be accepted by the Company/RTA.

Shareholders are requested to send their share transfer requests along with the required documents at the following address:

Indus Shareshree Private Limited
G-65, Bali Nagar New Delhi-110015
Tel. No.: 91 -11-47671200/1214; Toll Free No.: 1800 3094001
Email Id: ippl@indusinvest.com

For Sainik Finance & Industries Limited
Sd/-
Piyush Garg
Company Secretary & Compliance Officer

Date: 08.10.2026

मुख्यमंत्री ने 'प्लांट मंडला रंगोली' का किया उद्घाटन

मंडला रंगोली कला, पर्यावरण संरक्षण और भारतीय संस्कृति का अद्वितीय संगम : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क के एम्फीथिएटर में 'प्लांट मंडला रंगोली' का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने प्लांट मंडला का अवलोकन किया और उपस्थित लोगों से संवाद भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडला रंगोली भारतीय कला और संस्कृति की सुंदर एवं समृद्ध परंपरा का प्रतीक है। इस परंपरा को इस बार जीवित पौधों के माध्यम से साकार किया गया है, जिससे कला और प्रकृति का सुंदर संगम देखने को मिलता है। मंडला का स्वरूप केंद्र से बाहर की ओर फैलते पैटर्न, संतुलन और सामंजस्य के माध्यम से जीवन की पूर्णता और आपसी जुड़ाव का प्रतीक माना जाता है। जीवित पौधों से इसे साकार करने से यह विचार और अधिक जीवंत एवं मूर्त रूप लेता है। इस विशेष कार्यक्रम में कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, विधायक अशोक गोयल सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मंडला में लगाया गया प्रत्येक पौधा केवल कलात्मक रचना का हिस्सा नहीं, बल्कि पौधे लगाने, उनकी रक्षा और पोषण करने तथा दिल्ली के वन एवं शहरी हरित क्षेत्रों को संरक्षित और विकसित करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। जिस प्रकार मंडला के प्रत्येक तत्व से मिलकर एक सुंदर रचना पूर्ण होती है, उसी प्रकार प्रत्येक पौधा और हरित क्षेत्र मिलकर स्वस्थ पर्यावरण और बेहतर जीवन-स्तर के निर्माण में योगदान देता है। उन्होंने कहा कि इस 'प्लांट मंडला रंगोली' के माध्यम से 'विकसित भारत 2047' और 'विकसित दिल्ली' के संकल्प को भी एक साथ अभिव्यक्त किया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों के सामने रखे गए 'हम करके रहेंगे' के संकल्प और विश्वास को आज इस अनूठी पौधों की रंगोली के माध्यम से दोहराया गया है। यह संदेश केवल आयोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि विकास और पर्यावरण संरक्षण को साथ लेकर आगे बढ़ने की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली केवल देश की राजधानी नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों का घर और भारत की विविधता एवं जीवंतता का प्रतीक है।

'प्लांट मंडला रंगोली' से दिल्ली को हरित और सुंदर बनाने का अनूठा प्रयासः मल्होत्रा

केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि 'प्लांट मंडला रंगोली' भारतीय कला, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का सुंदर संगम है। जीवित पौधों से तैयार यह अनूठी रचना दिल्ली को हरित और सुंदर बनाने के साथ-साथ प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का संदेश भी देती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप दिल्ली भी विकास और पर्यावरण संरक्षण को साथ लेकर आगे बढ़ रही है।

भाजपा महिला मोर्चा का कांग्रेस कार्यालय पर प्रदर्शन

'महिलाओं का अपमान करना बंद करें राहुल, नहीं तो होगा आंदोलन'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली भाजपा के महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा मंगलवार एवं बुधवार को महिला पुलिस कर्मियों से किए जा रहे दुर्व्यवहार के खिलाफ दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित कांग्रेस कार्यालय के पास रोष प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि दिल्ली भाजपा की महामंत्री योगिता सिंह के नेतृत्व एवं महिला मोर्चा प्रभारी आरती मेहरा, अध्यक्ष अर्चना गुप्ता, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष सारिका जैन एवं विधायक शिखा रॉय की उपस्थिति में आयोजित प्रदर्शन में दिल्ली भाजपा के महिला मोर्चा की कार्यकर्ता दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित आंध्रा भवन रेड लाइट पर एकत्र हुईं और वहां से नारे लगाती हुईं तय मार्ग तोड़ कर बाल भवन मार्ग होते हुए कांग्रेस मुख्यालय की ओर बढ़ीं।

हिन्दी भवन के पास पुलिस ने भारी मानव श्रृंखला बना कर प्रदर्शन मार्च कर रहीं महिलाओं को बलपूर्वक रोका तो वह वहीं धरने पर बैठ गईं, कुछ देर बाद पुलिस ने उन्हें चेतावनी दे कर छोड़ दिया। प्रदर्शन के दौरान दिल्ली भाजपा महामंत्री योगिता सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में असहमति अपनी जगह है, पर महिला पुलिस पर हाथ उठाना और उनका अपमान करना अस्वीकार्य है। वर्दी का सम्मान करना हर नागरिक का कर्तव्य है। यदि महिला विरोधी व्यवहार बंद नहीं हुआ तो भाजपा महिला मोर्चा और बड़े स्तर पर आंदोलन करेगा। वहीं महिला मोर्चा प्रभारी आरती मेहरा ने कहा कि जो व्यक्ति महिलाओं की सुरक्षा करने वाली वर्दी का सम्मान नहीं कर सकता, वो देश की महिलाओं का सम्मान क्या करेगा। कांग्रेस पार्टी को देश से माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी तुरंत माफी मांगें, अन्यथा दिल्ली की महिलाएं इसका जवाब सड़कों पर देंगी। वहीं महिल मोर्चा की अध्यक्ष अर्चना गुप्ता ने कहा कि राहुल गांधी का महिला पुलिस से दुर्व्यवहार शर्मनाक है। कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं का अपमान किया है। हम मांग करते हैं कि राहुल गांधी तुरंत सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। नारी शक्ति का अपमान अब बर्दाश्त नहीं होगा। सारिका जैन ने कहा कि राहुल गांधी का महिला पुलिस कर्मियों के साथ किया गया दुर्व्यवहार कांग्रेस की महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। वर्दी का अपमान देश का अपमान है। हम राहुल गांधी से तत्काल माफी की मांग करते हैं। भाजपा महिला मोर्चा नारी सम्मान और महिला पुलिस के स्वाभिमान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर है। वहीं विधायक शिखा राय ने कहा कि जो लोग कानून के रक्षकों का सम्मान नहीं कर सकते, वे महिलाओं का सम्मान क्या करेंगे। कांग्रेस को देश की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए। भाजपा महिला मोर्चा नारी सम्मान के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगा।

कांग्रेस ने काली पट्टी बांधकर राजघाट पर दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) के अध्यक्ष देवेंद्र यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को राजघाट पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और नेता विपक्ष राहुल गांधी के साथ दिल्ली पुलिस द्वारा जबरन दुराचार और अनैतिक कार्यवाही के खिलाफ धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज करने के लिए काली पट्टियां बांध रखी थीं। देवेंद्र यादव ने कहा कि हम राजघाट पर इसलिए आए हैं क्योंकि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र पर आज खतरा मंडरा रहा है। महात्मा गांधी मोदी सरकार को सदबुद्धि दें कि कि देश में लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा लेकर एसआईआर प्रक्रिया पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाई जाए। हमारे नेता श्री राहुल गांधी के शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव आयोग की तरफ मार्च करने पर पुलिस की बर्बरता पूर्ण कार्यवाही पूरी तरह से मोदी शाह के इशारे पर तानाशाही को दर्शाता है। श्रीमती प्रियंका गांधी सहित महिला प्रदर्शनकारियों के खिलाफ की गई शर्मनाक कार्यवाही किसी से छिपी नही है, क्या पुलिस द्वारा महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार सरकार देख नहीं रही है। यादव ने कहा कि राहुल के नेतृत्व में करोड़ों नागरिकों के मताधिकार की रक्षा करने के लिए हम रुकने वाले नहीं है। हमारी लड़ाई जारी रहेगी क्योंकि भाजपा देशवासियों के संवैधानिक वोट के अधिकार को छीन रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में करोड़ों देशवासियों के मतदान के अधिकार की रक्षा के लिए हमारे लिए अब करो या मरो की लड़ाई है। राजघाट पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ डीपीसीसी अध्यक्ष देवेंद्र यादव सहित दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन, सचिव प्रभारी दानिश अबरार, जे.पी. अग्रवाल और सुभाष चौपड़ा, अल्का लांबा, राजेन्द्र पाल गौतम कृष्णा तीरथ, रमेश कुमार और उदित राज, मंगतराम सिंघल और डॉ. योगानन्द शास्त्री, अनिल भारद्वाज, भीष्म शर्मा, सुरेन्द्र कुमार आदि नेताओं ने 'रघुपति राघव राजा राम, पति के पावन सीता राम' को गाया और देश में लोकतांत्रिक व्यस्था पर सीधा प्रहार करने वाले मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग की।

मोलड़बंद क्षेत्र का खिरवार ने किया निरीक्षण, समस्याओं का हो समाधान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

निगमायुक्त संजीव खिरवार ने गुरुवार को मोलड़बंद क्षेत्र का निरीक्षण किया व जनसमस्याओं के त्वरित एवं स्थायी समाधान के मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए। आयुक्त ने सबसे पहले मोलड़बंद गांव के निगम विद्यालय के क्षतिग्रस्त कमरों की मरम्मत का कार्य सोमवार तक पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। इस मौके पर आयुक्त के अलावा स्थानीय पार्षद हेमचंद गोयल, सेंट्रल जोन के उपायुक्त डॉ सचिन गुप्ता तथा कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। आयुक्त ने मोलड़बंद क्षेत्र के निरीक्षण के तहत क्षेत्र में सफाई व्यवस्था, जलभराव, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं, अतिक्रमण, कूड़ा प्रबंधन तथा अन्य नागरिक सुविधाओं का गहन जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान मोलड़बंद गांव स्थित एमसीडी प्राथमिक विद्यालय पर विशेष ध्यान देते हुए आयुक्त ने मरम्मत की आवश्यकता को देखते हुए सोमवार तक कार्य पूरा करने सख्त निर्देश दिए। इस दौरान यहां के छात्रों को अन्य स्कूल में अस्थायी रूप से सुरक्षित वैकल्पिक स्थान पर स्थानांतरित करने को कहा। आयुक्त ने मोलड़बंद एक्सटेंशन स्थित एमसीडी प्राथमिक विद्यालय के समीप पोटा केबिन परिसर में एमसीडी डिस्पेंसरी शुरू करने की संभावना पर भी बल दिया। निरीक्षण के दौरान ताजपुर पहाड़ी माइंस एवं मोलड़बंद क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर कूड़ा डाले जाने तथा आवारा पशुओं की समस्या का भी संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जलभराव पर आयुक्त ने कहा कि बार-बार पंपिंग करने के बजाय समस्या के मूल कारण की पहचान कर उसका स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिससे की लोगों को लगातार होने वाली समस्या से राहत मिल सके। निगमायुक्त ने शहीद बिजेंद्र सिंह चौक, मोलड़बंद गांव का निरीक्षण करते हुए चौक के सौंदर्यीकरण कार्य को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र में मौजूद अवैध रेहड़ियों एवं अतिक्रमण को नियमानुसार हटाने, चौक की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा इसके सौंदर्यीकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने शहीद बिजेंद्र सिंह की प्रतिमा के उचित रखरखाव एवं सम्मानजनक सौंदर्यीकरण के लिए भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

मोजाम्बिक के परिवहन और रसद मंत्री ने दिल्ली मेट्रो का किया दौरा

नई दिल्ली। मोजाम्बिक सरकार के परिवहन और रसद मंत्री जोआओ जॉर्ज मैटलोम्बे ने गुरूवार को दिल्ली मेट्रो का दौरा किया। मोजाम्बिक सरकार के प्रतिनिधिमंडल का दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन अकादमी में डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार और डीएमआईएल के सीईओ संजय जमुआर ने स्वागत किया। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल को डीएमआरसी द्वारा किए जा रहे विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पहलों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। विदेशी प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली मेट्रो नेटवर्क के विकास और उपलब्धियों के बारे में जानकारी हासिल करते हुए सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर दिल्ली मेट्रो संग्रहालय का भी दौरा किया। यात्रा के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने डीएमआरसी और डीएमआईएल पर वृत्तचित्र देखे और विस्तारित रियलिटी (एक्सआर) लैब, मेट्रो सिग्नलिंग मॉडल रूम, बोगी ब्रेक न्यूमेटिक सिम्युलेटर और आरएस -2 ड्राइविंग सिम्युलेटर सहित अकादमी की उन्नत प्रशिक्षण सुविधाओं का दौरा किया।

हेल्थ, यूथ और डिफेंस की त्रिशक्ति मिलकर टीबी-मुक्त भारत के संकल्प को करेगी साकार : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



हेल्थ, यूथ और डिफेंस की त्रिशक्ति मिलकर टीबी-मुक्त भारत के संकल्प को साकार करेगी। यह बात गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भारत मंडपम में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा द्वारा ज्वाइंट स्क्वाड फॉर हेल्थ (जोश) टीमों के शुभारंभ पर आयोजित कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने टीबी-मुक्त भारत के राष्ट्रीय मिशन में युवाओं की सक्रिय भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में देश में टीबी के उन्मूलन की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि टीबी जैसी बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए आज जोश टीमों का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि हेल्थ, यूथ और डिफेंस एक साथ मिलकर इस राष्ट्रीय मिशन को जनभागीदारी का व्यापक स्वरूप दे रही है। जोश के माध्यम से युवा वॉलंटियर्स, एनसीसी कैडेट्स, जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर जनता के बीच जाएंगे और टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ इसके उन्मूलन के प्रयासों को मजबूत करेंगे। युवाओं की ऊर्जा, उत्साह और संकल्प को इस मिशन से जोड़कर टीबी के खिलाफ लड़ाई को जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जब युवा शक्ति और जनभागीदारी एक साथ आगे बढ़ेंगी तो देश से टीबी की जड़ों को पूरी तरह समाप्त करने के लक्ष्य को मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'टीबी हारेगा, देश जीतेगा' के संकल्प के साथ जोश टीमें देशभर में काम करेंगी और स्वस्थ भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएंगी।

छात्रों के पीजी आवासों की मैपिंग के लिए लांच होगा पोर्टल : सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



छात्रों के रहने के स्थान और उनके आवास से संबंधित जानकारी जुटाने के लिए एक वेब पोर्टल विकसित किया जा रहा है। वहीं वहीं मास्टर प्लान एवं डीएमसी एक्ट के प्रावधानों के अध्ययन के लिए डीडीए, एमसीडी, दिल्ली सरकार और दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति के प्रतिनिधित्व वाली एक उप-समिति गठित की गई है।

इस बात की जानकारी गुरुवार को दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने छात्र आवास एवं सुरक्षा पर उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) की दूसरी बैठक करने के बाद दी। सूद ने बताया कि शुरुआती चरण में पोर्टल को सरल रखा जाएगा, जिसमें कमरों की संख्या, उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं और अन्य आवश्यक जानकारी दर्ज की जाएगी। दिल्ली विश्वविद्यालय और एमसीडी अगले 2–4 दिनों में पोर्टल का प्रारंभिक परीक्षण करेंगे। इसके बाद छात्रों के पंजीकरण के लिए सरकार द्वारा व्यापक अभियान चलाया जाएगा। वहीं सूद ने बताया कि गठित उप समिति समिति मास्टर प्लान और डीएमसी एक्ट में आवश्यक प्रावधानों/संभावित छूट का अध्ययन करेगी। इसमें प्रमुख शैक्षणिक केंद्रों के 5–6 किलोमीटर के दायरे तथा ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी और आरडब्ल्यूए क्षेत्रों में कानूनी एवं सुरक्षित पीजी संचालन की संभावनाओं पर भी विचार किया जाएगा। सूद ने बताया कि एमसीडी और डीडीए की संयुक्त टीमें अगले तीन दिनों में चिन्हित 100 मामलों का निरीक्षण करेंगी। इन निरीक्षणों में सुरक्षा मानकों और कानूनी अनुपालन की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। भविष्य की नियामक व्यवस्था में पीजी आवासों के प्रवेश, निकास और कॉमन एरिया में सीसीटीवी की अनिवार्यता का प्रस्ताव रखा गया है। सीसीटीवी रिकॉर्डिंग का 40–45 दिनों का बैकअप रखने का सुझाव दिया गया है।

दो दिन बंद रहेगी शराब की सभी दुकानें

नई दिल्ली। आबकारी विभाग ने गुरुवार शाम राजधानी में दो दिन यानी 9 और 10 अक्तूबर को शराब की दुकानें बंद रखने का आदेश जारी किया है। आबकारी विभाग के अनुसार दो दिन दिल्ली में एल6, एल6एफजी, एल8, एल10, एल8 और एल14 लाइसेंस वाली सारी रिटेल दुकानें बंद रहेंगी। इसका मतलब ये हुआ कि दो दिनों तक दिल्ली की सभी सरकारी और प्राइवेट शराब की दुकानें बंद रहेंगी। डिप्टी कमिश्नर आबकारी तनवीर अहमद द्वारा जारी किये गये इस ऑर्डर में शराब की दुकानें बंद रहने के पीछे दिल्ली पुलिस से मिला इनपुट कारण बताया गया है। गौरतलब है कि राजधानी में गत कई दिनों से सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को लेकर धरने प्रदर्शन जारी है। सीजेपी ने 10 अक्टूबर को बड़ा प्रदर्शन करने की बात कहीं है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुये दिल्ली पुलिस द्वारा एहतियातन यह सिफारिश आबकारी विभाग से की गई।

सीएम ने डीयू के नॉर्थ कैंपस का किया दौरा

छात्राओं की सुरक्षा के लिए रात को भी सरकार तैयार : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



छात्राओं की सुरक्षा के लिए दिल्ली सरकार आधी रात को भी तैयार है। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार रात दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस के औचक निरीक्षण के दौरान कही। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बुधवार देर शाम अचानक दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस पहुंचीं। यहां उन्होंने आर्ट्स फैकल्टी के बाहर छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी सुरक्षा, परिवहन, हॉस्टल और कॉलेज से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने छात्राओं से बेहद आत्मीय अंदाज में बातचीत करते हुए पूछा कि रात में आने-जाने में कोई परेशानी या असुरक्षा तो महसूस नहीं होती और कॉलेज से जुड़ी कोई समस्या हो तो वह भी उन्हें बताएं। उन्होंने छात्राओं को भरोसा दिलाया कि उनकी हर उचित समस्या के समाधान के लिए सरकार आवश्यक कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री के इस निरीक्षण में छात्र सुरक्षा से जुड़े कई अहम मुद्दे सामने आए, जिन पर उन्होंने अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कैंपस में घूमते हुए स्वयं कई डार्क स्पॉट देखे और अधिकारियों से मौके पर ही उनकी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सड़क पर पर्याप्त रोशनी होने के बावजूद कैंपस के अंदर कई स्थानों पर अंधेरा दिखाई दे रहा है, जबकि यहां छात्राओं और विद्यार्थियों की लगातार आवाजाही रहती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसे सभी स्थानों को चिन्हित कर वहां पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पेड़ों की अनावश्यक शाखाओं की छंटाई कराने और जहां जरूरत हो, वहां अतिरिक्त लाइट लगाने के निर्देश भी दिए गए ताकि पेड़ों की वजह से रोशनी बाधित न हो। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर टूटे और असमान फुटपाथ देखकर नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि फुटपाथ ऐसी स्थिति में नहीं होने चाहिए कि विद्यार्थियों को चलने में परेशानी हो।

उन्होंने विशेष रूप से दिव्यांग विद्यार्थियों की सुविधा का ध्यान रखने को कहा और निर्देश दिया कि पूरे मार्ग की जांच कर जहां भी फुटपाथ क्षतिग्रस्त या असमान हैं, उन्हें तत्काल ठीक किया जाए। मुख्यमंत्री ने कैंपस में सीसीटीवी कैमरों की स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि कितने कैमरे लगे हैं, उनमें से कितने काम कर रहे हैं और किन क्षेत्रों में अतिरिक्त कैमरों की जरूरत है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जहां सीसीटीवी की आवश्यकता है, वहां जल्द कैमरे लगाए जाएं और पहले से लगे कैमरों की कार्यशीलता की भी जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि कैंपस का कोई भी संवेदनशील क्षेत्र निगरानी से बाहर नहीं रहना चाहिए।

पुलिस सुरक्षा और सफाई व्यवस्था पर जोर

मुख्यमंत्री ने छात्राओं से कैंपस में पीसीआर की मौजूदगी और रात के समय महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती के बारे में भी पूछा। छात्राओं ने बताया कि रात में महिला पुलिसकर्मी मौजूद रहती हैं और आवश्यकता पड़ने पर पीसीआर भी तुरंत पहुंचती है। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए पुलिस तथा विश्वविद्यालय प्रशासन को आपसी समन्वय से काम करने पर जोर दिया। कैंपस में जगह-जगह गंदगी और खराब ग्रीन बेल्ट देखकर भी मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से सवाल किया और तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ऐसा स्थान है जहां हर दिन हजारों विद्यार्थी आते-जाते हैं। इसलिए यहां साफ-सफाई, रोशनी, सुरक्षित रास्ते और बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं सुनिश्चित करना जरूरी है।

पीजी और हॉस्टल सुविधाओं पर भी चर्चा

हॉस्टल और पीजी से जुड़ी समस्याओं पर भी मुख्यमंत्री ने छात्राओं से विस्तार से बातचीत की। छात्राओं द्वारा पीजी की स्थिति और सुविधाओं से जुड़ी परेशानी बताए जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार जल्द पीजी पॉलिसी लेकर आ रही है, जिससे पीजी व्यवस्था में आवश्यक नियम और मानक तय किए जा सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए नए हॉस्टलों के निर्माण और बेहतर हॉस्टल सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में भी सरकार काम कर रही है, ताकि विद्यार्थियों को रहने के लिए सुरक्षित और बेहतर विकल्प मिल सकें।

21 संपत्तियों पर चला पीला पंजा, चार पर लगाई सील



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) का पीला पंजा लगातार अवैध निर्माण पर चल रहा है। गुरुवार को निगम के भवन विभाग ने प्रवर्तन अभियान के तहत विभिन्न 21 संपत्तियों पर की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को अंजाम दिया। वहीं अनधिकृत निर्माण और भवन नियमों के उल्लंघन पर निगम ने 4 संपत्तियों पर सील लगाई और अन्य 4 संपत्तियों को ध्वस्तीकरण के आदेश जारी किए। एमसीडी का कहना है कि विशेष प्रवर्तन कार्रवाई के तहत सभी 12 जोन में क्षेत्राधिकार में लगातार निगरानी रखते हुए चिन्हित उल्लंघनों के खिलाफ निर्धारित नियमों और प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की गई है। इनमें रघुबीर नगर, संत नगर, गुड़मंडी राजपुरा, कल्याण विहार सहित दिल्ली के विभिन्न क्षेत्र में की गई तोड़फोड़ की प्रमुख ध्वस्तीकरण कार्रवाइयां शामिल है।

एमसीडी ने दोहराया कि निगम के क्षेत्राधिकार में किसी भी प्रकार के अनधिकृत निर्माण और भवन निर्माण संबंधी नियमों के उल्लंघन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

खबर संक्षेप

हाइसेंस की नई मिनीएलईडी सीरीज का अनावरण

गुरुग्राम। सेक्टर-62 स्थित वर्धमान इलेक्ट्रॉनिक्स में हाइसेंस इंडिया की नई मिनीएलईडी



टेलीविजन सीरीज का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में हाइसेंस इंडिया के सीईओ पंकज राणा, टीवी होस्ट एवं अभिनेत्री शेफाली बग्गा और वर्धमान इलेक्ट्रॉनिक्स के निदेशक मनोज जैन मौजूद रहे। हाइसेंस के अधिकारियों के अनुसार, नई टीवी सीरीज को प्रीमियम बड़े स्क्रीन वाले मनोरंजन अनुभव को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

शिवलिंग को ग्राइंडर से खंडित करने का प्रयास

गाजियाबाद। गाजियाबाद के एक प्राचीन मंदिर में ग्राइंडर से शिव लिंग को खंडित करने का प्रयास किया गया।।जिसके बाद हड़कम्प मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस



मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला।। रात्रि लगभग 1:30 बजे के आसपास थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पर डायल 112 पर यह सूचना प्राप्त हुई कि एक प्राचीन शिव मंदिर, थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक में है, वहां पर शिवलिंग को खंडित कर दिया गया है। इस सूचना पर तुरंत संज्ञान लेते हुए थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक की पुलिस टीम वहां पर पहुंची।

चुनाव आयोग द्वारा पूर्व में लिए गए निर्णय रद्द किए जाएः जितेन्द्र बघेल

फरीदाबाद। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने, एफआईआर दर्ज करने व



एसआईआर को रद्द करने की मांग को लेकर आज कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के नेताओं ने संयुक्त तौर पर ओल्ड फरीदाबाद स्थित चांदी वाली धर्मशाला से लेकर पथवारी मंदिर तक पैदल मार्च कर रोष प्रदर्शन किया और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व हरियाणा मामलों के सहप्रभारी जितेन्द्र बघेल, हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष पर्ल चौधरी मौजूद रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने की।

शहरों की योजना का अभिन्न हिस्सा बनाने पर जोर दिया

एनसीआर में साफ हवा की पहल, वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए दीर्घकालिक रणनीति पर मंथन

गुरुग्राम ▶▶ धर्मेंद्र कौशिक

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए अब प्रदूषण बढ़ने के बाद कार्रवाई करने के बजाय उसे पहले से रोकने की दिशा में काम करने पर जोर दिया जा रहा है। अर्बन अड्डा 2026 के दूसरे दिन वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग सीएक्यूएम ने पूरी दिल्ली को कवर करने वाले 'क्लीन एयर जोन' की अवधारणा सामने रखी। सीएक्यूएम के सदस्य सचिव तरुण कुमार पिथोड़े, आईएएस ने कहा कि पूर्वानुमेय नीतियों, कड़े प्रवर्तन और क्षेत्रीय समन्वय के जरिए शहरव्यापी लो एमिशन जोन एलईजेड स्थापित करना निकट भविष्य में वास्तविक लक्ष्य हो सकता है।

इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित 'फ्रॉम टेलपाइप्स टू ट्रीलाइंसः रीइमेजिनिंग अर्बन एयर थ्रू क्लीन एयर जोन' सत्र में विशेषज्ञों ने दिल्ली की वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए दीर्घकालिक रणनीति पर मंथन किया। इस दौरान 'स्कूल क्लीन एयर जोन' पर रिपोर्ट भी जारी की गई। इसमें बच्चों को वाहन उत्सर्जन से बचाने के लिए स्कूलों के आसपास जीरो-एमिशन क्षेत्र, स्थानीय स्तर पर स्थानिक बदलाव और सालभर प्रभावी प्रवर्तन की जरूरत बताई गई।

प्रदूषण बढ़ने के बाद कार्रवाई करने के बजाय उसे पहले से रोकने की दिशा में काम करने पर जोर दिया



शहरों की योजना का अभिन्न हिस्सा बनाने पर जोर दिया

अर्बन अड्डा 2026 के दूसरे दिन गुरुजल की सह-संस्थापक एवं सीईओ शुभी केसवानी के संचालन में 'वाटर सिक्योरिटी के लिए सर्कुलैरिटी' सत्र हुआ। इसमें जल संकट और शहरी बाढ़ को एक ही समस्या के दो पहलू बताते हुए 'ट्रीट, रीयूज और रिचार्ज' मॉडल अपनाने पर जोर दिया गया। गुरुजल ऑल आइवी+ नेटवर्क की ओर से 'डेटा सेंटर्स एंड वाटरः पीपल, पॉलिसी एंड प्लानिंग' गोलमेज बैठक में जल उपलब्धता और डेटा सेंटरों के बढ़ते जल उपयोग पर चर्चा हुई। बुनियादी ढांचे पर हुए सत्र में अंतर-एजेंसी समन्वय मजबूत करने और पेरी-अर्बन क्षेत्रों के बेहतर प्रबंधन के लिए एकीकृत महानगरीय प्राधिकरणों की जरूरत बताई गई। राहगिरी फाउंडेशन ने 'वॉकेबिलिटी इन इंडियन सिटीज' प्रकाशन जारी किया। 'फ्रॉम इंफ्रास्ट्रक्चर टू इंक्लूजन' सत्र में अर्चिता साहू वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, यूएन वुमेन प्रतिनिधियों और शहरी योजनाकारों ने महिलाओं की सुरक्षित आवाजाही को शहरों की योजना का अभिन्न हिस्सा बनाने पर जोर दिया।

विधायक सतीश फागना ने कहा- एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में करीब 650 करोड़ रुपए के विकास कार्य कराए गए

देश के विकास और राष्ट्रहित के लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिएः कृष्णपाल गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि जब तक समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति मजबूत, सशक्त और आत्मनिर्भर नहीं होगा, तब तक विकसित भारत का लक्ष्य पूर्ण नहीं हो सकता।

डबुआ कॉलोनी में दो साल बेमिसाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर का क्षेत्रवासियों द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए कहा कि देश के विकास और राष्ट्रहित के लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सेवा, सुशासन और विकास की भावना के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। हम देश के लिए जिएंगे और देश के लिए मरेंगे, की भावना के साथ प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार गरीबों, किसानों, मजदूरों, युवाओं तथा समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि जब तक समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति मजबूत, सशक्त और आत्मनिर्भर नहीं होगा, तब तक विकसित भारत का लक्ष्य पूर्ण नहीं हो सकता। इसी उद्देश्य से सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए
हम देश के लिए जिएंगे देश के



11 हजार केवी की बिजली लाइनों को भूमिगत किया जाएगा

उन्होंने ने कहा कि क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए करीब 2800 करोड़ रुपये की लागत से 11 हजार केवी की बिजली लाइनों को भूमिगत किया जाएगा। इससे बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार होगा तथा नागरिकों को बेहतर और निर्बाध बिजली सुविधा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के साथ-साथ शहर के सौंदर्यीकरण और नागरिक सुविधाओं के विस्तार पर भी विशेष ध्यान दे रही है। सीवरेज, पेयजल, जल निकासी, सड़क पार्क, बिजली सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों की ओर से केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर को चांदी का मुकुट भेंट कर सम्मानित किया गया। गुर्जर ने सम्मान को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हुए कहा कि इस चांदी के मुकुट को व्यक्तिगत रूप से अपने पास रखने के बजाय गरीब परिवार की बेटी के कन्यादान में उपयोग किया जाएगा।

बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के विकास कार्य निरंतर जारी

उन्होंने कहा कि समाज द्वारा दिया गया स्नेह और सम्मान जनसेवा के लिए नई ऊर्जा एवं प्रेरणा प्रदान करता है तथा किसी जरूरतमंद परिवार की सहायता में इसका उपयोग करना ही इस सम्मान का सर्वोत्तम उपयोग होगा। एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में करीब 650 करोड़ रुपये के विकास कार्य कराए गएः विधायक सतीश फागना कार्यक्रम में एनआईटी विधायक सतीश फागना ने केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर का स्वागत करते हुए कहा कि एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को लगातार गति दी जा रही है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अब तक करीब 650 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए जा चुके हैं तथा आमजन को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विकास कार्य निरंतर जारी हैं।

उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना

विधायक सतीश फागना ने कहा कि एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में सीवरेज व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए बागड़ मशीनों के माध्यम से सीवर लाइनों की सफाई का कार्य लगातार किया जा रहा है। इसके अलावा क्षेत्र में बरातघर, ओपन पार्क, जिम, पार्कों में झूले, सामुदायिक भवन, पेयजल व्यवस्था, जल निकासी सहित अनेक विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य प्रत्येक क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। सरकार के प्रयासों से एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिली है और आने वाले समय में भी क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा महामंत्री कविंद्र चौधरी, समस्त पार्षदगण, मंडल अध्यक्ष, भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

आईसीसीटी के 11 महीने के पायलट अध्ययन में खुलासा

ई-ट्रैक्टर से डीजल खर्च में 84 प्रतिशत तक कमी, पराली प्रबंधन भी होगा तेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

खेतों में डीजल ट्रैक्टरों का विकल्प किसानों की लागत घटाने के साथ वायु प्रदूषण कम करने में भी अहम भूमिका निभा सकता है। इंटरनेशनल काउंसिल ऑन क्लीन ट्रांसपोर्टेशन (आईसीसीटी) इंडिया के 11 महीने के मैदानी अध्ययन में सामने आया है कि इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर प्रमुख कृषि कार्यों में डीजल ट्रैक्टरों के बराबर या उनसे बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं, जबकि प्रति एकड़ ऊर्जा लागत में 64 से 84 प्रतिशत तक कमी दर्ज की गई। रोटावेटिंग जैसे अधिक शक्ति वाले कार्यों में 78 प्रतिशत तक ऊर्जा बचत मिली।

'अर्बन अड्डा 2026' में जारी अध्ययन को जयेश रंजन, आईएएस, विशेष मुख्य सचिव, उद्योग एवं वाणिज्य, सूचना प्रौद्योगिकी तथा शहरी एवं महानगरीय विकास और डॉ. देबोलिना कुंडू, निदेशक, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स ने जारी किया। अध्ययन के तहत गुरुग्राम, पलवल, यमुनानगर और पानीपत में चार निर्माताओं के पांच ई-ट्रैक्टर मॉडलों का परीक्षण हुआ। इसमें जुताई, बुवाई, पराली प्रबंधन और परिवहन कार्य शामिल रहे। अध्ययन में पराली प्रबंधन को लेकर महत्वपूर्ण नतीजे सामने आए।

लागत में 60 और 98 प्रतिशत से अधिक बचत हुई

स्ट्रॉ बेलर चलाने वाले ई-ट्रैक्टर ने डीजल ट्रैक्टर की तुलना में प्रति घंटे 17 प्रतिशत अधिक बेल्स बनाए, जबकि ऊर्जा लागत 64 प्रतिशत कम रही। एनसीआर में धान की कटाई के दौरान इससे पराली प्रबंधन और वायु प्रदूषण नियंत्रण में मदद मिल सकती है। परिवहन में लंबी दूरी पर ऊर्जा खपत 30 से 53 प्रतिशत और छोटी दूरी पर 95 प्रतिशत से अधिक कम हुई। लागत में क्रमशः करीब 60 और 98 प्रतिशत से अधिक की बचत दर्ज हुई। आईसीसीटी इंडिया के प्रबंध निदेशक अमित भट्ट ने कहा कि सड़क वाहनों के बाद ट्रैक्टर विद्युतीकरण का अगला स्वाभाविक चरण हैं। अध्ययन के लेखक अरविंद हरिकुमार ने कहा कि ई-ट्रैक्टर लागत, प्रदूषण, शोर और कंपन कम कर सकते हैं। हालांकि भारी काम में बैटरी क्षमता चुनौती बनी हुई है। जबकि डीजल ट्रैक्टर 10 से 12 घंटे तक चल सकते हैं। आईसीसीटी ने सब्सिडी विस्तार, बैटरी-स्वैपिंग और फास्ट चार्जिंग ढांचे की सिफारिश की है।

नगर आयुक्त ने परखी शहर की व्यवस्था

त्योहारों पर जाम मुक्त मार्गो की योजना बनाने के लिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से शहर के प्रमुख मार्गो, चौराहों को देखा । विशेष रूप से 50 स्थानो को देखा गया जिसमें सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, तथा निर्माण के कार्यों की व्यवस्था को देखा गया, मौके पर उपस्थित मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी तथा ट्रैफिक टीम को त्योहारों के चलते जाम की स्थिति पैदा ना हो निर्देश दिए गए।

नगर आयुक्त ने बताया कि नगर निगम मुख्यालय में स्थित इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर में पहुंचकर वहां चल रहे इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से शहर के प्रमुख स्थानों पर चल रहे निगम के कार्यों को देखा गया जिसमें सेंट्रल वर्ज की मरम्मत का कार्य, लाइटों की मरम्मत का कार्य, अनावश्यक बड़ी हुई पेड़ों की टहनियों की कटिंग का कार्य, रोड स्वीपिंग मशीन से हो रहे कार्य, एंटी स्मोक गण के माध्यम से चल रहे कार्यों को देखा गया। त्योहारों पर गाजियाबाद नगर निगम द्वारा विशेष रूप से शहर में प्रमुख स्थानों पर कार्य कराए जा रहे हैं जिसकी मॉनिटरिंग विभागीय अधिकारी स्थलीय निरीक्षण करते हुए कर रहे हैं आई टी एम एस के माध्यम से भी कार्यों का जायजा लिया गया, ट्रैफिक व्यवस्था को बनाए रखने के साथ-साथ, जाम लगने वाले प्रमुख चौराहों पर भी विशेष कार्य करने की निर्देश टीम को दिए गए जिसमें चौधरी मोड़, राज नगर एक्सटेंशन कट पर आवश्यकता को देखती हुए यू टर्न बनाने के निर्देश निर्माण विभाग को दिए गए ।

गुरुग्राम और एनसीआर के लोगों के लिए फैमिली गेटवे बना अबू धाबी

गुरुग्राम। दीवाली की छुट्टियों में परिवार के साथ विदेश घूमने की योजना बना रहे गुरुग्राम और एनसीआर के लोगों के लिए अबू धाबी इस बार खास फैमिली गेटवे बन सकता है। भारत के कई प्रमुख शहरों से करीब तीन से चार घंटे की फ्लाइट में पहुंचने वाला यूएई का यह शहर हर उम्र के पर्यटकों के लिए समुद्र तट, म्यूजियम, थीम पार्क, डेजर्ट सफारी और फेस्टिव शॉपिंग जैसे विकल्प उपलब्ध करा रहा है। परिवार शेख जायद ग्रांड मॉस्क, लूवर अबू धाबी, यस आईलैंड के थीम पार्क और टीमलैब फेनोमेना का आनंद ले सकते हैं। वहीं सादियत आईलैंड के बीच पर आराम करने के साथ खरीदारी और रेगिस्तानी सफारी का भी लुत्फ उठाया जा सकता है। फेस्टिव सीजन में ट्रैवल कंपनियों और होटलों ने विशेष पैकेज पेश किए हैं। छह रात के कुछ पैकेज करीब 83 हजार रुपये प्रति व्यक्ति से शुरू बताए गए हैं। इनमें होटल स्टे, नाश्ता और एयरपोर्ट ट्रांसफर के साथ प्रमुख पर्यटन स्थलों की यात्रा शामिल है।

उद्देश्य यात्रियों को उनकी दैनिक यात्राओं के दौरान अलग-

एनसीआरटीसी ने आईजीएनसीए के साथ समझौते पर किए हस्ताक्षर, नमो भारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नमो भारत की यात्रा के दौरान बहुत जल्द यात्रियों को भारतीय इतिहास और संस्कृति की झलक मिल सकती है।

नमो भारत स्टेशनों के माध्यम से कला, संस्कृति और विरासत से लोगों को जोड़ने के लिए एनसीआरटीसी ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इसके अंतर्गत, नमो भारत स्टेशन प्रदर्शनियों, साहित्यिक कार्यक्रमों, वर्कशॉप और सांस्कृतिक आयोजनों द्वारा लोगों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का अनुभव कराने और उनसे जुड़ने के अवसर प्रदान करेंगे। दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर दो ऐसे शहरों को आपस में जोड़ता है जिनकी समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत है।



राहुल गांधी व विपक्ष के नेताओं पर पुलिस करवाई के विरोध में कांग्रेस ने मनाया काला दिवस।

राजधानी सदियों से देश की राजनीतिक और सांस्कृतिक यात्रा का केंद्र रही है

जहाँ राजधानी दिल्ली सदियों से देश की राजनीतिक और सांस्कृतिक यात्रा का केंद्र रही है, वहीं मेरठ और उसके आस-पास के क्षेत्र न केवल महाभारतकालीन धरोहर समेटे हुए हैं, बल्कि देश के स्वतंत्रता संग्राम के लिए क्रांति का पहला बिगुल इसी शहर में फूँका गया था। इस समृद्ध ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में एनसीआरटीसी और आईजीएनसीए के बीच यह भागीदारी विशेष महत्व रखती है।

बोले- प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का स्वर्णिम और युगांतकारी अध्याय

अमित शाह ने गुरुग्राम से शुरू की विकसित भारत संकल्प ज्योति यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ गुरुग्राम

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को साइबर सिटी गुरुग्राम से 'विकसित भारत संकल्प ज्योति यात्रा' का शुभारंभ करते हुए युवाओं को विकसित भारत के निर्माण का संकल्प सौंपा। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में अमित शाह ने यात्रा की मशाल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सौंपी। मुख्यमंत्री ने मशाल युवाओं को सौंपते हुए राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। इसके बाद सिग्नेचर टावर के पास यात्रा की मशाल स्थापित की गई। इस दौरान हजारों युवा और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर उनके संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का स्वर्णिम और युगांतकारी अध्याय हैं। उन्होंने कहा कि एक गरीब परिवार में जन्मे व्यक्ति ने अपनी क्षमता और प्रतिभा के बल पर करोड़ों लोगों को साथ लेकर 25 वर्षों तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में देश का नेतृत्व किया। प्रधानमंत्री के सार्वजनिक जीवन के ये 25 वर्ष इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित किए जाएंगे।

नायब सिंह सैनी ने युवाओं को सौंपी मशाल, विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी का किया आह्वान, ये 25 वर्ष इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित किए

समारोह में यात्रा की मशाल अमित शाह ने सीएम सैनी को सौंपी



विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने की अपील की

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश और प्रदेश का विकास तभी सार्थक होगा, जब प्रत्येक व्यक्ति तक बेहतर सुविधाएं पहुंचें और लोगों का जीवन सुखी, समृद्ध एवं समस्यामुक्त बने। उन्होंने युवाओं से विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने की अपील की। मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम के प्रमुख मार्गों से पैदल यात्रा करते हुए सिग्नेचर टावर के पास मशाल स्थापित की। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता मंत्री गौरव गौतम, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, भाजपा संसदीय बोर्ड की सदस्य डॉ. सुधा यादव, सोहना विधायक तेजपाल तंवर, पटौदी विधायक बिमला चौधरी और गुरुग्राम विधायक मुकेश शर्मा मौजूद रहे। लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ए.के. सिंह, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के आयुक्त एवं सचिव के. मकरंद पांडुरंग, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली, गुरुग्राम की मेयर राजरानी मल्होत्रा, मानेसर की मेयर डॉ. इंद्रजीत यादव, गुरुग्राम के सीनियर डिप्टी मेयर धर्मबीर भांगरोला, डिप्टी मेयर सीनियर डिप्टी मेयर प्रवीण यादव, गुरुग्राम जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी और गुरुग्राम महानगर जिला अध्यक्ष अजीत यादव आदि।

संस्थान के 12वें स्थापना दिवस समारोह

बी-स्कूलों का सामाजिक प्रभाव बढ़ाना जरूरीः प्रो. महादेव जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

देश के बिजनेस स्कूलों को केवल प्लेसमेंट और रोजगार के आंकड़ों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि समाज और देश के विकास में भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

यह बात आईआईएम संबलपुर के निदेशक प्रो. महादेव जायसवाल ने संस्थान के 12वें स्थापना दिवस समारोह में कही। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलती कारोबारी दुनिया में युवाओं को अनिश्चित परिस्थितियों में निर्णय लेने और बदलाव के अनुरूप खुद को ढालने के लिए तैयार रहना होगा।

आईआईएम संबलपुर ने 'बी-स्कूलों का सामाजिक प्रभाव' थीम के साथ अपना 12वां स्थापना दिवस मनाया।

वार्षिक बिजनेस कॉन्क्लेव 'मर्मज्ञ 11.0' की भी शुरुआत हुई। कॉन्क्लेव में आपस में जुड़ी दुनिया में कारोबार में हो रहे बदलाव और चुनौतियों पर चर्चा की गई।

खबर संक्षेप

झारखंड डीजीपी को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

रांची। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड की डीजीपी तदाशा मिश्रा को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस उनकी नियुक्ति को अवैध बताने वाली याचिकाओं पर जारी हुआ है। कोर्ट ने कहा कि डीजीपी का पक्ष सुने बिना हटाने का फैसला नहीं लिया जा सकता। मामले में झारखंड सरकार को पहले ही नोटिस जारी किया जा चुका है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि मामले की सुनवाई 3 नवंबर को होगी।



बिहार में छूटे नाम वोटर लिस्ट से जुड़ेंगे

पटना। वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण पर देश भर में जारी हंगामे के बीच चुनाव आयोग ने अहम फैसला लिया है। बिहार में वोटर लिस्ट से छूटे नामों को जोड़ा जाएगा। इसके लिए निर्वाचन आयोग राज्य में एक महीने का विशेष अभियान चलाने जा रहा है। नए व युवा मतदाताओं का नाम भी फॉर्म 6 के जरिए मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने सूचना दी।



दिशा की बैठक में ढुलू व अरूप चटर्जी में बहस

धनबाद। जिले में सीपीआईएम (एल विधायक और भाजपा सांसद में बहस हो गई। सांसद ढुलू महतो और निरसा विधायक अरूप चटर्जी के बीच चला आ रहा विवाद दिशा की बैठक में भी देखने को मिला। सांसद ट्रॉमा सेंटर न बनने के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहरा रहे थे, वहीं निरसा विधायक ने केंद्र सरकार पर ठीकरा फोड़ा। दोनों एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे थे।



जेलों में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर दिया जोर

योगी सरकार ने 17 हजार करोड़ से बदली उत्तर प्रदेश की जेलों की सूरत,जेल विभाग के बजट में 215% की बढ़ोत्तरी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ योगी सरकार ने राज्य की जेल प्रणाली को आधुनिक, सुरक्षित और मानवीय मानकों के अनुरूप बनाने की दिशा में एक बड़ा रिकॉर्ड कायम किया है। पिछले साढ़े नौ वर्षों के दौरान प्रदेश सरकार ने जेल सुधारों, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और तकनीक के उपयोग पर 17,000 करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च कर कारागारों का कायाकल्प कर दिया है। कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाओं के महानिदेशक पीसी मीना के अनुसार, जेलों की सुरक्षा, कैपेसिटी विस्तार और प्रशासनिक सुधारों को प्राथमिकता देते हुए विभाग के सालाना बजट में 215 प्रतिशत की भारी वृद्धि दर्ज की गई है।

> योगी सरकार ने पिछले साढ़े नौ वर्षों में प्रदेश की जेल व्यवस्था को आधुनिक और बेहतर सुविधाओं से लैस करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं. इसके लिए 17 हजार करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च की गई है...



बंदी क्षमता बढ़ाने की दिशा में भी किया जा रहा काम

प्रदेश में वर्ष 2017 के बाद से जेलों के विकास और रख-रखाव पर विशेष फोकस किया गया है। जेल विभाग के लिए कुल 913.07 करोड़ का बजट आवंटित किया गया था। वित्तीय वर्ष 2026-27 में यह आवंटन बढ़कर 2,877.58 करोड़ हो गया है। योगी सरकार के पहले कार्यकाल (2017-22) में जेल विभाग को कुल 5,494.41 करोड़ मिले थे, जबकि दूसरे कार्यकाल (2022-27) में यह राशि बढ़कर 11,913.53 करोड़ पहुंच चुकी है। डीजी ने बताया कि योगी सरकार की ओर से प्रदेश में नई जेलों के निर्माण के साथ ही बंदी क्षमता बढ़ाने की दिशा में भी काम किया जा रहा है। अमेठी में 176.12 करोड़, महोबा में 203.42 करोड़, हाथरस में 184.94 करोड़, कुशीनगर में 228.31 करोड़, जौनपुर में 179.79 करोड़, और हापुड़ में 190.08 करोड़ की लागत से जिला कारागार का निर्माण किया जा रहा है। नई जेलों के निर्माण के साथ ही प्रस्तावित कारागारों के लिए भूमि की खरीद की प्रक्रिया भी आगे बढ़ाई जा रही है। संभल में प्रस्तावित जेल के लिए शासन की ओर से 24.56 करोड़, शामली में 96.20 करोड़, बलिया में 24.12 करोड़, सहारनपुर में 50.87 करोड़, अमरोहा में 32.28 करोड़ और चंदौली में 34.27 करोड़ रुपये भूमि के लिए स्वीकृत किए गये हैं।

तकनीक और सुरक्षा से लैस हुआ कारागार प्रशासन

जेलों के भौतिक ढांचे में सुधार के अलावा, सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटलीजेंस -बेस्ड सीसीटीवी निगरानी, बॉडी-बॉर्न कैमरे, अत्याधुनिक मेटल डिटेक्टर्स और हाई-टेक जैमर्स का इस्तेमाल बढ़ाया गया है। इन प्रयासों से उत्तर प्रदेश की जेलें अब केवल निरूद्ध करने का स्थान न रहकर वास्तविक 'सुधार गृह' के रूप में विकसित हो रही हैं।

लोक भवन में मुख्यमंत्री योगी ने चयनित 470 खिलाड़ियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

एनडीए का मतलब नौकरी देंगे अलायंस 2017 से पहले था प्रदेश डुबाओ अलायंस

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को नौकरियों के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी को घेरा। उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश डुबाओ अलायंस था, अब एनडीए यानी नौकरी देंगे अलायंस की सरकार है। पहले नियुक्तियों पर एक परिवार का कब्जा था। नौकरी के लिए दो ही रास्ते थे, सैफई या सिफारिश। अब किसी की सिफारिश नहीं, केवल प्रतिभा और परिश्रम चलता है। उन्होंने कहा कि पहले यूपी की पहचान मर्डर से होती थी, अब खिलाड़ियों के मेडल से हो रही है।

मुख्यमंत्री योगी लोक भवन में पुलिस के कुशल खिलाड़ी कोटे से चयनित 470 खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद संबोधित कर रहे थे। इनमें नागरिक पुलिस के 43 उपनिरीक्षक, 295 आरक्षी और पीएसी के 132 आरक्षी शामिल हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से पूछा कि क्या भर्ती में किसी ने पैसे मांगे या सिफारिश करानी पड़ी। कहा कि यह नियुक्ति न सरकार की कृपा है, न उनकी अनुकंपा। यह खिलाड़ियों के पसीने और परिश्रम का परिणाम है।

> योगी आदित्यनाथ ने खिलाड़ियों से पूछा कि क्या भर्ती में किसी ने पैसे मांगे या सिफारिश करानी पड़ी। कहा कि यह नियुक्ति न सरकार की कृपा है, न उनकी अनुकंपा। यह खिलाड़ियों के पसीने और परिश्रम का परिणाम है...

सपा की नियुक्तियों पर मगरमच्छ वाली टिप्पणी



सीएम ने कहा कि 2017 से पहले सपा ने प्रदेश में 10 लाख गुंडे पाले थे। वे बेटियों की सुरक्षा के लिए खतरा थे, दंगे कराते थे। गरीबों की जमीनों पर कब्जा करते थे। उनकी सरकार ने 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। कहा कि सपा युवाओं की नियुक्ति की बात करती है तो ऐसा लगता है, जैसे पानी में बैठा मगरमच्छ शांति का उपदेश दे रहा हो। पहले खनन, भर्ती और रिवर फ्रंट घोटालों की चर्चा होती थी। अब प्रदेश देश की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है।

हर खिलाड़ी को एक गांव से जोड़ने का सुझाव

मुख्यमंत्री योगी ने पुलिस महानिदेशक को सुझाव दिया कि पुलिस में भर्ती कुशल खिलाड़ियों को एक-एक गांव गोद दिया जाए। वे सप्ताह में कम से कम एक दिन वहां खेल गतिविधियां संचालित करें। मिशन शक्ति के तहत महिला बीट पुलिस अधिकारियों के गांव जाने की व्यवस्था की तरह खिलाड़ियों को भी गांवों से जोड़ा जाए। उन्होंने खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास जारी रखने और वर्दी में भी अनुशासन, टीमवर्क तथा न्याय के प्रति प्रतिबद्ध रहने की सीख दी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 से पहले खिलाड़ियों की सीधी भर्ती का नियम नहीं था। अब ओलंपिक, एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों के सात पदक विजेताओं को डिप्टी एसपी बनाया जा चुका है। इनमें हॉकी खिलाड़ी ललित उपाध्याय और राजकुमार पाल शामिल हैं। खिलाड़ियों को 200 करोड़ रुपये से अधिक प्रोत्साहन राशि दी गई है। करीब एक हजार खिलाड़ियों को पहले नियुक्ति मिल चुकी है और 555 अन्य की चयन प्रक्रिया चल रही है।

प्रमोशन रोकने वाले को ही टाल देंगे

मुख्यमंत्री योगी ने खिलाड़ियों से कहा कि नियुक्ति अंतिम मंजिल नहीं, नए जीवन की शुरुआत है। नियमित अभ्यास और बेहतर प्रदर्शन से पदोन्नति के अवसर मिलेंगे। प्रमोशन कोई टाल नहीं सकता और जो टालेगा, उसे ही टाल देंगे। उन्होंने कहा कि पुरस्कार मंच से प्रशंसा करने पर नहीं मिलेगा। इसके लिए पसीना बहाना होगा।

शराब व सपा से सावधान रहने की सलाह

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि युवाओं को दो चीजों से सावधान रहना चाहिए। पहली शराब और दूसरी सपा। दोनों ने प्रदेश को बर्बाद किया है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी नशे के खिलाफ अभियान के सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडर बन सकते हैं।

अयोध्या में अखिलेश यादव ने लिया संतों का आशीर्वाद

योगी को दी चुनौती-अयोध्या से चुनाव लड़कर दिखाएं मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

पूर्व मुख्यमंत्री और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव गुरुवार को अयोध्या दौरे पर पहुंचे। जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर कृष्णापुर गांव में सपा नेता पवन पांडेय की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में उन्होंने हिस्सा लिया। अखिलेश यादव ने व्यास मंच का आशीर्वाद लिया और धार्मिक मंच से सामाजिक संदेश के साथ सियासी मुद्दों पर भी अपनी बात रखी। अखिलेश ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सभी को समानता और प्रेमभाव के साथ रहने की सीख देती है। समाज में किसी के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण को एक बताते हुए श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता का उदाहरण दिया और इसे पीडीए की अवधारणा से जोड़ा।



अयोध्या से पवन पांडेय को बनाया प्रत्याशी

अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी को अयोध्या विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की चुनौती दी। कहा कि सपा ने अयोध्या से पवन पांडेय को प्रत्याशी बनाया है और मुख्यमंत्री योगी अयोध्या से चुनाव लड़ें।अखिलेश ने सपा सरकार बनने पर अयोध्या को वैश्विक स्तर पर विकसित करने की बात कही। उन्होंने अयोध्या को केवल पर्यटन स्थल नहीं बल्कि तीर्थ स्थल बताया। महिलाओं को हर वर्ष 40 हजार रुपए देने की घोषणा भी की।

डिप्टी सीएम बृजेश पाठक का हमला

सपा और उनके मुखिया अखिलेश को सनातन संस्कृति से कोई लेना-देना नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव को लेकर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने तीखा हमला बोला है। अयोध्या में राम मंदिर दर्शन को लेकर ब्रजेश पाठक ने कहा कि सपा को सनातन संस्कृति से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा केवल तुष्टीकरण और वोट की राजनीति करती है।

पेज एक का शेष

टैक्स अधिकारियों की...

का फैसला किया। यह कमेटी इस बात की जांच करेगी कि उस असली खरीदार को कैसे बचाया जाए जिसके पास सही इनवॉइस है, जिसे सामान मिल गया है और जिसने अपने सप्लायर को पूरा पेमेंट कर दिया है। यह बैठक केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में भारत मंडपम में हुई। पहले यह बैठक 7 अक्टूबर को होनी थी, लेकिन कुछ कारणों से इसे बदलकर 8 अक्टूबर कर दिया गया था। यूपीआई पेमेंट्स पर एमडीआर के तहत लगने वाले चार्जेस पर जीएसटी परिषद की मीटिंग में कोई बातचीत नहीं हुई है। इस सवाल पर वित्तमंत्री ने कहा इस पर चर्चा नहीं हुई, अगली पीढ़ी के टैक्स कंप्लायंस को आसान बनाने पर जोर दिया।

कमेटी तीन महीने के भीतर अपनी स्टडी पूरी कर लेगी: मंत्रालय ने कहा कि अधिकारियों की कमेटी तीन महीने के भीतर अपनी स्टडी पूरी कर लेगी और अगली काउंसिल मीटिंग में एजेंडा पेश किया जाएगा। जीएसटी काउंसिल ने जीएसटी अधिकारियों की गिरफ्तारी की शक्तियां वापस ले लीं। मुकदमा चलाने की सीमा 1 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपए कर दी गई है। कम से कम सजा का प्रावधान हटा दिया गया है। काउंसिल के फैसले के अनुसार हर मामले में सजा (चाहे जुर्माना हो, जेल हो या दोनों) अदालत के विवेक पर छोड़ दी गई है। मंत्रालय ने कहा कि सामान्य जुर्माना, जो उन मामलों में लागू होता है जहां कोई खास जुर्माना तय नहीं है, 25,000 से घटाकर 10,000 रुपए कर दिया गया है। काउंसिल ने जीएसटी रिफंड दावों को स्वीकार करने की समय सीमा 15 दिन से घटाकर 10 दिन करने को मंजूरी दे दी।

सुधारों को वित्तमंत्री ने नेक्स्ट जेनरेशन सुधार प्रक्रिया बताया: वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी काउंसिल मीटिंग में लिए गए फैसलों को अगली पीढ़ी के जीएसटी प्रक्रिया सुधार के रूप में देखा जा रहा है। इसमें डाक्यूमेंट्स और कंप्लायंस को आसान बनाने पर जोर दिया गया है। जीएसटी दस्तावेजी की आवश्यकताओं में निश्चितता, गलतियों को कम करने के लिए सिस्टम आधारित मार्गदर्शन और हैंड होल्डिंग पर जोर दिया गया है। इसके साथ ही ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से सप्लाई करने वाले छोटे टैक्सपेयर्स के लिए सरल रजिस्ट्रेशन स्ट्रक्चर बनाए जाने पर जोर दिया गया है। टैक्सपेयर्स द्वारा रजिस्ट्रेशन डिस्क्रिप्शन में खुद से सुधार करने की योजना पर जोर दिया गया है।

कैंसर दवाओं...

जीवनरक्षक दवाएं मरीजों के लिए अधिक किफायती हो सकें। सरकार ने अनुमान लगाया है कि इस फैसले से मरीजों को हर साल करीब 2,500 करोड़ रु. की बचत हो सकती है। गौर हो कि सरकार ने बताया कि यह फैसला 2019 में किए गए हस्तक्षेप की अगली कड़ी है। उस समय 526 ब्रांड की कैंसर दवाओं को लेकर किए गए कदम से सालाना करीब 984 करोड़ रुपए की बचत होने की बात सामने आई थी।

राहुल गांधी और ...

को यहां बसाने के प्रयास के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी हमेशा लड़ेगी। युवा संवाद को संबोधित करते हुए नवीन ने कहा कि आज की पीढ़ी परिवर्तन है, जिसे परिवार, समाज और सरकार चलाने वाले जनप्रतिनिधियों को भी समझना होगा। आज की नई पीढ़ी अपनी बात रखना चाहती है और हमें उन्हें सुनने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आजादी के करीब 80 साल बाद भी हम विकसित भारत का सपना देख रहे हैं, क्योंकि पहले देश ने एक साथ सामूहिक स्वप्न नहीं देखा। 1880 के दशक में अमेरिका ने 'ग्रेट अमेरिकन ड्रीम' देखा और चीन ने भी संकल्प लिया, जिसके नतीजे आज हमारे सामने हैं। हमारे यहां केवल पांच साल की पंचवर्षीय योजनाओं की आदत थी, लेकिन यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने नीति आयोग का गठन किया, जो अगले 50 साल की सोचता है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के मंत्र से 2047 तक हम जरूर विकसित भारत बनेंगे। आज आईटी का हब हर राज्य और जिले तक पहुंचना चाहिए। यूपी में नोएडा, लखनऊ और काशी भी हैं। नवीन ने कहा कि 2014 से पहले स्टार्टअप शब्द का प्रयोग बहुत कम होता था। आज भारत में ढाई लाख से अधिक सफल स्टार्टअप्स काम कर रहे हैं, जो जॉब क्रिएटर्स बन गए हैं। सरकार ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्टार्टअप्स को सपोर्ट और फंडिंग दे रही है। आने वाले समय में भारत का युवा जॉब मांगने वाला नहीं, जॉब देने वाला बनेगा। आज बनारस को टेक्निकल हब बनाने की दिशा में भी काम हो रहा है। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय एआई समिट हुआ है और भारत जल्द ही एआई का सबसे बड़ा हब बनने जा रहा है। जिस देश को अपने इतिहास पर गर्व नहीं होता, उसका भविष्य भी सुनहरा नहीं होता। यूपी में पर्यटन बढ़ा है, क्योंकि माहौल सुधरा है। एक समय यहां माफिया की चर्चा होती थी, आज एक्सप्रेसवे की बात होती है।

खरगेः गांधीजी से...

ने महात्मा गांधी की समाधि पर जाकर प्रार्थना की कि सरकार को सद्बुद्धि मिले और नागरिकों का वोट देने का अधिकार न छीना जाए। देर शाम सांसद राजघाट से रवाना हो गए। भाजपा ने पलटवार किया कि राहुल गांधी ने देश भर में अराजकता का माहौल फैला दिया है। राजघाट पर उनको सदबुद्धि मिलनी चाहिए। इससे पहले राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी, अमित शाह, ज्ञानेश कुमार और मोहन भागवत ने एक आपराधिक साजिश के जरिए देश को हाईजैक कर लिया है। संविधान को खत्म कर दिया है और वोट चुरा लिए हैं। हम विपक्ष के लोग देश को भरोसा दिलाते हैं कि उन सभी पर कार्रवाई की जाएगी, उन्हें सजा मिलेगी। यह हमारी गारंटी है, आप देखेंगे कि इन 4 लोगों को सजा मिलेगी।

तीन दिन से विरोध, हर दिन बदला प्रदर्शन का ठिकाना: विपक्ष का यह प्रदर्शन 6 अक्टूबर से जारी है। पहले दिन विपक्षी सांसदों ने संसद से चुनाव आयोग तक मार्च निकालने की कोशिश की थी। पुलिस ने उन्हें रोक दिया, जिसके बाद सांसदों ने आकाशवाणी भवन परिसर में करीब आठ घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया। 7 अक्टूबर को खड़गे के लंच के बाद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत विपक्षी सांसदों ने जंतर-मंतर और शांगरी-ला होटल के पास प्रदर्शन किया। गुरुवार को विपक्ष ने रणनीति बदलते हुए राजघाट का रुख किया।

छात्र आंदोलनों पर मुरली मनोहर जोशी की दो टूक: डंडे चलाना समाधान नहीं, छात्रों की जायज मांगें सुनें, वे हमारे बच्चे भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी ने छात्र आंदोलनों से निपटने के तरीके पर कहा कि जायज मांगों को सहानुभूति से सुना जाना चाहिए। उन्होंने प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग और डंडे चलाने को उचित नहीं बताया। अगर कोई समस्या है तो छात्रों की बात सुनी जानी चाहिए, क्योंकि वे हमारे बच्चे हैं। जोशी नई दिल्ली में आयोजित 21वें एफआईसीसीआई उच्च शिक्षा सम्मेलन में बोल रहे थे।

राष्ट्रपति से मिलने इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने मांगा समय : मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एसआईआर समेत चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों को लेकर इंडिया गठबंधन के सांसद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने की तैयारी में हैं। गठबंधन की ओर से राष्ट्रपति भवन से मुलाकात का समय मांगा गया है, लेकिन गुरुवार शाम तक उन्हें मिलने का समय नहीं मिला था। सूत्रों के मुताबिक, विपक्षी सांसद शुक्रवार तक राष्ट्रपति भवन के जवाब का इंतजार करेंगे। अगर मुलाकात का समय नहीं मिलता है तो आगे की रणनीति पर फैसला लिया जा सकता है। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को बताया कि इंडिया गठबंधन की ओर से राष्ट्रपति से मिलने के लिए दो बार अनुरोध किया जा चुका है।

भाजपा प्रवक्ता बोले- ...

विश्वास करता है। भंडारी ने कहा कि अगर महात्मा गांधी आज जीवित होते तो कांग्रेस और राहुल गांधी को लोकतंत्र के प्रति सद्बुद्धि देते। भाजपा नेता ने सवाल किया कि जब यह मामला सुप्रीम कोर्ट में है तो राहुल गांधी सड़क पर प्रदर्शन क्यों कर रहे हैं।

नाना कहते थे...

बताया कि नाना पाटेकर को सुबह करीब 5:20 बजे मृत घोषित किया गया। जिस वक्त उनकी तबीयत बिगड़ी, घर पर परिवार का कोई सदस्य मौजूद नहीं था। उनके साथ दोस्त और केयरटेकर थे। अब शव का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। नाना पाटेकर की तबीयत अचानक बिगड़ी। उन्होंने पहले दोस्त से संपर्क करने की कोशिश की। दोस्त जब करीब 4 बजे घर पहुंचे, तब नाना पाटेकर की हालत तेजी से बिगड़ रही थी। उन्हें पसीना आ रहा था और वह धीरे-धीरे बेहोशी की हालत में जा रहे थे। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाने की कोशिश शुरू हुई। डॉक्टरों ने करीब 45 मिनट से एक घंटे तक उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। नाना कहते थे कि मौत के बाद जिंदगी रुकती नहीं है। इंसान के जाने के बाद लोग धीरे-धीरे अपनी जिंदगी में आगे बढ़ जाते हैं। उनका मानना था कि इंसान को हमेशा के लिए रहने की सोचकर चीजें इकट्ठा करने के बजाए जिंदगी को समझना चाहिए। उनके लिए मौत भी जिंदगी की तरह ही एक सच्चाई थी, जिससे भागने के बजाए उसे स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा था कि अगर गीली लकड़ी जलाई गई तो उससे धुआं निकलेगा और वहां मौजूद लोगों की आंखों में पानी आ जाएगा। ऐसे में उन्हें गलतफहमी हो सकती है कि लोग उनके लिए रो रहे हैं। कम से कम मरते वक्त ऐसी गलतफहमी नहीं होनी चाहिए। मैंने अपनी 12 मन लकड़ियां रखी हुई हैं। वो सूखी हैं। उसी में मुझे जलाना। गीली लकड़ी मत इस्तेमाल करना। 'परिंदा', 'क्रांतिवीर', 'प्रहार', 'खामोशी', 'तिरंगा', 'अब तक छप्पन' जैसी फिल्मों में उन्होंने अलग-अलग तरह के किरदार निभाए। फिर 'वेलकम' जैसी फिल्म में उन्होंने ऐसा हास्य किया कि नई पीढ़ी भी उनकी प्रशंसक हो गई। रात लगभग 9 बजे से 10 बजे के बीच पुणे के बाहरी इलाके में स्थित डोंजे गांव में उनके फार्महाउस परिसर में राजकीय सम्मान के साथ किया गया।

नाना ने की थी किसानों व बाढ़ पीड़ितों की मददः नाना पाटेकर की शानदार एक्टिंग के पीछे एक ऐसा नागरिक भी था जो सामाजिक रूप से जागरूक था। वह महाराष्ट्र के मराठवाड़ा इलाके में आत्महत्या करने वाले किसानों के परिवारों की मदद करने के लिए प्रतिबद्ध थे। अभिनेता ने आत्महत्या करने वाले लगभग 500 किसानों की पत्नियों को 'आरोग्य कार्ड' देने का विचार रखा था, ताकि वे छत्रपति शंभाजी नगर के महात्मा गांधी अस्पताल में मुफ्त इलाज करा सकें। उन्होंने बिहार में कोसी के बाढ़ पीड़ितों की मदद को लिए'अनुभूति' नामकी संस्था बनाई थी

कारगिल युद्ध के ...

तत्कालीन रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडिस को फोन किया। नाना पाटेकर ने अपनी फिल्म 'प्रहार' की शूटिंग के दौरान 6 महीने तक आर्मी के साथ रहकर ट्रेनिंग की थी। नाना पाटेकर उस दौरान कारगिल युद्ध में शोपियां, बारामुला, कुपवाड़ा और द्रास जैसे सेक्टर में भी कई दिनों तक रहे थे।

संगठन विस्तारको प्राथमिकता

रालोद कार्यकर्ता बैठक में संगठन को मजबूत करने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ



राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मुख्यालय में गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह की अध्यक्षता में कार्यकर्ता बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश संगठन की गतिविधियों, कार्यकर्ताओं की सक्रियता, सदस्यता अभियान और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए त्रिलोक त्यागी ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर पूर्वांचल तक राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं में उत्साह और ऊर्जा दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रियता से यह स्पष्ट होता है कि पार्टी संगठन को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत करने की दिशा में लगातार काम कर रही है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की गतिविधियों को बूथ स्तर तक पहुंचाने और स्थानीय स्तर पर जनता से निरंतर संवाद बनाए रखने का आह्वान किया। बैठक में सदस्यता अभियान को गति देने तथा अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने पर भी जोर दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह ने कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका को संगठन की मजबूती का आधार बताते हुए आगामी कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर बल दिया। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन विस्तार को लेकर अपने सुझाव भी रखे।

मुख्य आरोपी मुंबई से गिरफ्तार

यूपी में महाकुंभ की डॉक्यूमेंट्री के नाम पर 7 करोड़ से अधिक का गबन

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

महाकुंभ-2025 पर डॉक्यूमेंट्री बनाने के नाम पर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में ईओडब्ल्यू ने मुख्य आरोपी इंद्रजीत नट्टोजी को मुंबई से गिरफ्तार किया है। आरोपी को छह अक्तूबर को मुंबई के अंधेरी वेस्ट स्थित वरसोवा थाना क्षेत्र से पकड़ा गया।

वह घटना के बाद से फरार चल रहा था। ईओडब्ल्यू के मुताबिक वादिनी पुनीत सिक्का, निदेशक मैसर्स आईक्यू ने डॉक्यूमेंट्री निर्माण के लिए दो जनवरी 2025 को मैसर्स आईएनके पिक्चर्स और एमकोड वेंचर्स एलएलपी के साथ अनुबंध किया था। परियोजना के लिए जीएसटी समेत 5.60 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया गया था। आरोप है कि आरोपियों ने कूटरचित बिल, फर्जी अनुबंध और भ्रामक दस्तावेजों के जरिये रकम का दुरुपयोग किया और



डॉक्यूमेंट्री भी तैयार नहीं की। जांच में परियोजना में कर्मचारियों के भोजन व कैटरिंग के नाम पर करीब 75 लाख रुपए के फर्जी हस्तलिखित बिल लगाकर भुगतान लेने की बात सामने आई। काम पूरा न करने की धमकी देकर करीब 20 लाख रुपए की जबरन वसूली और शूटिंग व स्टूडियो किराए के नाम पर अतिरिक्त रकम मांगने के आरोप भी हैं।


ईओडब्ल्यू के मुताबिक छह आरोपियों पर आपराधिक षड्यंत्र, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, जबरन वसूली, धमकी व 50 टीबी से अधिक फुटेज चोरी कर 7 करोड़ रुपए से अधिक के गबन का आरोप है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

महागठबंधन का मार्च खत्म

तेजस्वी लोकभवन गए, कांग्रेस नेता राजेश राम हिरासत में

एजेंसी ▶▶ पटना

राजधानी पटना में महागठबंधन के नेताओं के राजभवन मार्च के दौरान जमकर हंगामा और बवाल हुआ है। यह भी जानकारी सामने आई कि पुलिस ने राष्ट्रीय जनता दल के नेता और इस मार्च का नेतृत्व कर रहे तेजस्वी यादव को हिरासत में लिया है। हालांकि, बाद में पुलिस ने तेजस्वी यादव या किसी भी कार्यकर्ता को हिरासत में लेने की बात से इनकार किया। बिहार में एसआईआर और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्षी पार्टियों ने जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन का ऐलान किया था। पटना में राजभवन मार्च का ऐलान किया गया था। तेजस्वी यादव के नेतृत्व में पटना में महागठबंधन के नेता प्रदर्शन करने उतरे। शहीद स्मारक चौक के पास महागठबंधन के नेता जुटे थे।



मार्च के दौरान विपक्षी नेताओं के साथ पुलिस की धक्कामुक्की हुई है। विपक्षी पार्टियों के कार्यकर्ता पुलिस की बैरिकेडिंग पर चढ़ गए थे। पुलिस ने कई बार उन्हें रोकने की कोशिश भी की थी।तेजस्वी यादव बैरिकेडिंग लांघ कर आगे बढ़ गए। इसके बाद पुलिस ने उन्हें छोड़ कर अन्य कार्यकर्ताओं को रोकने में जुट गई।

विपक्षी नेताओं ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

इंडिया गठबंधन ने राज्यपाल को 6 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा है। इसमें मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने, उन पर कार्रवाई करने, आईटी प्रमुख सीमा खन्ना को हटाने के अलावा एसआईआर में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए बिहार में दुबारा चुनाव कराने की मांग की गई है। अन्य मांगों में चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से संबंधित 2023 के आदेश को रद्द करने , बैलेट पेपर से चुनाव की मांग शामिल है। राज्यपाल से इन मांगों को राष्ट्रपति के संज्ञान में लाने का आग्रह किया है। भागलपुर में भी विपक्षी दल के कार्यकर्ताओं-नेताओं ने प्रदर्शन किया है। कचहरी चौक समेत कई इलाकों में विपक्षी दलों के कार्यकर्ता सड़क पर उतरे, ज्ञानेश कुमार की बर्खास्तगी की मांग की।

विशेष : विश्व डाक दिवस, 9 अक्टूबर

रोचक जानकारी / शिखर चंद जैन

दुनिया के कुछ अलग हटके पोस्ट ऑफिस

बच्चो, डाक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए देश में ही नहीं, विदेशों में भी डाक घरों यानी पोस्ट ऑफिस की ऐसी व्यवस्था की गई है, जो सबको आश्चर्यचकित करती है। कहीं डाकघर झील में तैरता है, तो कहीं समुद्र के नीचे स्थित है। कोई डाकघर बर्फीले पहाड़ों पर है, तो कहीं खच्चर पहुंचाते हैं चिट्ठियां। डाक घरों से जुड़ी ऐसी ही कुछ हैरान करने वाली जानकारी।



दुनिया का एकमात्र तैरता हुआ डाकघर श्रीनगर, भारत

भारत में दुनिया का इकलौता तैरता हुआ डाकघर है। यह डाकघर जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में खूबसूरत डल झील में एक विशाल हाउस बोट पर स्थित है। इसका उद्घाटन अगस्त 2011 में हुआ था। यह न केवल स्थानीय लोगों को डाक सेवाएं प्रदान करता है, यहां आने वाले पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण केंद्र भी है। इस डाकघर की मुहर भी खास है, जिस पर डल झील में शिकारा (नाव) चलाने वाले नाविक का चित्र बना होता है। *

दुनिया का सबसे ऊंचा डाकघर हिक्किम, भारत



हिमाचल प्रदेश के लाहुल-स्पीति जिले में स्थित हिक्किम डाकघर समुद्र तल से 14,567 फीट (लगभग 4,440 मीटर) की ऊंचाई पर स्थित दुनिया का सबसे ऊंचा डाकघर है। अत्यधिक ऊंचाई और भारी बर्फबारी के बावजूद, यह डाकघर साल के अधिकांश समय चालू रहता है। यहां से दुनिया भर के पर्यटक अपने प्रियजनों को पोस्टकार्ड भेजते हैं, जिस पर गर्व से लिखा होता है 'दुनिया के सबसे ऊंचे डाकघर से सादर।' *



दुनिया का एक मात्र अंडरवाटर पोस्ट ऑफिस वानुअतु

प्रशांत महासागर में स्थित एक छोटा-सा द्वीप देश है वानुअतु। यहां दुनिया का एक मात्र अंडरवाटर पोस्ट ऑफिस है। यह डाकघर समुद्र के अंदर लगभग 3 मीटर (10 फीट) की गहराई में स्थित है। यहां जाने के लिए पर्यटकों को स्कूबा डाइविंग या स्नॉर्कलिंग गियर पहनना पड़ता है। यहां विशेष रूप से बनाए गए वॉटरप्रूफ (जलरोधी) पोस्टकार्ड बेचे जाते हैं, जिन्हें पर्यटक पानी के अंदर जाकर पोस्ट बॉक्स में डालते हैं। डाक विभाग का गोताखोर रोजाना आकर इन पत्रों को इकट्ठा करता है। *

दुनिया का सबसे उत्तरी डाकघर स्वालबार्ड, नॉर्वे

उत्तरी ध्रुव के बेहद करीब स्थित देश नॉर्वे के स्वालबार्ड द्वीप समूह के न्ये-ऑलेसुंड में आधिकारिक तौर पर दुनिया का सबसे उत्तरी दिशा में डाकघर स्थित है। यह क्षेत्र अत्यधिक ठंडा है। यहां ध्रुवीय भालुओं का आतंक रहता है। यहां काम करने वाले डाक कर्मियों को न केवल डाक संभालनी होती है, बल्कि सुरक्षा के लिए राइफल चलाने की ट्रेनिंग भी लेनी पड़ती है। यहां से वैज्ञानिक और शोधकर्ता अपने देशों को पत्र भेजते हैं। *



अपनी तरह की बिल्कुल अनोखी खच्चर डाक सेवा



तकनीकी रूप से बेहद उन्नत देश अमेरिका में आज भी एक ऐसा इलाका है, जहां डाक पहुंचाने के लिए खच्चरों का सहारा लिया जाता है। एरिजोना के ग्रैंड कैनियन की गहराइयों में बसे सुपाइ गांव में 'हवासुपाई' जनजाति रहती है। यहां तक पहुंचने के लिए कोई सड़क नहीं है। इसलिए, अमेरिकी डाक सेवा आज भी हर हफ्ते खच्चरों के कारवां के जरिए यहां के लोगों तक पत्र, दवाइयां और जरूरी सामान पहुंचाती है। *

दुनिया का सबसे बड़ा डाक नेटवर्क भारतीय डाक सेवा



बच्चो, हमारे देश के डाक विभाग यानी भारतीय डाक विभाग के पास दुनिया का सबसे बड़ा और सघन डाक नेटवर्क है। वर्तमान में भारत में 1,55,000 से अधिक डाकघर हैं। इनमें से लगभग 90 प्रतिशत डाकघर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। भारत में औसतन एक डाकघर लगभग 21.23 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र और करीब 8,000 से अधिक लोगों की आबादी को सेवा प्रदान करता है। चीन या अमेरिका जैसे बड़े देश भी डाकघरों की संख्या के मामले में भारत के आस-पास नहीं ठहरते। *

बच्चो, फेस्टिवल सीजन शुरू हो रहा है। तुम जरूर इन त्योहारों का पूरा आनंद लेना चाहोगे। इसके लिए तैयारी शुरू कर दो। इस तैयारी में तुम्हारे कुछ ऐसे काम और प्रयास होने चाहिए, जिससे सबको खुशियां मिलें और तुम एक अच्छे-नेक इंसान कहलाओ।

त्योहारों की करो ऐसी तैयारी सबको मिले खुशियां

पर्व उमंग

अंजू जैन



बच्चो, त्योहार हमारे जीवन को उत्साह-उमंग से भरते हैं। त्योहार मौज-मस्ती के साथ-साथ हमें अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। त्योहार हमें अपने परिवार से जोड़ते भी हैं। अब एक साथ कई त्योहारों की झड़ी लगने वाली है। इनका पूरा आनंद उठाने के लिए तुम्हें कुछ तैयारियां अभी से कर लेनी चाहिए, जानो ये तैयारी क्या हो सकती हैं?

अपने लोगों के साथ माइंडफुल प्रेजेंस: बच्चो, त्योहारों का असली मजा तब है, जब हम डिजिटल दुनिया से बाहर निकलकर अपने लोगों के साथ घुले-मिलें। इसलिए तुमको भी त्योहार के दिनों में अपना स्क्रीन टाइम कम करके अपने लोगों के साथ 'माइंडफुल प्रेजेंस' का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए आभासी दुनिया से बाहर निकलकर, त्योहार के वास्तविक रंग में रंगना चाहिए। परिवार के संग त्योहार की खुशियां मनानी चाहिए। यही असली 'माइंडफुल प्रेजेंस' है।

पढ़ाई का एडवांस बैकअप है जरूरी: त्योहार के दिनों में पढ़ाई प्रभावित होना स्वाभाविक है। समझदारी इसी में है कि तुम त्योहार शुरू होने के पहले से ही स्कूल के होमवर्क, असाइनमेंट और आने वाले वाले एग्जाम्स के सिलेबस को एडवांस में पूरा कर लो। यदि तुम ऐसा कर लेते हो, तो त्योहार के दिनों में तुम्हें पढ़ाई की चिंता नहीं सताएगी। तुम बिना किसी प्रेशर के फेस्टिवल को एंज्वॉय कर सकोगे।

मम्मी-पापा की करो मदद: त्योहारों में घर के बड़ों, विशेषकर माता-पिता पर बहुत सारी जिम्मेदारियों का बोझ रहता है। इस बार फेस्टिवल्स में तुम अपने मम्मी-पापा के कामों में उनकी मदद करो, जैसे अपनी किताबें और अन्य सामान को व्यवस्थित रखो। घर की सफाई के दौरान तुम अलमारियों को व्यवस्थित करो। आसपास की दुकानों से पूजन सामग्री या घरेलू सामान लाकर अपने मम्मी-पापा का काम कम कर सकते हो।

हैंडमेड ग्रीटिंग्स देकर करो विश: तुम अभी से कैनवास, वॉटरकलर या स्केच पेन की मदद से अपकमिंग फेस्टिवल्स के लिए कुछ ग्रीटिंग कार्ड्स बनाकर रख लो। ये कसर्ड्स जब तुम अपने फ्रेंड्स या रिलेटिव्स को दोगे तो उन्हें बहुत अच्छा लगेगा।

अपनाओ जीरो वेस्ट-जीरो पॉल्यूशन की नीति: दिवाली बीत जाने के बाद चारों तरफ पटाखों का कचरा और बची हुई सामग्रियां बिखरी दिखाई देती हैं। तुम अभी से संकल्प लो कि त्योहारों में प्रदूषण फैलाने वाली चीजों का कम से कम इस्तेमाल करोगे। साथ ही त्योहारों के बाद सफाई करके सही ढंग से वेस्ट मैनेजमेंट करोगे। *

काइंडनेस बॉक्स से बांटो खुशियां



बच्चो, तुम अपने कमरे में एक 'काइंडनेस बॉक्स' बनाकर रख सकते हो। इसमें अपनी अच्छी स्थिति वाले पुराने खिलौने, ज्ञानवर्धक किताबें, कपड़े और अपनी पॉकेट मनी से बचाए गए कुछ पैसे अभी से इकट्ठा करना शुरू कर दो। त्योहार से एक-दो दिन पहले, अपने मम्मी-पापा, बड़े भाई-बहन या दोस्तों के साथ अनाथालय या झुग्गी-झोपड़ी के बच्चों के पास जाकर इन्हें उपहार स्वरूप भेंट करो। इससे उन बच्चों को तो खुशी मिलेगी ही, तुम्हें भी खुशी और संतुष्टि मिलेगी।

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

प्यारी-मीठी लोरियां

बच्चो, जब तुम छोटे थे, तो तुमने जरूर अपनी दादी मां या मम्मी से प्यारी-मीठी लोरियां सुनी होंगी। तुम्हारे लिए ऐसी ही मिठास भरी लोरियां लिखी हैं डॉ. रश्मि श्रीवास्तव ने, अपने लोरी संग्रह 'अम्मा की लोरी' में। इसमें कुल 12 लोरियां हैं। पहली लोरी में 'छोटी चिड़िया की बात है' तो दूसरी में चिड़िया को इसलिए बुलाया गया है कि उससे दोस्ती करनी है, जबकि बंदर को आने से रोका है। एक लोरी में गोल-मटोल चंदा की तरह मम्मी का चेहरा, पापा की आंखें, दादा का चश्मा, दादी की बिंदी, सबके सब गोल-मटोल होने की बात है। एक मजेदार लोरी में गिल्लो रानी बगिया में आकर 'कुट-कुट' का शोर करती है। मजा तो तब आता है, जब गिल्लो आकर बस्ते पर बैठ जाती है। एक मीठी लोरी में मम्मी, 'मछली जल की रानी है' पढ़ाती तो हैं, लेकिन मछली नहीं दिखने से बच्चे को हैरानी होती है। एक अन्य लोरी में भैया जी के सपने में दादा-दादी आएंगे तो साथ में तारे भी लाएंगे। एक लोरी में चिड़िया लगातार पानी बरसने से इसलिए उदास है कि वह कुछ भी खाने के लिए कहां से लाए, लेकिन इसी बीच मुन्नी ने कटोरे में भर खीर लाकर चिड़िया को दिया तो उसके साथ कौए की भी दावत हो गई। एक लोरी में तितली बिना रोक-टोक जहां देखो, वहां आती-जाती रहती है। यहां तक कि वह कक्षा में भी आ जाती है, मैम उसे कुछ न कहकर मुस्काती रहती हैं। दूसरी ओर एक लोरी में कौवे राजा का कांव-कांव का शोर यह बताता है कि घर में मेहमान आने वाले हैं। अम्मा-बाबा के आने की कल्पना से ही घर का पूरा वातावरण बदल जाता है। अंतिम लोरी में बिल्ली मौसी चुपके से आकर घर में घुसकर सारा दूध पी लेती है और फिर वहीं पर सो जाती है। संग्रह की हर लोरी तुम्हें खूब भाएगी, तुम इन्हें गाए बिना नहीं रहोगे। *



किताब : अम्मा की लोरी (लोरी संग्रह), **लेखिका :** डॉ. रश्मि श्रीवास्तव, **मूल्य :** 149 रुपए, **प्रकाशक :** बोधि प्रकाशन, जयपुर (राजस्थान)



कहानी

डॉ. अलका जैन 'आराधना'

रिटर्न गिफ्ट

अनन्या की बर्थ-डे पार्टी में उसकी हाउस हेल्पर का बेटा बल्लू भी आया था। अनन्या ने पार्टी में आए अपने सभी फ्रेंड्स को रिटर्न गिफ्ट दिया, लेकिन बल्लू को देने के लिए गिफ्ट नहीं बचा। तो क्या बल्लू खाली हाथ वापस चला गया? बच्चो पढ़ो, बहुत ही प्यारी-सी कहानी।



आज अनन्या का जन्मदिन है। उसकी मम्मी सुबह से तैयारी में लगी हुई हैं। वे इंतजार कर रही हैं अपनी हाउस हेल्पर मालती का। ताकि वह आकर घर के काम-काज में उनकी मदद कर दे।

मालती के आने पर मम्मी ने कहा, 'आज अनन्या का जन्मदिन है। हमने सारे हॉल में गुब्बारे लगा दिए हैं। अब तुम जल्दी से कमरे की सफाई कर दो। फूटे हुए गुब्बारे यहां-वहां बिखरे पड़े हैं।'

मालती झटपट काम में जुट गई। जब वह काम निपटा कर जाने लगी तो मम्मी ने कहा, 'आज शाम को अपने बेटे बल्लू को भी अनन्या की बर्थ-डे पार्टी में लेकर आना।'

यह सुनकर मालती मुस्कुरा दी। मालती जब अपने घर पहुंची तो उसने देखा कि बल्लू अपनी ड्राइंग की नोटबुक में बहुत सुंदर चित्र बना रहा था। मालती बोली, 'अरे वाह.. कितना सुंदर चित्र बनाया है।' उसने देखा कि चित्र में एक लड़की अपनी बर्थ डे का केक काटने के लिए खड़ी हुई है। पूरा हॉल गुब्बारों से सजा हुआ था।

मालती बल्लू से बोली, 'कमाल है! तुमने तो वह चित्र बना दिया, जो आज शाम को सच में होने वाला है।'

'वो कैसे?' बल्लू चौंका।

मां ने बल्लू को बताया, 'आज शाम को अनन्या की बर्थ-डे पार्टी है। उसकी मम्मी ने तुम्हें भी बुलाया है। वहां चलना है।'

बल्लू बर्थ-डे पार्टी का नाम सुनकर बहुत खुश हुआ। शाम को वह अपने सबसे अच्छे कपड़े पहन कर तैयार हो गया।

बल्लू शाम को समय पर अपनी मां के साथ अनन्या के घर पहुंच गया। पूरा हॉल बच्चों से भरा हुआ था। बल्लू भी मुस्कुराता हुआ अनन्या के पास आया। उसने बर्थ-डे गिफ्ट के रूप में अनन्या को कहानियों की एक किताब दी।

उधर मालती काम में जुट गई। उसकी मदद से सारी व्यवस्था बहुत अच्छी तरह से हो गई थी। बल्लू ने बर्थ-डे पार्टी बहुत अच्छे से एंज्वॉय किया। डांस भी किया। केक खाया और टेस्टी नाश्ता और डिनर किया।

पार्टी के बाद अनन्या अपने हाथों से सब बच्चों को रिटर्न गिफ्ट दे रही थी। सब बच्चों को रिटर्न गिफ्ट देने के बाद अनन्या ने देखा कि रिटर्न गिफ्ट खत्म हो गए थे। बल्लू को अब तक रिटर्न गिफ्ट नहीं मिला था। अनन्या को लगा कि बल्लू को बहुत बुरा लगेगा। वह मम्मी के पास गई, उनसे रिटर्न गिफ्ट खत्म होने के बारे में बताया। मम्मी बोलीं, 'मैं बल्लू को बाद में दे दूंगी।'

'नहीं मम्मी...' बोलकर अनन्या बच्चों द्वारा लाए गिफ्ट्स में से चार डब्बे उठा लाई। 'अक्कड़ बक्कड़ बंबे बो' करके एक डब्बा चुन लिया। वह बल्लू को डब्बा देने ही वाली थी कि मम्मी बोलीं, 'देख तो लो... इसमें है क्या?'

अनन्या बोली, 'नहीं... देखूंगी, कहीं मन न बदल जाए।'


अनन्या की बात सुनकर मम्मी ने उसे शाबासी दी, मुस्कुराते हुए बोलीं, 'जाओ, दे दो बल्लू को रिटर्न गिफ्ट।'

यह सब बल्लू भी देख-सुन रहा था। वह बोला, 'दीदी, मैं बाद में ले लेता... आप अपना गिफ्ट मुझे क्यों दे रही हैं?' बल्लू के मना करने के बाद भी अनन्या ने उसे गिफ्ट का एक डब्बा थमा दिया। अनन्या ने बल्लू से गिफ्ट खोलकर देखने को कहा। उसने जब गिफ्ट खोला तो उसके आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा। यह तो वही रिमोट कंट्रोल वाली कार थी, जो कल उसने सपने में देखी थी! रिमोट कंट्रोल वाली कार अनन्या को भी बहुत पसंद थी, लेकिन यह तो वह रिटर्न गिफ्ट में बल्लू को दे चुकी थी।

मम्मी ने अनन्या का चेहरा पढ़ने की कोशिश की। अनन्या के चेहरे पर कोई शिकन नहीं थी। वह पहले की तरह ही मुस्कुरा रही थी। उसे मुस्कुराता देख मम्मी के चेहरे पर भी मुस्कान आ गई। *

कविता

डॉ. करुणा पांडे



मदारी

डुग-डुग करता आया मदारी
मेरे घर के अंदर।।
छम-छम भालू नाच दिखाता
साथ में था एक बंदर।।
नाच दिखाता बंदर सुंदर
देख मदारी की लाठी।
अब ऐंठ मदारी बैठ गया,
थी मोटी सी कद काठी।।
बंदरिया ने लहंगा पहना
बंदर देख मुस्काया।।
हमने उसको केला फेंका,
लपक के उसने खाया।
सबसे पैसा बंदर मांगे
छूने पैर वह आया।
तभी वहां लंगूर ने आकर
बंदर को मार भगाया।।

जीके क्विज-226

1. एशियन गेम्स 2026 में भारत ने कुल कितने पदक जीते?
2. एशियन गेम्स 2026 में नीरू ढांडा ने किस खेल में स्वर्ण पदक जीता?
3. एशियन गेम्स 2026 में पदक तालिका में भारत ने कौन-सा स्थान प्राप्त किया?
4. अगले एशियन गेम्स 2030 का आयोजन कहां किया जाएगा?
5. वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे कब मनाया जाता है?
6. जापान की मुद्रा का क्या नाम है?
7. कनाडा की राजधानी का क्या नाम है?
8. पौधे अपना भोजन किस प्रक्रिया से बनाते हैं?
9. 'अर्थशास्त्र' के लेखक कौन थे?
10. भारत के प्रधानमंत्री को पद की शपथ कौन दिलाता है?



बच्चो, जीके क्विज-226 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-225 का उत्तर : 1. पोरबंदर (गुजरात), 2. 1915 ई., 3. गोपाल कृष्ण गोखले, 4. कस्तूरबा गांधी, 5. राजघाट (दिल्ली), 6. रवींद्रनाथ टैगोर, 7. साबरमती आश्रम, 8. दूसरा, 9. स्वर्ण पदक, 10. भारोत्तोलन (वेट लिफ्टिंग)

जीके क्विज-225 का सही उत्तर देने वाले : हर्षिल-राजनांदगांव, सुषमा-रायपुर, रचित-बिलासपुर, नेहा-भोपाल, कशिश-बलौदा बाजार, आर्यन-रोहतक, जतिन-दिल्ली, रोहन-दुर्ग, तेजस-महासमुंद, हर्ष-बालोद, सुमित-झज्जर, विकास-हिसार

रंग भरो-212

रंग भरो-212 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आकांक्षी, सरगुजा



आशना, जांजगीर



डिपल, दुर्ग



त्रिशा, रायपुर



दिशा, बिलासपुर



रूबेन, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, जीतू-भोपाल, कुसुम-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, प्रियंका-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, राजेश-करनाल, शुभम-बिलासपुर, प्रिया-कोरबा

रंग भरो 213



बच्चो, यहां केला खाते हुए एक क्यूट-से मंकी का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, G-65, बाली नगर, नई दिल्ली-110015 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

संभागायुक्तों, विभागाध्यक्ष एवं कलेक्टर्स को निर्देश

सभी विभाग समय सीमा में विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक करें, सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया परिपत्र

सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में जारी किए जरूरी आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य शासन ने मप्र लोक सेवा पदोन्नति नियम, 2025 के अनुसार अनिवार्य रूप से अधीनस्थ कार्यालयों को समय-सीमा में विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं जिससे पात्र लोक सेवकों को समय पर पदोन्नति प्राप्त हो सके।

सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने इस सम्बन्ध में सभी विभागों, संभागायुक्तों, विभागाध्यक्ष एवं कलेक्टर्स को विस्तृत निर्देश दिए हैं। मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम, 2025 के नियम 6 के अनुसार प्रत्येक चयन वर्ष के लिए विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक आयोजित किए जाने का स्पष्ट प्रावधान है। प्रत्येक चयन वर्ष के लिए विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक उसके पूर्ववर्ती वर्ष में सामान्यतः सितम्बर से नवम्बर के मध्य आयोजित की जाना अनिवार्य है। इस बैठक में आगामी चयन वर्ष की 31 दिसम्बर के पूर्वान्ह तक की स्थिति में उपलब्ध उद्भूत होने वाली समस्त संभावित एवं अप्रत्याशित रिक्तियों के लिए पदोन्नति के लिए लोक सेवकों की उपयुक्तता पर विचार किया जाएगा।


मंत्रालय, फाइल फोटो

यदि पहले बैठक हुई थी, तो 2026 में फिर से विशेष पदोन्नति समिति की बैठक करें

जीएडी ने स्पष्ट किया है कि पूर्व में 31 दिसम्बर, 2025 के पहले तक की रिक्तियों के लिए एक विशेष विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक इस नियम के प्रवृत्त होने के उपरांत की गई थी, जिसके आधार पर वर्ष 2026 में पदोन्नति की कार्रवाई की गई है अथवा प्रचलन में है। परिपत्र में कहा गया है कि वर्ष 2025 में पुनः सितम्बर से नवम्बर के मध्य वर्ष 2026 में उत्पन्न हुई कोई अप्रत्याशित रिक्ति जो प्रतीक्षा सूची से भी नहीं भरी जा सकी हो एवं चयन वर्ष अर्थात 31 दिसम्बर 2026 के पूर्वान्ह तक की प्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिए विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक की जानी थी।

यदि बैठक आयोजित नहीं की गई हो तो जल्द ही की जाए

सामान्य प्रशासन विभाग ने निर्देश दिए हैं कि विभागों की ओर से 31 दिसंबर के पूर्वान्ह तक की प्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिए यदि बैठक आयोजित नहीं की गई हो तो बैठक आयोजित की जाए। विभाग की ओर से यदि विशेष विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक 31 दिसंबर 2025 के पूर्वान्ह तक की प्रत्याशित रिक्तियों को भरने के साथ ही 31 दिसंबर 2026 के पूर्वान्ह तक की प्रत्याशित रिक्तियों को भरने की कार्रवाई की जा चुकी हो तो बैठक के आयोजन की आवश्यकता नहीं होगी। परिपत्र के अनुसार वर्ष 2026 में उत्पन्न हुई कोई अप्रत्याशित रिक्ति जो प्रतीक्षा सूची से भी नहीं भरी जा सकी हो एवं आगामी चयन वर्ष अर्थात 31 दिसम्बर 2027 के पूर्वान्ह तक की प्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिये विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक भी इसी वर्ष माह सितम्बर से नवम्बर के मध्य किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

राज्य को फिल्म हब के रूप में विकसित करने पर चर्चा की

राज्य सरकार भूमि आवंटन, अधोसंरचना विकास आवश्यक अनुमतियों को समय पर पूरा करेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निवेशकों, संस्थाओं और उद्यमियों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार भूमि आवंटन, अधोसंरचना विकास और आवश्यक स्वीकृतियों को समयबद्ध रूप से पूरा करेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन महत्वपूर्ण एमओयू, निवेश प्रस्तावों और लेटर ऑफ अवॉर्ड के माध्यम से मध्यप्रदेश का पर्यटन क्षेत्र नई ऊंचाइयों को छुएगा और स्थानीय स्तर पर युवाओं के लिए रोजगार व स्वरोजगार के व्यापक अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को 'एमपी ट्रैवल मार्ट' कार्यक्रम में निवेशकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि टेकनपुर (ग्वालियर) स्थित बीएसएफ अकादमी में पर्यटन सुविधाओं के विकास, डिजिटल अधोसंरचना और बीएसएफ म्यूजियम के उन्नयन के लिए बीएसएफ अकादमी, एमपीएसटीडीसी तथा जिला प्रशासन के बीच त्रिपक्षीय एमओयू हुआ, जिसका प्रतिनिधित्व डीआईजी हरिंदर सिंह तोमर एवं रितेश ठाकुर ने किया।



सीएम की मौजूदगी में एमपी टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड एवं निवेशकों के साथ एमओयू।

फिल्म निर्माण, सांस्कृतिक प्रचार और फूड टूरिज्म पर विमर्श

फिल्म पर्यटन के तहत 'द वायरल फीवर' (टीवीएफ) के संस्थापक अरुणाभ कुमार ने 'पंचायत' और 'गुल्लक' जैसी चर्चित वेब-सीरीज की शूटिंग का उल्लेख करते हुए राज्य को फिल्म हब के रूप में विकसित करने पर चर्चा की। सुप्रसिद्ध अभिनेता श्री अन्नू कपूर ने सिनेमा के जरिए सांस्कृतिक धरोहर के प्रचार पर विचार रखे, जबकि सेलिब्रिटी शेफ श्री रणवीर बरार ने डेस्टिनेशन-बेस्ड फूड टूरिज्म विकसित करने पर सुझाव दिए।

हेरिटेज होटल और राजमार्गों पर वे-साइड एमिनिटीज की स्थापना को मंजूरी

सीहोर जिले के ग्राम लावाखेड़ी में रिसॉर्ट परियोजनाओं के लिए श्री संजेश रघुवंशी, श्री आलोक कटारिया तथा मेसर्स साई हरदा कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स (आकाश सचदेवा) को लेटर ऑफ अवॉर्ड प्रदान किए गए। उज्जैन जिले के ग्राम ब्रजराज खेड़ी में रिसॉर्ट प्रोजेक्ट के लिए श्री शैलेश कलवारिया तथा पन्ना जिले के लक्ष्मीपुर पैलेस में हेरिटेज होटल प्रोजेक्ट के लिए श्रीमती रत्न जादौन को लेटर ऑफ अवॉर्ड प्रदान किया गया।

रिसॉर्ट व पर्यटन परियोजनाओं के लिए लेटर ऑफ अवॉर्ड जारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मप्र टूरिज्म बोर्ड की ओर से प्रदेश के विभिन्न अंचलों में नई पर्यटन परियोजनाओं के विकास के लिए निवेशकों और उद्यमियों को लेटर ऑफ अवॉर्ड प्रदान किए गए। इसके तहत निवाड़ी जिले के ओरछा में रिसॉर्ट व बहुउद्देश्यीय पर्यटन परियोजना के लिए मेसर्स अन्या पॉलीटेक एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (यशपाल यादव), बैतूल के ग्राम गुरगुंडा में रिसॉर्ट प्रोजेक्ट के लिए मेसर्स हेवन टेक्नो सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड (राजेंद्र ठाकुर) तथा ग्राम बोथिया में रिसॉर्ट प्रोजेक्ट के लिए संदीप सोनी को लेटर ऑफ अवॉर्ड दिया गया।

इसी प्रकार नीमच के ग्राम बस्सी में रिसॉर्ट प्रोजेक्ट के लिए श्रीमती स्वाति गोयल, मंदसौर के ग्राम कंगहट्टी में वेलनेस रिसॉर्ट के लिए जैनम जैन तथा गांधी सागर में इको-टूरिज्म गतिविधि के लिए रघुराज सिंह चौधरी को अनुबंध पत्र सौंपे गए। रायसेन के ग्राम मुरलीखेड़ी में रिसॉर्ट एवं अन्य पर्यटन परियोजनाओं के लिए मेसर्स टेक्नो प्लानर्स एलएलपी (आशीष भदौरिया) तथा सागर जिले के ग्राम सलैया गंज में होटल/रिसॉर्ट प्रोजेक्ट के लिए मेसर्स ज्ञानोदय ग्रुप (मूरत सिंह) को लेटर ऑफ अवॉर्ड प्रदान किए गए।

फास्ट ट्रेक कोर्ट ने एक अन्य को सुनाया आजीवन कारावास

बहुचर्चित सूरजपुर दोहरा हत्याकांड मामले में फैसला, 4 में से 3 को फांसी की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिला न्यायालय की फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश आनंद प्रकाश ने छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित सूरजपुर दोहरा हत्याकांड मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने मामले में दोषी पाए गए चार आरोपियों में से तीन को फांसी की सजा और एक आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश ने प्रकरण की पूरी सुनवाई समाप्त होने के बाद सजा का एलान किया। अभियोजन पक्ष की ओर से न्यायालय में पेश किए गए साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर अदालत ने चारों आरोपियों को दोषी ठहराया। फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश आनंद प्रकाश ने इस दोहरे हत्याकांड में दोषी ठहराए गए आदतन बदमाश कुलदीप साहू, पूर्व एनएसयूआई जिलाध्यक्ष चंद्रकांत चौधरी उर्फ सीके चौधरी और रिंकू उर्फ फूल सिंह को फांसी की सजा सुनाई है। इसके साथ ही चौथे दोषी आर्यन उर्फ गोल्डी को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। दोहरे हत्याकांड जैसे गंभीर मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट का यह फैसला आने के बाद अब आगे की कानूनी प्रक्रिया भी महत्वपूर्ण होगी। अभियोजन पक्ष ने अदालत में पर्याप्त साक्ष्य और गवाह प्रस्तुत किए, जिनके आधार पर अदालत ने चारों आरोपियों का अपराध सिद्ध माना।

आरक्षक की पत्नी और बेटी की हत्या का था मामला

यह सनसनीखेज मामला 13 अक्तूबर, 2024 की रात का है। उस समय सूरजपुर कोतवाली पुलिस थाने में पदस्थ तत्कालीन प्रधान आरक्षक की पत्नी और उनकी बेटी की आरोपियों ने हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने घटना के बाद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। जांच अधिकारियों ने साक्ष्य एकत्र करके अदालत में पेश किए, जिसके बाद कई आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में मुकदमा चला। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस मामले में शुरुआत में कुल छह आरोपियों के खिलाफ अदालत में मुकदमा चल रहा था। इन आरोपियों में आदतन बदमाश कुलदीप साहू और पूर्व एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सीके चौधरी समेत अन्य आरोपी शामिल थे। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दो आरोपियों को पूर्व में ही बरी कर दिया था। वहीं शेष चार आरोपियों के खिलाफ सुनवाई पूरी होने के बाद अब फास्ट ट्रैक कोर्ट ने सजा का एलान किया है।

एनबीडीए में 175 अनुकंपा नियुक्ति के मामले अटके

भोपाल। प्रदेश का नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण ऐसा इकलौता विभाग है जहां पिछले चार साल से बिना किसी कारण के अनुकंपा नियुक्ति नहीं दी जा रही है। वल्लभ भवन के एक पत्र के आधार पर अनुकंपा नियुक्ति प्रकरण का निराकरण करना वर्ष 2022 से बंद कर दिया गया है। चार साल में 175 अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण मंत्रालय वल्लभ भवन में स्वीकृति के लिए लंबित है। मप्र कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण में भी लंबित अनुकंपा अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण कर शासकीय कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने की मांग की। नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के शासकीय कर्मचारियों के आश्रितों को पहले जल संसाधन विभाग के सेवा नियमों के आधार पर प्राधिकरण में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाती थी।

मध्यप्रदेश विधानसभा पर बनी फिल्म, मिलेगी संपूर्ण जानकारी

भोपाल। मप्र के गठन के उपरांत हमारी विस ने लोकतांत्रिक व्यवस्था, जनप्रतिनिधित्व और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विधायिका की भूमिका क्या है, उसके प्रमुख कार्य क्या हैं, लोकतांत्रिक व्यवस्था में विधायिका की आवश्यकता क्यों है तथा वर्ष 1956 में गठित मप्रविधानसभा से लेकर आज तक की इसकी गौरवपूर्ण यात्रा कैसी रही है-इन सभी महत्वपूर्ण पहलुओं को इस लघु फिल्म के माध्यम से संक्षिप्त एवं प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया है। इस फिल्म में मध्यप्रदेश विधानसभा के इतिहास, उसकी कार्यप्रणाली, सदन की गरिमा और लोकतांत्रिक परंपराओं के साथ-साथ वर्तमान 16वीं विधानसभा के प्रमुख पदाधिकारियों का भी परिचय प्रस्तुत किया गया है।

डीएमए इंडिया ने 2026-27 के लिए नई राष्ट्रीय टीम की घोषणा की



नई दिल्ली। डेमोक्रेटिक मेडिकल एसोसिएशन (डीएमए इंडिया) द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए नई राष्ट्रीय टीम की घोषणा की गई है। नई टीम में देश के विभिन्न राज्यों एवं मेडिकल संस्थानों से जुड़े चिकित्सकों, रेजिडेंट डॉक्टरों, मेडिकल छात्रों, डेंटल प्रोफेशनल्स, एफ़एमजी,शिक्षाविदों एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को जिम्मेदारियां दी गई हैं।नई टीम का मुख्य उद्देश्य डॉक्टरों एवं मेडिकल छात्रों के अधिकारों, सम्मान, सुरक्षा और हितों की रक्षा करना, मेडिकल शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को प्रभावी मंच प्रदान करना तथा जरूरत के समय चिकित्सक समुदाय की आवाज को मजबूती से उठाना होगा।राष्ट्रीय नेतृत्व-डॉ अमित व्यास (एमबीबीएस, एमडी) को राष्ट्रीय प्रमुख एवं अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।वे संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रमुख नीतिगत गतिविधियों का मार्गदर्शन करेंगे।डॉ भानु कुमार (वैशाली,बिहार) को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। डॉ शुभ प्रताप सोलंकी (एमबीबीएस, सीपीसीडीएम) को राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी दी गई है। डॉ. कमल सिंह (बहादुरगढ़),डॉ. आर्यन श्रीवास्तव (बरेली),डॉ रितेश श्रीवास्तव (पटना) एवं डॉ. प्रांशु श्रीवास्तव (पीजीआई चंडीगढ़) को नेशनल कनवीनर्स नियुक्त किया गया है।डॉ. प्रियांशु शर्मा (अल-फलाह, फरीदाबाद) एवं डॉ. याशिका पारीक (एसएनएमसी आगरा) को राष्ट्रीय संयुक्त सचिव बनाया गया है।राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं विशेषज्ञ टीम-डॉ उज्ज्वल राज, डॉ इशिका मलिक,डॉ शान आहूजा,डॉ अस्मा सैयद, डॉ आशुतोष सिंह एवं डॉ राजेश छाबड़ा को राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया गया है।डॉ शेख अमीर (फॉरेंसिक मेडिसिन) एवं डॉ अनूभा वरुण (सीएमओ,ईएसआईसी दिल्ली) को राष्ट्रीय फ्रैकल्टी हेड बनाया गया है। एडवोकेट समीर सिंह राजावत, एडवोकेट प्रसून सोलंकी एवं एडवोकेट पीयूष कुमारेंद्र यादव को नेशनल लीगल एडवाइजर्स नियुक्त किया गया है।डॉ बाहुलया नागपाल एवं डॉ अमीषा मिश्रा को नेशनल ट्रेजरर्स, जबकि श्री दीपक राठी को नेशनल आरटीआई सेल हेड बनाया गया है।मीडिया,पीआर एवं संगठनात्मक विभाग-डॉ तोशी, तनिशा,वर्तिका गोयल,श्रेया एवं दीपशिखा मोहंती को नेशनल मीडिया एवं आईटी टीम में जिम्मेदारी दी गई है।डॉ आर्यन सिहान, डॉ विराग गुप्ता, डॉ दिव्येश कुमार पाल, डॉ भरत शर्मा, डॉ ईशा जैसवाल एवं डॉ यक्षिता को नेशनल पीआर टीम में शामिल किया गया हैडॉ दानिया याकूब, डॉ अश्वनी, समृद्धा दिलीप आप्टे,उम्मे हानी हिरा एवं साकेत सुमन को नेशनल ऐकडेमिक सचिव की जिम्मेदारी दी गई है।

मंत्री विश्वास सारंग भोपाल जिले के मुख्य कार्यक्रम में हुए शामिल

भोपाल। पीएम ने विकसित भारत संकल्प सभा के माध्यम से देशवासियों से वर्चुअल संवाद किया। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत देशभर में विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया गया। प्रदेश में भी विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री तथा विकसित भारत संकल्प सभा के प्रदेश प्रभारी विश्वास सारंग के नेतृत्व में प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। रवींद्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में उप-मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय सहित जिले के जनप्रतिनिधि व नागरिक शामिल हुए। सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को वर्चुअल माध्यम से सुना। मंत्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होना देश के लिए सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना को और अधिक मजबूत करने का अवसर है। सारंग ने बताया कि प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रत्येक बूथ से जनता के साथ संवाद करते हुए सेवा ज्योति यात्रा के रूप में जिला केंद्रों की ओर प्रस्थान किया।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण जानकारी

त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ-2026 में वृद्धि

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी:-

04064/04063 दिल्ली जं.-गया जं.-दिल्ली जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में 6 दिन) — 88 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04064 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04064 प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04063 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04063 प्रस्थान
---	11:00	दिल्ली जं.	08:00	---
07:15	---	गया जं.	---	09:15

चलने के दिनः 04064 दिल्ली जं. से दिनांक 11.10.2026 से 30.11.2026 तक (शनिवार छोड़कर) और **04063 गया जं. से** दिनांक 12.10.2026 से 01.12.2026 तक (रविवार छोड़कर)

स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहरावः नई दिल्ली, टूण्डला जं., गोविन्दपुरी, सूबेदारगंज, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी-ऑन-सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन।

04088/04087 नई दिल्ली-पटना जं.-नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (प्रतिदिन) — 104 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04088 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04088 प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04087 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04087 प्रस्थान
---	15:50	नई दिल्ली	13:30	---
12:45	---	पटना जं.	---	15:10

चलने के दिनः 04088 नई दिल्ली से दिनांक 10.10.2026 से 30.11.2026 तक (प्रतिदिन) और **04087 पटना जं. से** दिनांक 11.10.2026 से 01.12.2026 तक (प्रतिदिन)

स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहरावः दूण्डला जं., गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., दिलदार नगर जं., बक्सर, रघुनाथपुर एवं आरा जं. स्टेशन।

01483/01484 खडकी-हज़रत निज़ामुद्दीन-खडकी सुपरफास्ट विशेष (सप्ताह में 2 दिन) — 26 फेरे

रेलगाड़ी सं. 01483 आगमन	रेलगाड़ी सं. 01483 प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 01484 आगमन	रेलगाड़ी सं. 01484 प्रस्थान
---	17:30	खडकी	22:15	---
18:10	---	हज़रत निज़ामुद्दीन	---	22:10

चलने के दिनः 01483 खडकी से दिनांक 09.10.2026 से 20.11.2026 तक (प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार) को और **01484 हज़रत निज़ामुद्दीन से** दिनांक 10.10.2026 से 21.11.2026 तक (प्रत्येक बुधवार, शनिवार) को।

स्थानः 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.

ठहरावः लोनावला, कल्याण जं., भिवंडी रोड, वसई रोड, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा जं., रतलाम जं., भवानी मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर एवं मथुरा जं. स्टेशन।

04221/04222 वाराणसी जं.-बठिण्डा जं.-वाराणसी जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 14 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04221 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04221 प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04222 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04222 प्रस्थान
---	20:40	वाराणसी जं.	17:30	---
17:00	---	बठिण्डा जं.	---	20:50

चलने के दिनः 04221 वाराणसी जं. से दिनांक 11.10.2026 से 22.11.2026 तक (प्रत्येक शनिवार) को और **04222 बठिण्डा जं. से** दिनांक 12.10.2026 से 23.11.2026 तक (प्रत्येक सोमवार) को।

स्थानः 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य

ठहरावः माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., रायबरेली जं., उतरेटिया जं., आलम नगर, बरेली जं., मुरादाबाद जं., नजीबाबाद जं., सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैंट, राजपुरा जं., पटियाला, धुरी जं., बरनाला और रामपुरा फूल स्टेशन

04634/04633 फिरोजपुर कैंट-पूर्णियाँ जं.-फिरोजपुर कैंट आरक्षित विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 15 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04634 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04634 प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04633 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04633 प्रस्थान
---	17:30	फिरोजपुर कैंट	16:35	---
03:00	---	पूर्णियाँ जं.	---	06:00

चलने के दिनः 04634 फिरोजपुर कैंट से दिनांक 15.10.2026 से 26.11.2026 तक (प्रत्येक बृहस्पतिवार) को और **04633 पूर्णियाँ जं. से** दिनांक 10.10.2026 से 28.11.2026 तक (प्रत्येक शनिवार) को।

स्थानः 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य

ठहरावः मक्खू, लोहियां खास जं., नकोदर जं., फिल्लौर जं., ढंडारी कलां, चंडीगढ़, अंबाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नवगछिया एवं कटिहार जं. स्टेशन।

07651/07652 जालना-छपरा जं.-जालना विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 07 फेरे

रेलगाड़ी सं. 07651 आगमन	रेलगाड़ी सं. 07651 प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 07652 आगमन	रेलगाड़ी सं. 07652 प्रस्थान
---	23:35	जालना	09:50	---
03:15	03:25	वाराणसी जं.	03:10	03:15
09:35	---	छपरा जं.	---	21:00

चलने के दिनः 07651 जालना से दिनांक 14.10.2026 से 28.10.2026 तक (प्रत्येक बुधवार) को और **07652 छपरा जं. से** दिनांक 09.10.2026 से 30.10.2026 तक (प्रत्येक शुक्रवार) को।

स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहरावः छत्रपति संभाजीनगर, नागरसोल, मनमाड जं., भुसावल जं., खंडवा जं., हरदा, इटारसी जं., पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, जौनपुर जं., औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी और बलिया स्टेशन

07621/07622 नांदेड-हज़रत निज़ामुद्दीन-नांदेड विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 14 फेरे

रेलगाड़ी सं. 07621 आगमन	रेलगाड़ी सं. 07621 प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 07622 आगमन	रेलगाड़ी सं. 07622 प्रस्थान
---	08:45	नांदेड	00:35	---
14:00	---	हज़रत निज़ामुद्दीन	---	21:40

चलने के दिनः 07621 नांदेड से दिनांक 17.10.2026 से 28.11.2026 तक (प्रत्येक शनिवार) को और **07622 हज़रत निज़ामुद्दीन से** दिनांक 18.10.2026 से 29.11.2026 तक (प्रत्येक रविवार) को

स्थानः प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहरावः पूर्णा जं., परभणी जं., सेलू, परतूर, जालना, छत्रपति संभाजीनगर, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., ग्वालियर जं., आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।

07021/07022 चर्लपल्ली-हज़रत निज़ामुद्दीन-चर्लपल्ली विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 14 फेरे

रेलगाड़ी सं. 07021 आगमन	रेलगाड़ी सं. 07021 प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 07022 आगमन	रेलगाड़ी सं. 07022 प्रस्थान
---	19:20	चर्लपल्ली	13:50	---
02:00	---	हज़रत निज़ामुद्दीन	---	04:00

चलने के दिनः 07021 चर्लपल्ली से दिनांक 19.10.2026 से 30.11.2026 तक (प्रत्येक सोमवार) को और **07022 हज़रत निज़ामुद्दीन से** दिनांक 21.10.2026 से 02.12.2026 तक (प्रत्येक बुधवार) को

स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहरावः काजीपेट जं., रामगुंडम, मंचिर्याल, बेल्लमपल्ली, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, नागपुर जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., ग्वालियर जं., धौलपुर, आगरा कैंट., मथुरा जं. एवं कोसी कलां स्टेशन।

07023/07024 चर्लपल्ली-हज़रत निज़ामुद्दीन-चर्लपल्ली विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 12 फेरे

रेलगाड़ी सं. 07023 आगमन	रेलगाड़ी सं. 07023 प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 07024 आगमन	रेलगाड़ी सं. 07024 प्रस्थान
---	19:45	चर्लपल्ली	17:45	---
05:00	---	हज़रत निज़ामुद्दीन	---	07:15

चलने के दिनः 07023 चर्लपल्ली से दिनांक 20.10.2026 से 24.11.2026 तक (प्रत्येक मंगलवार) को और **07024 हज़रत निज़ामुद्दीन से** दिनांक 22.10.2026 से 26.11.2026 तक (प्रत्येक बृहस्पतिवार) को

स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहरावः काजीपेट जं., रामगुंडम, मंचिर्याल, बेल्लमपल्ली, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, नागपुर जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., ग्वालियर जं. एवं आगरा कैंट स्टेशन।

04083/04084 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली आरक्षित विशेष (साप्ताहिक) — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04083 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04083 प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04084 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04084 प्रस्थान
---	14:00	नई दिल्ली	23:30	---
03:00	---	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	---	10:00

चलने के दिनः 04083 नई दिल्ली से दिनांक 09.10.2026 एवं 16.10.2026 (शुक्रवार) को और **04084 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से** दिनांक 10.10.2026 एवं 17.10.2026 (शनिवार) को

स्थानः प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहरावः सोनीपत, पानीपत जं., कुरुक्षेत्र जं., अम्बाला कैंट, ढंडारी कलां, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, शहीद कैप्टन सुनील कुमार चौधरी कठुआ, जम्मू तवी और शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन।

रेलगाड़ी संख्या 04090/04092 नई दिल्ली-दानापुर-नई दिल्ली वाया दिल्ली जं. आरक्षित त्यौहार विशेष सुपरफास्ट की परिवर्तित आवृत्ति एवं चलने की अवधि में विस्तार

रेलगाड़ी संख्या एवं नाम	वर्तमान आवृत्ति एवं चलने के दिन	परिवर्तित आवृत्ति एवं चलने के दिन	प्रभावी तिथि
04090 नई दिल्ली-दानापुर विशेष	शुक्रवार (साप्ताहिक)	शुक्रवार, बुधवार (सप्ताह में 2 दिन)	07.10.2026
04089 दानापुर-नई दिल्ली विशेष	शनिवार (साप्ताहिक)	शनिवार, बृहस्पतिवार (सप्ताह में 2 दिन)	07.10.2026

	वर्तमान दिनांक	विस्तारित दिनांक	अतिरिक्त फेरे	अतिरिक्त फेरों की सं.
नई दिल्ली से	20.11.2026	27.11.2026	14, 21, 28.10.2026 एवं 04, 11, 18, 25, 27.11.2026	08 फेरे
दानापुर से	21.11.2026	28.11.2026	15, 22, 29.10.2026 एवं 05, 12, 19, 26, 28.11.2026	08 फेरे

नोटः बाकी जानकारी यथावत रहेगी।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव

चिंतन

डिजिटल सुरक्षा वैश्विक जरूरत



आर्थिकी
डॉ .जयंतीलाल भंडारी

भारत की विकास दर के बारे में प्रकाशित हो रही वैश्विक और राष्ट्रीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत की बढ़ती विकास दर के सामने वैश्विक और घरेलू मुश्किलों की चुनौतियां बनी हुई हैं। इस समय कच्चे तेल के ऊंचे दाम, कमजोर मानसून और महंगाई देश की बड़ी चुनौतियां हैं। इन परिस्थितियों में देश के आर्थिक ढांचे को मजबूत बनाए रखने के लिए एक संतुलित और दूरदर्शी नीति की अत्यंत आवश्यकता है। विनिर्माण क्षेत्र की मजबूती से आपूर्ति श्रृंखला में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सकता है, जिससे दीर्घकालिक रूप से महंगाई को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। ऐसा होने पर ही आर्थिक और वित्तीय चुनौतियों के बीच भी अर्थव्यवस्था वृद्धि की राह पर आगे बढ़ सकेगी।

डिजिटल तकनीक ने दुनिया को जितनी तेजी से जोड़ा है, उतनी ही तेजी से साइबर अपराध ने भी अपनी सीमाएं बढ़ाई हैं। आज मोबाइल फोन केवल बातचीत का माध्यम नहीं रह गया है। बैंकिंग, खरीदारी, सरकारी सेवाएं, पहचान, कारोबार और व्यक्तिगत सूचनाएं सब कुछ एक छोटे से उपकरण में सिमट गया है। ऐसे में डिजिटल व्यवस्था पर नागरिक का भरोसा उसकी सबसे बड़ी पूंजी है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साइबर धोखाधड़ी और डीपफेक से निपटने के लिए वैश्विक तंत्र बनाने का आह्वान समय की महत्वपूर्ण जरूरत को सामने रखता है। साइबर अपराध की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि इसका कोई निश्चित भौगोलिक क्षेत्र नहीं है। ठग एक देश में बैठकर दूसरे देश के नेटवर्क का इस्तेमाल कर तीसरे देश के नागरिक को निशाना बना सकता है। फर्जी कॉल, संदेश, लिंक और डिजिटल भुगतान के जरिए होने वाली ठगी अब किसी एक शहर या देश की कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं रही। इसके पीछे अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क, तकनीकी साधन और कई बार अलग-अलग देशों में मौजूद अपराधी काम करते हैं। डीपफेक ने इस खतरे को और गंभीर बना दिया है। एआई की मदद से किसी व्यक्ति की आवाज, चेहरा और वीडियो इस तरह तैयार किए जा सकते हैं कि वास्तविक और नकली में अंतर करना आम व्यक्ति के लिए बेहद कठिन हो जाए। आने वाले समय में यह चुनौती और बढ़ सकती है। इसलिए साइबर सुरक्षा को केवल अपराध होने के बाद कार्रवाई तक सीमित नहीं रखा जा सकता। असली जरूरत ऐसी व्यवस्था बनाने की है, जो संदिग्ध कॉल, संदेश, वेबसाइट, भुगतान या डिजिटल पहचान को नागरिक तक पहुंचने से पहले ही पहचान सके। इसके लिए सरकारों के साथ दूरसंचार कंपनियों, बैंकों, तकनीकी कंपनियों और डिजिटल मंचों को साझा जिम्मेदारी निभानी होगी। मोबाइल और इंटरनेट की गति बढ़ाना डिजिटल विकास का एक पहलू है, लेकिन सुरक्षित डिजिटल वातावरण बनाना उसका दूसरा और उतना ही महत्वपूर्ण पहलू है। 5जी और आने वाली 6जी तकनीक, एआई, डिजिटल भुगतान और इंटरनेट आधारित सेवाओं का विस्तार तभी सार्थक होगा, जब नागरिक को यह भरोसा हो कि उसकी निजी जानकारी सुरक्षित है और उसके नाम पर कोई धोखाधड़ी नहीं हो सकती। ऐसे में डिजिटल सुरक्षा वैश्विक जरूरत बना गई है। इसमें सभी देशों को अपनी भूमिका निभानी होगी। दुनिया ने जिस तरह आतंकवाद, मादक पदार्थों और संगठित अपराध के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय सहयोग की जरूरत को स्वीकार किया है, उसी तरह अब साइबर अपराध के खिलाफ भी साझा वैश्विक व्यवस्था बनानी होगी। देशों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान, अपराधियों की पहचान, डिजिटल साक्ष्यों की उपलब्धता और त्वरित कार्रवाई के लिए स्पष्ट व्यवस्था जरूरी है। डीपफेक जैसी तकनीक के दुरुपयोग को रोकने के लिए भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साझा मानक विकसित करने होंगे। डिजिटल क्रांति को रोकना समाधान नहीं है और न ही ऐसा होना चाहिए। तकनीक विकास, सुशासन और आर्थिक प्रगति का शक्तिशाली माध्यम है। लेकिन इसका उपयोग सही दिशा में हो, तभी यह सार्थक होगी। जरूरत केवल इतनी है कि इसकी रफ्तार के साथ सुरक्षा की रफ्तार भी बढ़े। डिजिटल दुनिया में भरोसा टूट गया तो तकनीकी प्रगति की चमक फीकी पड़ जाएगी। इसलिए डिजिटल सुरक्षा अब किसी एक देश, कंपनी या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की साझा जरूरत है।

बढ़ती विकास दर के सामने चुनौतियां

इन दिनों भारत की विकास दर के बारे में प्रकाशित हो रही वैश्विक और राष्ट्रीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत की बढ़ती विकास दर के सामने वैश्विक और घरेलू मुश्किलों की चुनौतियां बनी हुई हैं। 6 अक्टूबर को प्रकाशित विश्व बैंक की नई रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की विकास दर के पूर्व निर्धारित अनुमान 6.6 प्रतिशत को बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया गया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इस वित्त वर्ष में विकास दर बनाए रखने के लिए भारत को वैश्विक और घरेलू आर्थिक चुनौतियों का रणनीतिपूर्वक सामना करते हुए आगे बढ़ना होगा। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि इस समय देश के सामने आर्थिक वृद्धि बरकरार रखने की चुनौतियां दिखाई दे रही हैं। 7 अक्टूबर को रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया ने रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की जो वृद्धि की है, उससे भी विकास की रफ्तार पर असर होगा। हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत- अमेरिका व्यापार वार्ता में गतिरोध आ गया है। अमेरिका ने भारत से निर्यात नियंत्रित करने के लिए टैरिफ को दबाव के साधन के रूप में इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है।

18 सितंबर को अमेरिका में नए कानून के तहत राष्ट्रपति ट्रंप की मुट्ठी में भारत पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की नई शक्ति आ गई है। भारत के लिए सबसे बड़े निर्यात बाजार अमेरिका में निर्यात बढ़ाने की नई चुनौती भी आर्थिक वृद्धि की राह में बड़ी चुनौती दिखाई दे रही है। इस परिप्रेक्ष्य में हाल ही में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव-2 शक्तिकांत दास ने कौटिल्य इकोनामिक कॉन्क्लेव में कहा कि देश को अपनी आर्थिक वृद्धि की गति बनाए रखने के लिए और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगातार सुधारों और अधिक आत्मनिर्भरता पर जोर देना होगा। गौरतलब है कि एक अक्टूबर को वित्त मंत्रालय ने सितंबर 2026 की अपनी मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा है कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, वैश्विक वित्तीय स्थितियों में कड़ाई, अमेरिकी व्यापार नीतियों से जुड़ी अनिश्चितताएं, महंगाई और देश में कमजोर मानसून से निर्मित परिस्थितियां इस समय देश की आर्थिक वृद्धि की गति को बनाए रखने में बड़ी चुनौतियां बन गई हैं। इस परिदृश्य के कारण भारत की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही यानी जुलाई से सितंबर में 7.3 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल कर सकती है। जबकि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत ने 7.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की थी। ऐसे में भारत भू-राजनीतिक ध्रुवीकरण और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में बढ़ते व्यवधानों के कारण अपनी विकास दर को लेकर बेफिक्र नहीं रह सकता। देश के करीब एक तिहाई हिस्से में सूखे का संकट भी सामने दिखाई दे रहा है। भारत मौसम विभाग (आइएमडी) के मुताबिक अलनीनो के असर से इस बार मानसून के सीजन में करीब 12.6 प्रतिशत बारिश कम रही है और ऐसे में देश के 38 प्रतिशत हिस्से में सूखे का खतरा है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा प्रकाशित बुलेटिन 'स्टेट ऑफ द इकोनॉमी' के अनुसार देश की आर्थिक रफ्तार की राह पर वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताएं, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, ट्रंप टैरिफ और कमजोर मानसून की चुनौतियां मुश्किलों के रूप में दिखाई दे रही हैं। लेकिन इसके



बावजूद मजबूत घरेलू बुनियाद के दम पर देश की अर्थव्यवस्था दमदार बनी हुई है। 25 सितंबर 2026 तक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 747.6 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह चालू वित्त वर्ष की अप्रैल से जून तिमाही में 6 प्रतिशत बढ़कर 19.81 अरब डालर की ऊंचाई पर पहुंचकर पांच वर्षों के उच्चतम मासिक स्तर पर रहा है।

वहीं, दूसरी ओर सरकार किसी भी प्रकार की घरेलू और वैश्विक चुनौतियों का मुकाबला करने और आर्थिक रफ्तार बनाए रखने के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ रही है। निसंदेह अब तक वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और अनिश्चितताओं के बीच पूरी दुनिया में जिस तरह भारत की आर्थिक साख बढ़ी है,अब उसे बनाए रखना एक चुनौती है। गत 23 सितंबर को एसएंडपी और फिच रेटिंग्स जैसी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने भारत की विकास दर के अनुमान को बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया है और कहा है कि इस प्रदर्शन के दम पर भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का पूर्वानुमान बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 6 प्रतिशत रहने का अनुमान था। इस रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक सुस्ती के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था में लचीलापन देखने को मिला है। भारत की जीडीपी वृद्धि अनुमान में बढ़ोतरी का मुख्य आधार मजबूत घरेलू मांग, निजी खपत में लगातार सुधार, और बुनियादी ढांचा क्षेत्र में सरकारी व निजी निवेश में आई तेजी है।मूडीज ने भारत की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग को 'बीएए 3' पर बनाए रखा है और देश के आर्थिक आउटलुक को 'स्थिर' रखा है। रिपोर्ट के अनुसार यद्यपि विकास की गति सकारात्मक है, लेकिन भविष्य की चुनौतियों की ओर भी ध्यान दिया जाना जरूरी है। कहा गया है कि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल और ऊर्जा की ऊंची कीमतें भारत के आयात बिल और चालू खाते के घाटे को प्रभावित कर सकती हैं। मौसम के प्रतिकूल प्रभावों जैसे अल नीनो के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि महंगाई और ग्रामीण खपत पर दबाव डाल सकती है। वस्तुतः मूडीज का यह संशोधित अनुमान दर्शाता है कि भारत वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है। दुनिया की प्रसिद्ध जापानी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी (जेसीआर) ने भारत की विदेशी और स्थानीय मुद्रा दीर्घकालिक जारीकर्ता रेटिंग के साथ-साथ कंट्री सीलिंग को एक पायदान ऊपर बढ़ा दिया है। उल्लेखनीय है कि जेसीआर के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था लगभग सात प्रतिशत की उच्च विकास दर बनाए रखने में सफल रही है। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) जैसे ढांचागत सुधारों ने अर्थव्यवस्था की नींव को मजबूत किया है। निसंदेह अब देश और दुनिया के बदलते माहौल के बीच भारत के लिए वृद्धि दर बनाए रखना भी एक कठिन काम है। भारत के सामने कई चुनौतियां उभर कर दिखाई दे रही हैं।

इस समय कच्चे तेल के ऊंचे दाम, कमजोर मानसून और महंगाई देश की बड़ी चुनौतियां हैं। इन परिस्थितियों में देश के आर्थिक ढांचे को मजबूत बनाए रखने के लिए एक संतुलित और दूरदर्शी नीति की अत्यंत आवश्यकता है। इसमें कोई दो मत नहीं कि विनिर्माण क्षेत्र की मजबूती से आपूर्ति श्रृंखला में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सकता है, जिससे दीर्घकालिक रूप से महंगाई को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। ऐसा किए जाने पर ही आर्थिक और वित्तीय चुनौतियों के बीच भी अर्थव्यवस्था वृद्धि की राह पर आगे बढ़ सकेगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

पर्यटन
सुशील देव



एक बार बस्तर का दशहरा भी देखें !

यह बेहद सुकुन देने वाली बात है कि छत्तीसगढ़ का बस्तर, जिसे आमतौर पर नक्सलवाद और लाल आतंक के नाम से जाना जाता था, पर्यटन के नक्शे पर उसकी पहचान अब संस्कृति और प्रकृति की अनुपम छटा वाले पर्यटन क्षेत्र के रूप में जाना जा रहा है। वास्तव में बस्तर का वन क्षेत्र बेहद निराला है। प्रकृति की हरियाली और स्वच्छता पर्यटकों को आकर्षित करता है। धीरे-धीरे बस्तर न केवल विकास की धारा से जुड़ रहा है बल्कि पयर्टन के हिसाब से भी तेजी से बदल रहा है। यहां का खूबसूरत इलाका अपनी अनोखी आदिवासी संस्कृति, घने जंगलों की छटा सबका ध्यान खींच रहा है। साथ ही, यहां के लोगों का भावपूर्ण और अतिथि सत्कार भी दुनिया भर के पर्यटकों को लुभा रहा है। बारिश का मौसम बीतने के बाद से ही यहां हरे-भरे जंगल, पहाड़ और उनके उफनते पर्यटकों का मन मोह रहे हैं। इसलिए आज की तारीख में बस्तर भी देश के बेहतरीन पर्यटन स्थलों में एक साबित हो रहा है। हालांकि बस्तर का दशहरा बहुत पहले से प्रसिद्ध है, लेकिन हाल के दिनों में इस अवसर पर जुटने वाले सैलानियों की संख्या में खासा इजाफा दर्ज किया गया है। इस वर्ष भी यहां का दशहरा देखने के लिए देश-विदेश से बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। नवरात्रि और दशहरा के अलावा यहां दीपावली पर भी दुनिया भर से भारी संख्या में सैलानी पहुंचते हैं। इस बार और अधिक सैलानियों की उम्मीद की जा रही है। निश्चित तौर से इससे वहां की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। वहां के लोगों को इस बहाने रोजगार के साधन मिलते हैं। चर्चा है कि इस बार 75 दिनों तक चलने वाले बस्तर के दशहरा में कुछ खास होने वाला है, जो यहां के सैलानियों को दिखेगा। गौरतलब है कि दशहरा यहां सिर्फ पूजा-पाठ का त्योहार नहीं, बल्कि नए बस्तर की नई पहचान के रूप में मनाया जाएगा। असल में बस्तर का दशहरा देश के बाकी हिस्सों से बहुत अलग और अनोखा होता है। ध्यान देने योग्य बात है कि बस्तर में रावण के पुतले का दहन नहीं होता। यानी यहां रावण दहन या राम-रावण युद्ध के किसी प्रसंग को दोहराने की परंपरा नहीं है। क्योंकि यहां देवी और प्रकृति की आराधना होती है। इसलिए बस्तर का यह प्रसिद्ध उत्सव भगवान राम की विजय या रावण वध से जुड़ा हुआ नहीं है। यह पूरी तरह से यहां की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी और क्षेत्र के स्थानीय देवी-देवताओं को समर्पित है। यहां रावण दहन के बजाय विशाल लकड़ी के रथ खींचने, देवी-देवताओं की डोलियों के मिलन और आदिवासी लोक-परंपराओं पर पूरा फोकस होता है। मान्यता है कि बस्तर प्राचीन काल में दंडकारण्य का हिस्सा माना जाता था, इसलिए यहां रावण के पुतले को जलाने के बजाय उसकी संस्कृति और स्थानीय आस्था से जुड़ी रस्में (जैसे भीतर रैनी, बाहर रैनी और रथ परिक्रमा) निभाई जाती हैं। इस बार दशहरा और भी खास होने वाला है, क्योंकि देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य मेहमान के तौर पर शामिल होने वाली हैं। देश की राष्ट्रपति के इसमें शामिल होने से इस आयोजन का महत्व और भी बढ़ गया है। खास बात यह भी है कि दशहरा देखने आ रहे सैलानी अब बस्तर के दूसरे गांवों और पर्यटन स्थलों तक भी पहुंच रहे हैं, जिससे यहां के स्थानीय लोगों की कमाई के रास्ते खुल गए हैं। होटल और होम-स्टे चलाने वालों ने पर्यटकों के स्वागत की पूरी तैयारी कर ली है। सैलानियों को सिर्फ प्राकृतिक नजारे ही नहीं, बल्कि पारंपरिक बस्तरिया पकवान खाने और यहां की लोक कलाओं को नजदीक से देखने का मौका भी मिलेगा। छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के प्रबंधन के मुताबिक वर्तमान राज्य सरकार बस्तर में इको-टूरिज्म, होम-स्टे और एडवेंचर टूरिज्म को तेजी से बढ़ावा दे रही है। सुरक्षा और आने-जाने के रास्तों में सुधार होने से पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। सरकार का मकसद सिर्फ सैलानी बढ़ाना नहीं, बल्कि पर्यटन को रोजगार से जोड़ना है। इससे स्थानीय युवाओं, महिलाओं, गाइडों, कारीगरों और छोटे कारोबारियों को सीधे फायदा मिल रहा है। इससे यह समझा जा सकता है कि अब बस्तर आने वाले लोग सिर्फ दशहरा देखकर नहीं लौट रहे, बल्कि चित्रकोट जलप्रपात, तीरथगढ़, कांगेर घाटी, कुटुमसर और कैलाश गुफा जैसी जगहों पर भी जा रहे हैं। बारिश के बाद यहां की हरियाली और झरने इन जगहों को और भी खूबसूरत बना देते हैं। कांगेर घाटी में पर्यटकों को घने जंगलों के साथ आदिवासी जीवन को करीब से देखने का मौका मिल रहा है। स्पष्ट है कि पर्यटकों के यहां आने से बस्तर की ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। होम-स्टे, स्थानीय खाना, महुआ से बने उत्पाद, हस्तशिल्प और सुंदर कलाकृतियां पर्यटकों को बहुत पसंद आ रही हैं। इससे वाहन चालकों, छोटे दुकानदारों, कलाकारों और महिला समूहों की कमाई बढ़ रही है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

संकलित
दर्शन

जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है



जिस प्रकार संपूर्ण जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है, उसी प्रकार मनुष्यों का विकास भी प्रारंभिक मानवीय प्रतिभाओं से आरंभ होकर विकास की उच्चतर अवस्थाओं तक होता है। उनकी क्षमता एक जन्म के बाद दूसरे जन्म में निरंतर और अधिकाधिक विकसित होती रहती है। संपूर्ण मानव जाति विकास एवं प्रतिविकास के चक्रों से गुजरती रहती है, जिन्हें शास्त्रों में युगों के नाम से संबोधित किया जाता है। उनका आरोहण और अवरोहण होता रहता है। इस समय हम एक ऐसे युग में हैं, जो आरोहण की अवस्था में है। दूसरे शब्दों में, वर्तमान काल में जन्म लेने वाले आत्माएं अपने दादा-दादी और परदादा-परदादी की अपेक्षा विकास की उच्चतर अवस्था में हैं।- आज के बच्चों को देखें, उनके अंदर स्वाभाविक रूप से यह भावना है-, 'नहीं, केवल किसी की त्वचा के रंग के कारण मेरे हृदय में उनके प्रति घृणा उत्पन्न नहीं होगी,' और इन बच्चों के हृदयों में एक अन्य प्रकार की मानवीय अज्ञानता के प्रति एक स्वाभाविक अस्वीकृति है, जिसमें संपूर्ण विश्व के सभी देशों में पुरानी पीढ़ियां दृढ़तापूर्वक विश्वास करती थीं। यह लगभग ऐसा है कि जैसे वे पहले से ही थोड़ी-बहुत तैयारी करके आते हैं। मेरे विचार से, जब आपकी आयु मेरी वर्तमान आयु के बराबर होगी, तो संभवतः आप और भी बहुत अधिक विकास को देखेंगे। तब आप पीछे मुड़कर देखेंगे और कहेंगे, 'ओह, उन पिछली पीढ़ियों के लोग ऐसे कैसे हो सकते थे?'

संकलित
प्रेरणा

सफलता के लिए योजना बनाकर काम करे



जब भगवान विष्णु श्रीकृष्ण रूप में अवतार लेने वाले थे। देवकी और वसुदेव कंस की कैद में थे। कंस ने देवकी-वसुदेव की 6 संतानों का वध कर दिया था। सातवीं संतान के रूप में बलराम देवकी के गर्भ में आए तो भगवान विष्णु ने योगमाया से कहा था कि आप इस सातवीं संतान को देवकी के गर्भ से निकाल कर वसुदेव जी की दूसरी पत्नी रोहिणी के गर्भ में स्थापित कर दो। इसके बाद कंस को ये सूचना दी जाएगी कि सातवां गर्भ गिर गया है। योगमाया ने ऐसा ही किया। इसके बाद जब आठवीं संतान के जन्म का समय आया तो भगवान ने योगमाया से कहा कि अब मेरे अवतार लेने का समय आ गया है। जब मेरे अवतार का जन्म होगा, ठीक उसी समय आप गोकुल में यशोदा के गर्भ से जन्म लेना। वसुदेव जी कंस के कारागर से निकालकर मुझे गोकुल पहुंचाएंगे और आपको लेकर कंस के कारागार में आ जाएंगे। जब कंस आठवीं संतान को मारने के लिए आएगा तब आप मुक्त हो जाना। भगवान ने जो योजना बनाई थी, उसी के अनुसार श्रीकृष्ण का अवतार हो गया। इस कथा में भगवान ने संदेश दिया है कि जब भी कोई काम करना हो तो उसकी योजना जरूर बनाएं। योजना अच्छी होगी तो सफलता जरूर मिलेगी।

अंतर्मन



आज की पाती

तेल की कीमतों का झटका और भारत में बढ़ती महंगाई

महंगाई केवल बाजार में वस्तुओं की कीमत बढ़ने का नाम नहीं है, बल्कि इसके पीछे कई घरेलू और वैश्विक कारण काम करते हैं। जब किसी देश में विदेशों से आयात की जाने वाली वस्तुओं या कच्चे माल की कीमत बढ़ती है और उसका असर घरेलू बाजार की कीमतों पर पड़ता है, तो इसे आयातित महंगाई कहा जाता है। भारत जैसे देश के लिए यह चुनौती अधिक गंभीर है क्योंकि हमारी अर्थव्यवस्था ऊर्जा की आवश्यकताओं के लिए काफी हद तक आयातित कच्चे तेल पर निर्भर है। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में होने वाला उतार-चढ़ाव इसलिए केवल पेट्रोल और डीजल की कीमतों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसका असर परिवहन, उद्योग, कृषि, खाद्य पदार्थों और अंततः आम आदमी की जेब तक पहुंचता है।

- मदद अग्रवाल, दुर्ग

ट्रेंड

आत्मविश्वास और संकल्प



हमने जो भी प्रगति देखी है, वह इसलिए संभव हो पाई क्योंकि करोड़ों भारतीयों ने पूरे आत्मविश्वास और संकल्प के साथ देश के बदलाव में हिस्सा लिया। यह देखना विशेष रूप से सुखद है कि यह बदलाव लोगों के रोजमर्रा के जीवन में भी दिखाई दे रहा है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

67933 गांव टीबी-मुक्त



आज यह बहुत खुशी की बात है कि 67,933 ग्राम पंचायतों को टीबी-मुक्त घोषित किया गया है। इस उपलब्धि के लिए हमारे चुने हुए प्रतिनिधियों, स्वयंसेवकों और समुदाय के सदस्यों को बधाई।

- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री

पाटेकर का निधन दुःखद



मशहूर अभिनेता नाना पाटेकर के निधन की खबर बेहद दुःखद है। अपनी एक्टिंग और किरदारों के ज़रिए उन्होंने भारतीय सिनेमा और दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी है। दुख की इस घड़ी में, मेरी गहरी संवेदनाएं उनके परिवार, दोस्तों और चाहने वालों के साथ हैं।

-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

देशद्रोही वामपंथी



देशद्रोही वामपंथी, जो सैद्धांतिक रूप से लोकतंत्र पर अविश्वास करते हैं और हिंसक क्रांति में भरोसा रखते हैं, साथ ही राष्ट्रवाद का पुरजोर विरोध करते हैं, उनका संस्थानों की छवि खराब करने का एक लंबा इतिहास रहा है।

- केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, यूपी

करंट अफेयर

भारतीय नेतृत्व वाले 'इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस' में शामिल घाना



घाना ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर को भारत के नेतृत्व वाले 'इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस' (आईबीसीए) में शामिल होने के लिए 'स्वीकृति पत्र' प्रदान किया है और इसी के साथ यह पश्चिम अफ्रीकी देश इस गठबंधन का औपचारिक रूप से सदस्य बन गया है। जयशंकर तीन अफ्रीकी देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में घाना पहुंचे। इस यात्रा में कोट डी आइवर और इथियोपिया भी शामिल हैं। घाना के विदेश मंत्री सैमुअल ओकुदजेटो अबलाकवा ने बुधवार को द्विपक्षीय बातचीत के दौरान जयशंकर को यह स्वीकृति पत्र सौंपा। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें घाना के विदेश मंत्री से 'इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस' में शामिल होने का स्वीकृति पत्र प्राप्त हुआ है। उन्होंने घाना के अपने समकक्ष के साथ अपनी एक वीडियो क्लिप और तस्वीर भी साझा की। आईबीसीए संधि पर आधारित एक अंतरसरकारी अंतरराष्ट्रीय संगठन है, जो बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, चीता, जगुआर और प्यूमा समेत बड़ी बिल्ली प्रजाति के सात वन्यजीवों और उनके प्राकृतिक आवासों के संरक्षण पर केंद्रित है। भारत ने नौ अप्रैल, 2023 को 'प्रोजेक्ट टाइगर' की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में इस गठबंधन की शुरुआत की थी।

ऑफ बीट

फिटनेस ट्रैकिंग के छिपे खतरे विशेषज्ञों ने किया सावधान



मोबाइल ऐप, स्मार्टवॉच और अन्य पहनने योग्य फिटनेस उपकरणों का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि ये उपकरण लोगों को अधिक सक्रिय जीवनशैली अपनाने में मदद करते हैं, लेकिन इन पर अत्यधिक निर्भरता मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह भी हो सकती है। शोधकर्ताओं के अनुसार, फिटनेस ट्रैकर केवल शारीरिक गतिविधियों का रिकॉर्ड नहीं रखते, बल्कि लक्ष्य, अलर्ट, बैज, 'स्ट्रीक' और स्वचालित फीडबैक के जरिए लोगों के व्यवहार को भी प्रभावित करते हैं। जहां ये कुछ लोगों को अधिक सक्रिय बनने के लिए प्रेरित करते हैं, वहीं कई लोगों में चिंता, अपराधबोध, तनाव और खान-पान संबंधी अस्वास्थ्यकर व्यवहार भी देखने को मिला है। पिछले एक दशक से इस विषय पर शोध कर रहे विशेषज्ञ ने फिटनेस ट्रैकिंग से जुड़े पांच प्रमुख जोखिमों की पहचान की है। विशेषज्ञ के अनुसार, पहला खतरा प्रतिदिन 10,000 कदम चलने के लक्ष्य को लेकर है। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य 1960 के दशक में जापान में एक पेडोमीटर के प्रचार अभियान से जुड़ा था और इसे सभी लोगों के लिए वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित मानक नहीं माना जाता। कई शोध बताते हैं कि अधिकतर वयस्कों के लिए लगभग 7,000 कदम भी पर्याप्त और अधिक व्यावहारिक हो सकते हैं।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 57वीं जीएसटी परिषद में शामिल हुए मुख्यमंत्री नायब

हरियाणा छोटा प्रदेश,बड़ा योगदानः जीएसटी संग्रह में सभी राज्यों में पांचवां स्थानः नायब

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित जीएसटी परिषद की 57वीं बैठक में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा छोटा प्रदेश है। देश के कुल क्षेत्रफल का लगभग 1.3 प्रतिशत और कुल आबादी का लगभग 2 प्रतिशत हिस्सा हरियाणा में है। फिर भी सितंबर 2026 में हरियाणा से 10 हजार 97 करोड़ रुपये का सकल जीएसटी एकत्र हुआ। यह सभी राज्यों में पांचवां सबसे अधिक है और पूरे देश के घरेलू जीएसटी का 7 प्रतिशत से अधिक है।

इस दौरान उन्होंने प्रस्ताव भी रखे। उन्होंने पहला प्रस्ताव रखते हुए कहा कि जीएसटी के शुरुआती वर्षों, यानी वित्त वर्ष 2017–18 से 2019–20 से जुड़े आदेशों के विरुद्ध अपील दायर करने की समय–सीमा में एक और, एकमुश्त छूट देने का है। नवंबर 2023 में सीमित अवधि के लिए अपील दायर करने का एक अवसर दिया गया था। हरियाणा में ऐसे 646 मामले हैं, जिनमें अपीलें केवल देरी के कारण खारिज हुई हैं। इन मामलों में 567 करोड़ 43 लाख रुपए की मांग है। इन आंकड़ों के पीछे ऐसे करदाता हैं, जो चाहते हैं कि उनके मामले की सुनवाई गुण–दोष के आधार पर हो। एक न्यायपूर्ण और संवेदनशील कर–व्यवस्था को उनकी इस कठिनाई पर विचार करना चाहिए। पिछली अधिसूचना में, जिस मांग में कर शामिल नहीं था, उसके विरुद्ध अपील की अनुमति नहीं थी। हमारा सुझाव है कि प्रस्तावित छूट में कर, ब्याज और जुर्माने, हर तरह की मांग शामिल हो। वे मामले भी शामिल हों, जिनमें कर का कोई हिस्सा नहीं है और मांग केवल ब्याज या जुर्माने की है। इस सीमित छूट के लिए परिषद धारा 148 के तहत विशेष प्रक्रिया की सिफारिश करने पर विचार कर सकती है।

प्रशासनिक तालमेल की स्पष्ट और व्यावहारिक व्यवस्था बनाई जाए: मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि दूसरा प्रस्ताव उन कठिनाइयों से जुड़ा है, जो केंद्र और राज्य के जीएसटी अधिकारियों द्वारा एक साथ की जाने वाली प्रवर्तन कार्रवाई से पैदा होती हैं। करदाताओं को कई बार एक ही या आपस में जुड़े विषय पर दोनों कर प्रशासनों की ओर से समन, जांच, निरीक्षण और दूसरी कार्रवाइयों का सामना करना पड़ता है। तब उन्हें बार–बार दस्तावेज देने और अपना पक्ष रखने में समय और संसाधन लगाने पड़ते हैं। हमें प्रशासनिक तालमेल की स्पष्ट और व्यावहारिक व्यवस्था बनानी चाहिए। हरियाणा का प्रस्ताव है कि इसके लिए तकनीक आधारित व्यवस्था बनाई जाए। इसमें केंद्र और राज्य, दोनों के वैध प्रवर्तन अधिकार सुरक्षित रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा परिषद के सामने रखे गए उस प्रस्ताव का भी स्वागत करता है, जिसमें ऐसी व्यवस्था बनाने की बात है कि जिस करदाता का इनपुट टैक्स क्रेडिट रोका जा रहा है, उसे अपना पक्ष रखने का अवसर मिले। क्रेडिट रोकने के आदेश के लिए एक नया फॉर्म, डीआरसी-26, प्रस्तावित है, और यह आदेश करदाता को भेजा जाएगा। हरियाणा का सुझाव है कि फॉर्म डीआरसी-26 के आदेश में क्रेडिट रोकने के आधार लिखे जाएं, और उससे जुड़े दस्तावेज या सबूत उस आदेश का हिस्सा हों। अधिकारी के लिए आदेश में ये आधार लिखना और ये सबूत साथ लगाना अनिवार्य होना चाहिए।



पहली छमाही में 26 प्रतिशत की वृद्धि

सैनी ने कहा कि वर्ष 2025–26 में हरियाणा का राज्य जीएसटी राजस्व, आईजीएसटी सेटलमेंट में राज्य के हिस्से को मिलाकर, 39 हजार 743 करोड़ रुपए से बढ़कर 48 हजार 289 करोड़ रुपए हो गया। 22 प्रतिशत की यह वृद्धि सभी राज्यों में सबसे अधिक रही, जबकि राष्ट्रीय औसत 6 प्रतिशत था। उन्होंने कहा कि चालू वर्ष के पहले छह महीनों में राज्य जीएसटी राजस्व 29 हजार 108 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 23 हजार 58 करोड़ रुपए था। यह 26 प्रतिशत की वृद्धि है, जो राज्यों में दूसरी सबसे अधिक है, जबकि राष्ट्रीय औसत 16 प्रतिशत है। इसका श्रेय उन्होंने हरियाणा के उद्योगपतियों, व्यापारियों और सेवा प्रदाताओं की मेहनत को और ईमानदार करदाताओं को दिया। उन्होंने बताया कि इसे और आगे बढ़ाने के लिए हरियाणा सरकार ने 30 सितंबर को चंडीगढ़ में प्रदेश के कर–राजस्व को मजबूत करने पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया।

कम दरें और बढ़ता राजस्व दोनों साथ-साथ चले

मुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि एक वर्ष पहले परिषद की सिफारिश पर 22 सितंबर 2025 से देश में जीएसटी दरों का सरल ढांचा लागू हुआ था। मोटर वाहनों और ऑटो पार्ट्स, ट्रैक्टरों और कृषि मशीनों, सीमेंट, इलेक्ट्रॉनिक सामान, कपड़ा, खाने–पीने की चीजों, रोजमर्रा के सामान और दवाइयों पर कर घटाया गया। व्यक्तियों के जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा को कर से छूट दी गई। उन्होंने कहा कि उस समय राजस्व को लेकर चिंता होना स्वाभाविक था, लेकिन हरियाणा का एक वर्ष का अनुभव उत्साह बढ़ाने वाला है। जिन क्षेत्रों में दरें घटाई गईं, उनमें हरियाणा के करदाताओं का टर्न ओवर एक वर्ष पहले की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक है। ट्रैक्टर और उनके पुर्जों में यह 52 प्रतिशत और ऑटो पार्ट्स में 46 प्रतिशत अधिक है, और राजस्व भी लगातार बढ़ा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा देश में ऑटोमोबाइल निर्माण का प्रमुख केंद्र है, इसलिए यह उसके लिए विशेष महत्व रखता है। इस राहत का लाभ किसान, मध्यम वर्ग के परिवार और छोटे व्यापारी तक पहुंचा है और यह बढ़ी हुई मांग के रूप में अर्थव्यवस्था में वापस आया है।

विकसित भारत 2047 के संकल्प के लिए हरियाणा का पूरा सहयोग

सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने का संकल्प देश के सामने रखा है। इसे पूरा करने हरियाणा अपनी आर्थिक क्षमता के अनुसार राजस्व बढ़ाने और सरकारी संसाधनों के बेहतर उपयोग पर लगातार काम कर रहा है। जीएसटी देश में सहकारी संघवाद का मजबूत उदाहरण है। जो भी सुधार इसे ईमानदार करदाता के लिए सरल बनाता है और राजस्व को सुरक्षित करता है, वह देश को 'विकसित भारत' के संकल्प के और करीब ले जाता है। उन्होंने परिषद को हरियाणा के पूरे सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और केंद्रीय वित्त मंत्री के नेतृत्व में हरियाणा केंद्र और सभी राज्यों के साथ मिलकर 'विकसित भारत' के संकल्प को पूरा करने के लिए काम करता रहेगा।

नए सुधारों का किया स्वागत

नायब ने कहा कि जीएसटी परिषद जिन नए सुधारों पर विचार कर रही है, हरियाणा उनका स्वागत करता है। इनका उद्देश्य ऐसी कर व्यवस्था का नया दौर शुरू करना है, जो सिस्टम से होने वाले जोखिम-आकलन पर आधारित हो। ये प्रौद्योगिकी की मदद से निर्णय लेने की ओर भी ले जाते हैं। पंजीकरण, संशोधन, कैंसेलेशन और रिफंड देने की प्रक्रिया में ऑटोमेशन और प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ाने के प्रस्ताव सराहनीय हैं और हरियाणा इनका समर्थन करता है। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और सही करदाताओं के लिए व्यवस्था आसान होगी। उन्होंने ई–कॉमर्स ऑपरेटर के माध्यम से आपूर्ति करने वाले छोटे करदाताओं के लिए पंजीकरण की सरल प्रक्रिया का, और सिस्टम–आधारित जोखिम विश्लेषण से रिफंड देने की व्यवस्था का भी स्वागत और समर्थन किया।

राष्ट्रपति से मुलाकात के लिए विपक्ष को अब भी इंतजार

वेणुगोपाल बोले- 2 और 5 अक्टूबर को भेजा था पत्र

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर केंद्र सरकार तथा निर्वाचन आयोग के खिलाफ विपक्षी दलों के बढ़ते विरोध के बीच भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात का समय मांगा है। कांग्रेस महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को कहा कि गठबंधन की ओर से राष्ट्रपति भवन को दो बार पत्र भेजे जा चुके हैं, लेकिन अभी तक मुलाकात के लिए कोई उत्तर नहीं मिला है।

वेणुगोपाल ने कहा कि गठबंधन की ओर से राष्ट्रपति से मुलाकात का पहला अनुरोध 2 अक्टूबर को भेजा गया था। इसके बाद राष्ट्रपति भवन कार्यालय की ओर से मुलाकात में शामिल होने वाले नेताओं के नाम मांगे गए। विपक्षी गठबंधन ने इसके जवाब में 5 अक्टूबर को दोबारा पत्र भेजा और उसमें बैठक में शामिल होने वाले सभी नेताओं के नाम भी उपलब्ध करा दिए। उन्होंने बताया कि गठबंधन ने राष्ट्रपति से 7, 8 या 9 अक्टूबर में से किसी दिन मुलाकात का समय देने का अनुरोध किया था। वेणुगोपाल ने कहा, "आज 8 अक्टूबर है। हम कल तक भी इंतजार करेंगे। अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है।" उनके बयान की पुष्टि समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट से भी होती है।

मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण का मुद्दा प्रमुखः विपक्षी गठबंधन की राष्ट्रपति से मुलाकात की मांग ऐसे समय सामने आई है, जब कांग्रेस सहित भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन के कई दल निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। विपक्षी दलों का आरोप है कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में वास्तविक मतदाताओं के नाम प्रभावित हो सकते हैं। गठबंधन निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और मतदाताओं के अधिकारों को लेकर राष्ट्रपति के समक्ष अपनी चिंताएं रखने की तैयारी में है। दूसरी ओर, निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित अपने निर्णयों को वैधानिक प्रक्रिया के अनुरूप बताया है और कहा है कि संस्थागत विचार-विमर्श के दौरान अलग-अलग मत सामने आना सामान्य प्रक्रिया है।

राष्ट्रपति को सौंपना चाहते हैं संयुक्त ज्ञापनः भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन के नेताओं ने इससे पहले भी तय किया था कि वे राष्ट्रपति से मुलाकात कर निर्वाचन व्यवस्था और मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों पर संयुक्त रूप से अपनी बात रखेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विपक्षी दलों की बैठक के बाद कहा था कि गठबंधन राष्ट्रपति से मिलने का समय मांगेगा और उन्हें अपनी शिकायतों तथा मांगों से अवगत कराएगा। विपक्षी दलों की ओर से निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग भी लगातार उठाई जा रही है। कांग्रेस तथा उसके सहयोगी दलों का आरोप है कि मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया से लोकतांत्रिक अधिकार प्रभावित हो सकते हैं। निर्वाचन आयोग और भारतीय जनता पार्टी विपक्ष के इन आरोपों को खारिज करते रहे हैं।

दिल्ली में लगातार तीसरे दिन विरोध प्रदर्शन : राष्ट्रपति से मुलाकात के इंतजार के बीच दिल्ली में विपक्षी दलों का निर्वाचन आयोग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन गुरुवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। गुरुवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में विपक्षी सांसदों की बैठक हुई। इसमें कांग्रेस के अलावा समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरदचंद्र पवार और वाम दलों के नेता भी शामिल हुए। बैठक में आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश सहित कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी तथा विभिन्न विपक्षी दलों के सांसदों ने भी इसमें हिस्सा लिया। बैठक के बाद विपक्षी नेता राजघाट की ओर रवाना हुए।

'मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा की लड़ाई' : वेणुगोपाल ने राष्ट्रपति से मुलाकात की मांग के साथ ही विपक्ष के आंदोलन को लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा से जोड़ा। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन की लड़ाई आम लोगों के मताधिकार की रक्षा के लिए है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार लोकतांत्रिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ये आरोप कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन के राजनीतिक आरोप हैं।

राष्ट्रपति भवन से जवाब का इंतजार : राष्ट्रपति भवन की ओर से अब तक विपक्षी गठबंधन को मुलाकात की तारीख दिए जाने की सार्वजनिक पुष्टि नहीं हुई है। राष्ट्रपति भवन के आधिकारिक अभिलेख में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अक्टूबर में विभिन्न लोगों और प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकातों का उल्लेख है, लेकिन भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन के नेताओं के साथ ऐसी किसी बैठक का उल्लेख फिलहाल उपलब्ध नहीं है। ऐसे में विपक्षी गठबंधन की निगाह अब 9 अक्टूबर पर है। वेणुगोपाल के अनुसार गठबंधन राष्ट्रपति से मिलने के लिए कल तक इंतजार करेगा। यदि मुलाकात का समय मिलता है तो विपक्षी दल मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली और मतदाताओं के अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर संयुक्त रूप से अपना पक्ष राष्ट्रपति के सामने रख सकते हैं।

राहुल गांधी को समझना चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला सड़क की भीड़ से नहीं, संविधान और तथ्यों के आधार पर होता हैः भाजपा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली। भाजपा ने कहा है कि चुनाव आयोग से जुड़ा मामला सुप्रीम कोर्ट में सब-ज्यूडिस है, फिर राहुल गांधी सड़कों पर भीड़ जुटाकर न्यायपालिका और संस्थाओं पर दबाव बनाने का प्रयास क्यों कर रहे हैं? पार्टी के मीडिया सह-संयोजक एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने गुरुवार को केंद्रीय कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि राजघाट पर राहुल तथा कांग्रेस के प्रदर्शन पर सवाल उठाए। भंडारी ने कहा कि आयोग से जुड़ा मामला सुप्रीम कोर्ट में सब-ज्यूडिस है, फिर राहुल सड़कों पर भीड़ जुटाकर न्यायपालिका और संस्थाओं पर दबाव बनाने का प्रयास क्यों कर रहे हैं। क्या कांग्रेस को न्यायालय पर विश्वास नहीं है, उसका पक्ष तथ्यों के आधार पर कमजोर है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा युवक के साथ दुर्व्यवहार की आलोचना की और राहुल से लोकतांत्रिक मर्यादा अपनाने तथा अराजकता के लिए देश से माफी मांगने की मांग की। भंडारी ने कहा कि देश के लोकतंत्र में विश्वास रखने वाला हर व्यक्ति पिछले तीन दिनों से राहुल की अराजकता और गुंडागर्दी से परेशान हो चुका है। इस वक्त विपक्ष के साथी राजघाट गए हैं। अगर बापू जिंदा होते तो कम से कम कांग्रेस पार्टी और राहुल को सद्बुद्धि देते। हम उम्मीद करते हैं कि राजघाट पर कांग्रेस को कम से कम सद्बुद्धि आए। 3 दिन से लोकतंत्र को अराजकता की तरफ धकेलने की कांग्रेस की जो साजिश इस देश का व्यक्ति देख रहा है, उसे वह बेनकाब कर रहा है। भंडारी ने कहा कि हम सब जानते हैं कि चआयोग से जुड़ा मामला सुप्रीम कोर्ट के अंदर सब-ज्यूडिस है, तो हम राहुल से सीधा सवाल पूछना चाहते हैं। लोकतंत्र की बुनियाद देश के न्यायालय में विश्वास रखने की होती है। जब सुप्रीम कोर्ट इस मामले को सुन रहा है, तो राहुलसड़क पर अराजक धरने के बहाने क्या सुप्रीम कोर्ट के प्रति अपना अविश्वास दिखा रहे हैं? या राहुल को यह डर है केस सुप्रीम कोर्ट में गया है, वह तथ्यों के आधार पर इतना वीक है कि राहुल को एक माहौल बनाने का प्रयास करना पड़ रहा है? राहुल संवैधानिक तंत्र और भारतीय लोकतंत्र को डराने-धमकाने की कोशिश कर रहे हैं?

पंजाब में विपक्षी और निर्दलीय प्रत्याशियों के पर्चे फाड़े गए उन्हें पीटा गया और चुनाव लड़ने से रोका गयाः भाजपा

अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान की जोड़ी ने 'स्वराज' और 'कट्टर ईमानदारी' के नाम पर पंजाब में अराजकता और गुंडा राज कायम कियाः भाटिया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित किया और कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार ने लोकतंत्र की हत्या की है। भाटिया ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने में हुए पटियाला और मोगा के 50 वार्डों के चुनाव रद्द कर पुनः चुनाव का आदेश दिया, क्योंकि विपक्षी और निर्दलीय प्रत्याशियों के नामांकन रोके गए, पर्चे फाड़े गए और हिंसा व धमकी दी गई। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने मुख्यमंत्री भगवंत मान से इस्तीफा, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और प्रत्याशियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

भाटिया ने कहा कि वर्तमान में भारत में दो विचारधाराओं के बीच स्पष्ट लड़ाई है। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं, जिन्होंने पिछले 25 वर्षों में संवैधानिक तरीके से और संविधान की मूल भावना का सम्मान करते हुए देशवासियों की सेवा की है। वहीं दूसरी तरफ एक गैर-जिम्मेदार और अराजक विपक्ष है, जो बिना किसी आधार के यह झूठा माहौल बना रहा है कि 'लोकतंत्र की हत्या हो रही है।' लेकिन लोकतंत्र की असली हत्या का प्रमाण माननीय सर्वोच्च न्यायालय के उस ऐतिहासिक फैसले से सामने आया है, जिसमें पंजाब के 50 वार्डों (28 पटियाला और 22 मोगा) में हुए म्यूनिसिपल चुनावों को रद्द कर पुनः चुनाव कराने का आदेश दिया गया है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की सेवानिवृत्त जज, जस्टिस निर्मलजीत कौर के फैक्ट-फाइंडिंग कमीशन की रिपोर्ट ने यह साबित कर दिया है कि "स्वराज" का नारा देकर राजनीति में आई 'पापी 'आप' अब पूरी तरह से 'गुंडा राज' वाली पार्टी बन चुकी है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि कमीशन की रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब में विपक्षी और निर्दलीय प्रत्याशियों को रोकने के लिए व्यापक स्तर पर बाधा डाली गई। उनके नामांकन पत्र छीने और फाड़े गए तथा प्रत्याशियों को पीटा और डराया-धमकाया गया। पटियाला और बाघा पुराना जैसे क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से उम्मीदवारों को पर्चा भरने से रोका गया। हैरानी की बात यह रही कि सर्वोच्च न्यायालय में भगवंत मान सरकार के वकील कपिल सिब्बल ने बिना किसी आपत्ति के इन सिफारिशों को स्वीकार कर लिया। यह असली 'जंगल राज' है, लेकिन हर बात पर 'लोकतंत्र खतरे में है' का विलाप करने वाले राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, अरविंद केजरीवाल, अखिलेश यादव और ममता बनर्जी जैसे विपक्षी नेता इस असली अराजकता पर पूरी तरह से सन्नाटे में हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने पंजाब सरकार पर अविश्वास जताते हुए इन 50 वार्डों में पुनः चुनाव कराने, एक स्वतंत्र मॉनिटरिंग कमेटी बनाने और बार के वरिष्ठ सदस्यों को ऑब्जर्वर नियुक्त करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा, चुनाव ड्यूटी पर लगाए जाने वाले अधिकारियों की सूची कमेटी को सौंपने और नामांकन से लेकर वोटिंग तक की अनिवार्य वीडियोग्राफी के निर्देश दिए गए हैं, जिसकी अनदेखी भगवंत मान सरकार ने पहले उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद की थी, जो सीधे तौर पर अवमानना का मामला है। इस फैसले का सबसे बड़ा निर्देश यह है कि पूरी चुनावी प्रक्रिया तभी समाप्त मानी जाएगी, जब पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को यह लगेगा कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं संवैधानिक तरीके से संपन्न हुई है। अन्यथा, उच्च न्यायालय संविधान के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग कर आवश्यक आदेश पारित कर सकता है।

उत्तर प्रदेश 'आप' महिला प्रदेश अध्यक्ष नीलम यादव और बसपा नेता परमानंद गर्ग कांग्रेस में शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले विभिन्न पार्टियों के नेताओं और समाजसेवियों का कांग्रेस में शामिल होने का सिलसिला जारी है। गुरुवार को आप की उत्तर प्रदेश महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नीलम यादव, बसपा के गाजियाबाद से पूर्व प्रत्याशी परमानंद गर्ग, भारत सरकार के पूर्व अधिकारी दुर्गा प्रसाद और बिजनौर से समाजसेवी हाजी इमामुद्दीन अंसारी समेत दर्जनों नेताओं ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने सभी को पार्टी का पटका पहनाकर शामिल कराया। नए सदस्यों का पार्टी में स्वागत करते हुए गौतम ने कहा कि भाजपा के कुशासन से तंग आकर रोजाना बड़ी संख्या में लोग कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। आज कांग्रेस ही अकेली ऐसी पार्टी है, जो कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरे 'इंडिया' गठबंधन को साथ लेकर देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रही है। विपक्षी सांसदों को दिल्ली में वोट चोरी के मुद्दे पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन न करने देने का जिक्र करते हुए गौतम ने कहा कि देश में तानाशाही और अघोषित आपातकाल जैसी स्थिति पैदा कर दी गई है। भारत का संविधान शांतिपूर्ण तरीके से धरना-प्रदर्शन करने का अधिकार देता है। उन्होंने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के लिए कम से कम दस दिन पहले आवेदन करने की शर्त को नागरिकों के मौलिक अधिकारों और संविधान द्वारा प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन बताया। गौतम ने 2 दिन में दिल्ली पुलिस द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ किए गए व्यवहार को शर्मनाक बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा देश की जांच एजेंसियों और चुनाव आयोग का इस्तेमाल कर लोकतंत्र की हत्या कर रही है।

- प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम की मौजूदगी में उत्तर प्रदेश के दर्जनों नेताओं ने थामा कांग्रेस का दामन

भाजपा ने कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों के साथ कथित दुर्व्यवहार पर सवाल उठाए

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

भाजपा ने कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों के साथ कथित दुर्व्यवहार और मारपीट को लेकर राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और कांग्रेस पर सवाल उठाए। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया सह-संयोजक सिद्धार्थ यादव ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने एक महिला पुलिसकर्मी को अनुचित तरीके से छुआ, जबकि प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक महिला पुलिसकर्मी को कोहनी मारी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट की। भाजपा के मीडिया सह-संयोजक ने पूछा कि क्या यही कांग्रेस की 'मोहब्बत की दुकान' और 'स्मैश द पेट्रिआर्की' तथा 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' जैसे नारों का अर्थ है। यादव ने कांग्रेस से जवाबदेही तय करने और संवैधानिक मूल्यों का पालन करने की मांग की।

सिद्धार्थ यादव ने कहा कि विशेषाधिकार प्राप्त वंशवादी राजनीति की हताशा और अहंकार की कुछ तस्वीरें आज हम आप सभी को दिखाना चाहते हैं। ये जो तस्वीरें हैं, ये किसी विरोध प्रदर्शन की तस्वीरें नहीं हैं। ये देश की राजधानी में फैलाई जा रही अराजकता की तस्वीरें हैं। यह अराजकता प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में फैलाई जा रही है। इन प्रदर्शनों में कोई आम जनता या सामान्य जनमानस नहीं है। राहुल गांधी अपने कार्यकर्ताओं को लेकर जिस बर्बरता के साथ वर्दी में खड़े देश के सिपाहियों पर हमला करने का काम कर रहे हैं, वह हमने इन तस्वीरों में देखा है। भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह-संयोजक ने कहा कि हम पूछना चाहते हैं कि 'स्मैश द पेट्रिआर्की' का नारा देने वाले राहुल गांधी और 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' की बात कहने वाली प्रियंका गांधी वाड्रा, क्या उन नारों का अर्थ यही था? जब प्रियंका गांधी वाड्रा उस महिला पुलिसकर्मी को मार रही थीं, क्या यही नारा उनके मन में आ रहा था? और अगर ऐसा नहीं है, तो उनके नारों की सच्चाई आज देश के सामने है। अगर कोई इस देश में नेहरू-गांधी-वाड्रा परिवार से नहीं आता, तो क्या उसका कोई मानवाधिकार नहीं है? अगर कोई इस देश में इनके एलिटिस्ट कल्चर से नहीं आता, तो क्या उसको चोट नहीं लगती? यह प्रश्न आज राहुल गांधी के सामने खड़े हैं और इन प्रश्नों का उत्तर राहुल गांधी को देश की जनता के सामने आकर देना पड़ेगा। जो कुकृत्य राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी द्वारा देखने को मिला है कि एक हाथ में संविधान लेकर और दूसरे हाथ से कानून तोड़ना, यह भारत के लोकतंत्र की संस्कृति नहीं है। कांग्रेस पार्टी ने आज देश की राजधानी में भारत के लोकतंत्र का मजाक बनाने का काम किया है।

महंगे कर्ज, महंगाई और गिरते रुपए से जनता परेशान : जयराम रमेश

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत ब्याज दर में बढ़ोतरी किए जाने के बाद कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि महंगे कर्ज, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, घटती आमदनी, शेयर बाजार में गिरावट और रुपए की लगातार कमजोरी ने आम जनता की आर्थिक मुश्किलें बढ़ा दी हैं। उन्होंने कहा कि देश गंभीर आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है, लेकिन सरकार जनता की परेशानियों की चिंता करने के बजाय जश्न मनाने में व्यस्त है।

जयराम रमेश ने कहा कि नीतिगत ब्याज दर बढ़ने से कर्ज महंगा होगा और इसका सीधा असर आम लोगों पर पड़ेगा। महंगे कर्ज के कारण लोगों का खर्च घट सकता है तथा कारोबार और निवेश पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि त्योहारों के मौसम में बढ़ती महंगाई ने मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों की कमर तोड़ दी है। बेरोजगारी और घटती कमाई के बीच आम आदमी की जेब लगातार खाली हो रही है। रिजर्व बैंक ने सात अक्टूबर को नीतिगत ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर इसे 5.50 प्रतिशत कर दिया। फरवरी 2023 के बाद यह पहली बढ़ोतरी है। रिजर्व बैंक ने मौद्रिक नीति का रुख भी पहले के तटस्थ रुख से बदलकर नियंत्रित सख्ती वाला कर दिया है। केंद्रीय बैंक का कहना है कि आगे के फैसले महंगाई और आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर किए जाएंगे।

शेयर बाजार में भी गिरावट का दौर जारी : जयराम रमेश ने शेयर बाजार में लगातार जारी गिरावट को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। गुरुवार को मुंबई शेयर बाजार का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 1,045 अंक से अधिक गिरकर 71,593 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं राष्ट्रीय शेयर बाजार का निफ्टी भी 371 अंक से अधिक टूटकर 22,232 के करीब बंद हुआ। विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली, रुपए की कमजोरी, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और रिजर्व बैंक के सख्त रुख को बाजार में गिरावट के प्रमुख कारणों में गिना जा रहा है।

विदेशी निवेशकों की भारी निकासी : कांग्रेस नेता ने दावा किया कि पिछले नौ महीनों में विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय शेयर बाजार से करीब चार लाख करोड़ रुपए निकाल चुके हैं। उपलब्ध बाजार आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष जनवरी से सितंबर के बीच विदेशी निवेशकों की भारतीय शेयरों से निकासी तीन लाख करोड़ रुपए से अधिक रही है। अक्टूबर में भी विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी है।

रुपया ऐतिहासिक निचले स्तर के करीब : रमेश ने रुपये की कमजोरी को भी अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर संकेत बताया। गुरुवार को रुपया लगभग 96.78 रुपए प्रति डॉलर के स्तर पर रहा। इस वर्ष रुपये में सात प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की जा चुकी है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, विदेशी पूंजी की निकासी और अमेरिकी मुद्रा की मजबूती को रुपये पर दबाव के प्रमुख कारणों में माना जा रहा है।

महंगाई बढ़ने की आशंका : महंगाई के मोर्चे पर भी दबाव बढ़ने की आशंका है। हालिया अनुमानों के मुताबिक सितंबर में खुदरा महंगाई अगस्त की तुलना में बढ़ सकती है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, खाद्य पदार्थों की कीमतों और रुपये की कमजोरी से महंगाई पर दबाव बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लि

खबर संक्षेप

रुपया 13 पैसे टूटकर 96.88 प्रति डॉलर पर



मुंबई। वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति और भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के बीच रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 13 पैसे की गिरावट के साथ 96.88 प्रति डॉलर पर रहा। वैश्विक स्तर पर डॉलर की मजबूती और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों समेत लगातार बने व्यापक आर्थिक दबाव के कारण रुपये में गिरावट आई।

टीसीएस का दूसरी तिमाही में लाभ 15 प्रतिशत बढ़ा



मुंबई। देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 15 प्रतिशत बढ़कर 13,884 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। एक साल पहले की समान अवधि में 12,075 करोड़ रुपये और अप्रैल-जून तिमाही में 13,349 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

सूचकांक ढाई साल के निचले स्तर पर पहुंचा

मौद्रिक नीति सख्त होने की आशंका में सेंसेक्स 1045 अंक टूटा, डूबे 10 लाख करोड़

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कच्चे तेल के दाम में तेजी से बाजार में रही गिरावट | **निफ्टी भी 22,230 अंक के करीब आ गया** | **एफएमसीजी के शेयरों में तेज बिकवाली रही**

कच्चे तेल के दाम में तेजी, मौद्रिक नीति और सख्त होने की आशंका में घरेलू शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट आई और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 1,045 अंक का गोता लगाकर ढाई साल से अधिक के निचले स्तर पर, जबकि एनएसई निफ्टी 22,230 अंक के करीब आ गया।


विश्लेषकों के अनुसार, कच्चे तेल के दाम में तेजी और घरेलू तथा वैश्विक स्तर पर मौद्रिक नीति के और सख्त होने की आशंका के बीच ब्याज दर को लेकर संवेदनशील जिंस और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा।

सेंसेक्स 13 फरवरी 2024 को इस स्तर के आसपास हुआ था बंद

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,045.46 अंक का गोता लगाकर ढाई साल से अधिक के निचले स्तर 71,593.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,310.95 अंक तक लुढ़क गया था। इससे पहले बीएसई सेंसेक्स 13 फरवरी, 2024 को इस स्तर के आसपास बंद हुआ था।

दुनियाभर के बाजारों में रही गिरावट

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग उल्लेखनीय गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी दोपहर के कारोबार गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे



इन शेयरों में रहा नफा-नुकसान : सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में आईटीसी में सर्वाधिक 4.24 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा इंटरग्लोब एविएशन (3.36 प्रतिशत), पावर ग्रिड (3.16 प्रतिशत), भारत इलेक्ट्रॉनिक्स (3.1 प्रतिशत), अदाणी पोर्ट्स (2.59 प्रतिशत) और एनटीपीसी (2.43 प्रतिशत) प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक और इन्फोसिस के शेयर बढ़त में रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 4.25 प्रतिशत चढ़कर 104.5 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

निफ्टी भी 52 सप्ताह के निचले स्तर पर : इसी तरह, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 371.25 अंक की गिरावट के साथ 21 महीने के निचले स्तर 22,231.80 अंक पर बंद हुआ।

निवेशकों की संपत्ति 10 लाख करोड़ रुपए घटी

व्यापक बिकवाली से शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को भारी गिरावट आई और निवेशकों की संपत्ति करीब 10 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण एक ही दिन में 10,01,898.68 करोड़ रुपये घटकर 4,60,97,032 करोड़ रुपये (4.76 लाख करोड़ डॉलर) रह गया।

एफआईआई ने 6121 करोड़ के शेयर बेचे

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 6,121.37 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को अपनी प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.25 प्रतिशत बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दिया। करीब चार साल में यह पहली बढ़ोतरी है।

आगे भी नीतिगत दर और बढ़ सकती है

केंद्रीय बैंक ने निकट भविष्य में दरों में कटौती की संभावना को खारिज करते हुए संकेत दिया कि बढ़ती महंगाई, कमजोर रुपये और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच आगे भी नीतिगत दर और बढ़ सकती है। रिजर्व बैंक की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ने आम सहमति से रेपो दर बढ़ाने के पक्ष में निर्णय किया।

अमेरिका का बड़ा फैसला

टाटा, विप्रो, इन्फोसिस समेत 8 आईटी कंपनियां अमेरिकी ग्रीन कार्ड कार्यक्रम से निलंबित

वाशिंगटन (भाषा)। अमेरिका ने बृहस्पतिवार को कॉग्निजेंट, इन्फोसिस, टाटा, विप्रो, एचसीएल, कैपजेमिनी, माइक्रोसॉफ्ट और एडोब समेत आठ सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों को स्थायी श्रम प्रमाणन कार्यक्रम से निलंबित कर दिया। इस कार्यक्रम के तहत कंपनियां एच-1बी वीजा पर काम करने वाले कर्मचारियों के लिए 'ग्रीन कार्ड' को आवेदन कर सकती हैं। अमेरिका के श्रम मंत्री कीथ सॉन्डरलिंग ने उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और अमेरिकी धोखाधड़ी-रोधी कार्यबल के प्रमुख की मौजूदगी में यह घोषणा की। सॉन्डरलिंग ने कहा, "मैं कॉग्निजेंट, इन्फोसिस, टाटा, विप्रो, एचसीएल और कैपजेमिनी जैसी दुनिया की कुछ सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों को स्थायी श्रम प्रमाणन कार्यक्रम से निलंबित कर रहा हूं।" उन्होंने कहा कि श्रम विभाग माइक्रोसॉफ्ट और एडोब को भी इस कार्यक्रम से निलंबित कर रहा है। सॉन्डरलिंग ने कहा, "हम इन कंपनियों से जुड़े स्थायी श्रम प्रमाणन के किसी नए आवेदन को स्वीकार नहीं करेंगे और न ही लंबित आवेदनों पर प्रक्रिया आगे बढ़ाएंगे।" उन्होंने कहा, "2009 से अब तक केवल इन कंपनियों ने लगभग 30 लाख विदेशी कर्मचारियों के लिए अनुरोध किया है। उन्हें एच-1बी वीजा के 2,30,000 से अधिक अनुमोदन और एक लाख से अधिक स्थायी श्रम प्रमाणन मिले हैं।" सॉन्डरलिंग ने कहा, "ये सैकड़ों हजार नौकरियां अमेरिकी कर्मचारियों से छीन ली गईं।"

प्याज, एलपीजी के दाम चढ़ने से शाकाहारी थाली हुई महंगी

मुंबई (एजेंसी)। प्याज, खाद्य तेल, चावल और रसोई गैस सिलेंडर (एलपीजी) के दाम बढ़ने से सितंबर में घर में तैयार होने वाली शाकाहारी थाली की लागत सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़ गई। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। क्रिसिल की मासिक 'रोटी राइस रेट' रिपोर्ट के अनुसार, ब्रॉयलर की कीमतों में अपेक्षाकृत धीमी वृद्धि के कारण मांसाहारी थाली की लागत छह प्रतिशत बढ़ी। रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर में शाकाहारी थाली तैयार करने की लागत बढ़कर 30.8 रुपये हो गई, जो एक साल पहले 28.1 रुपये थी। इसी तरह, मांसाहारी थाली की लागत 56 रुपये से बढ़कर 59.5 रुपये हो गई। मासिक आधार पर सितंबर में शाकाहारी और मांसाहारी थाली की लागत में क्रमशः चार प्रतिशत और तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई। प्याज की कीमत सालाना आधार पर 89 प्रतिशत बढ़कर 53 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जो एक साल पहले 28 रुपये प्रति किलोग्राम थी।

सोने में 3,600 रुपये की तेजी चांदी 3 माह के निचले स्तर पर

नई दिल्ली (एजेंसी)। त्योहारी मौसम से पहले आभूषण विक्रेताओं और खुदरा कारोबारियों की मांग बढ़ने से राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 3,600 रुपये बढ़कर 1.52 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। इसके साथ ही सोने की कीमतों में लगातार दो सत्रों से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 3,600 रुपये बढ़कर 1,52,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। इसमें सभी कर शामिल हैं। बुधवार को सोना 1,48,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। कच्चे माल के रूप में सोने की खरीद बढ़ा देते हैं। हालांकि, चांदी की कीमत में इसके उलट गिरावट का रुख रहा। तीन सत्र तक स्थिर रहने के बाद चांदी की कीमत में फिर गिरावट शुरू हुई और यह पिछले सत्र के 2.27 लाख रुपये प्रति किलोग्राम से 3,000 रुपये टूटकर 2.24 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। चांदी की कीमत तीन महीने से अधिक समय के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई।



- सोना बढ़कर 1.52 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम
- चांदी 3000 रुपये टूटकर 2.24 लाख रुपए प्रति किलो

यूको बैंक ने रेपो दर से जुड़ी ऋण दरों में बढ़ोतरी की

- आरबीआई ने रेपो दर में 0.25 फीसदी अंक की बढ़ोतरी की है

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक ने नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत अंक की बढ़ोतरी किए जाने के अगले दिन बृहस्पतिवार को रेपो दर, ट्रेजरी बिल और सरकारी प्रतिभूतियों से जुड़ी अपनी मानक ऋण दरों में वृद्धि की। बैंक ने शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि उसकी परिसंपत्ति-देनदारी प्रबंधन समिति (एएलसीओ) ने मानक ऋण दरों की समीक्षा के बाद बढ़ोतरी का फैसला किया। संशोधित दरें आठ अक्टूबर से प्रभावी हो गई हैं। बैंक ने 'यूको फ्लोट' के लिए रेपो-संबद्ध उधारी दर (आरएलएलआर) को 0.25 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 8.30 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 8.05 प्रतिशत थी।

बैंक ने एमसीएलआर को अपरिवर्तित रखा : हालांकि, यूको बैंक ने सभी अवधि के लिए कोष की सीमांत लागत आधारित ऋण दर (एमसीएलआर) को अपरिवर्तित रखा है। एक दिन की एमसीएलआर 7.90 प्रतिशत, एक महीने की 8.20 प्रतिशत, तीन महीने की 8.45 प्रतिशत, छह महीने की 8.70 प्रतिशत और एक साल की 8.80 प्रतिशत है। बुनियादी दर 9.60 प्रतिशत और मानक प्रमुख उधारी दर (बीपीएलआर) 14.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित हैं।

एआई नियमन पर एक महीने में परामर्श पत्र

नई दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार एक महीने में कृत्रिम मेधा (एआई) के नियमन पर परामर्श पत्र लाएगी, जिसमें एआई सुरक्षा, मानव-केंद्रित दृष्टिकोण और डीपफेक जैसे मुद्दों पर ध्यान दिया जाएगा। वैष्णव ने कहा कि अब ऐसे नियामकीय ढांचे का समय आ गया है और उद्योग को इसकी जिम्मेदारी का बड़ा हिस्सा उठाना होगा। डीपफेक, साइबर खतरों और एआई चैटबॉट के मनोवैज्ञानिक प्रभाव को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच सरकार का यह कदम महत्वपूर्ण है। दुनिया भर में सरकारें और नियामक तेजी से बदलती एआई प्रौद्योगिकी के साथ कदमताल करने की कोशिश कर रहे हैं। यूरोपीय संघ पहले ही व्यापक एआई कानून लागू कर चुका है। वैष्णव ने 'डीपफेक' को "एक ऐसी परेशानी बताया जो समाज में बड़ी समस्याएं पैदा कर सकती है।" केंद्रीय मंत्री ने कहा कि डीपफेक की गुणवत्ता में हर दिन सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा, "लोग उन पर विश्वास करते हैं और इससे पूरी तरह गलत परंपरा बनती है। यह पूरी तरह गलत धारणा पैदा करता है और लोगों को गलत काम करने तथा गलत बातों पर विश्वास करने के लिए उकसाता है।



- केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा, डीपफेक जैसे मुद्दों पर ध्यान दिया जाएगा

सोशल मीडिया पर गारंटीड रिटर्न का दावा करने वाली योजना में निवेश से बचें : एनएसई

मुंबई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) ने सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म के जरिए शेयर बाजार में निवेश संबंधी सलाह देने वाले कुछ लोगों और प्लेटफॉर्म से निवेशकों को सावधान किया है। एनएसई के अनुसार, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर "Emily Foster" नाम से एक हैंडल, "Astro Emily" नामक मोबाइल एप्लिकेशन और Astro Emily वेबसाइट के जरिए शेयर बाजार में निवेश संबंधी टिप्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके अलावा, "Gulkesh" नामक व्यक्ति, जो टेलीग्राम हैंडल @official_aaditya_sir का इस्तेमाल कर रहा है, निवेशकों से रकम जुटाने के साथ शेयर बाजार में निवेश संबंधी टिप्स, आश्वासित/गारंटीड रिटर्न और अकाउंट हैंडलिंग सेवाएं देने का दावा कर रहा है। इसके लिए निवेशकों से अपना लॉगिन आईडी और पासवर्ड साझा करने को कहा जा रहा है।

एनएसई ने निवेशकों को सलाह दी है कि निश्चित, आश्वासित या गारंटीड रिटर्न का दावा करने वाली किसी भी योजना में निवेश न करें।

साथ ही, किसी भी व्यक्ति के साथ अपना यूजर आईडी, पासवर्ड या अन्य ट्रेडिंग क्रेडेंशियल्स साझा न करें। निवेशक किसी ब्रोकर या अधिकृत व्यक्ति की वैधता की जांच एनएसई की "Know/Locate Your Stock Broker" सुविधा के जरिए कर सकते हैं। एनएसई ने स्पष्ट किया है कि उल्लिखित सोशल मीडिया हैंडल, ऐप, वेबसाइट और टेलीग्राम हैंडल का एक्सचेंज से कोई संबंध नहीं है।

झण्डेवाला देवी मंदिर में धूमधाम से मनेगा वासंतिक महोत्सव

नई दिल्ली। प्राचीन एतिहासिक झण्डेवाला देवी मंदिर मे वासंतिक नवरात्र महोत्सव गुरुवार 11. 10. 2026 से लेकर 20. 10. 2026 तक बड़ी धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर साधारणतः लाखों भक्त माँ झंडेवाली देवी जी के दर्शन करने आते हैं और अपनी व अपने परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना करते हैं । प्रत्येक नवरात्र की भांति इस बार भी मंदिर प्रशासन द्वारा भक्तों की सुविधा व सुचारू दर्शन के सभी प्रबंध किये हैं। शारदीय नवरात्र संबंधित तैयारियों को ध्यान में रखते हुए लगभग पिछले एक महीने से लगातार बैठके चल रही है व तैयारियों की समीक्षा चल रही ताकि मेले के अवसर पर भक्तों को कोई परेशानी ना हो। रानी झांसी मार्ग, देश बंधु गुप्ता मार्ग व वरूणालय की तरफ से मंदिर में दर्शन के लिए प्रवेश किया जा सकेगा। भक्त माँ के दर्शन कर के निकासी द्वार से बाहर निकलेंगे जहाँ उन्हे माँ के भंडारे का प्रसाद दिया जायेगा। मंदिर में किसी भी प्रकार के प्रसाद चढ़ाने की व्यवस्था नही है। कोई भक्त बाहर की कोई वस्तु लेकर न आयें । मंदिर के अंदर और बाहर भव्य सजावट की गई है जिसका आकर्षण देखते ही बनता है। नवरात्र से तीन दिन पहले से अनेक स्थानों के मंदिरों से भक्तजन ज्योत लेने आते हैं। उनके ठहरने, भोजन प्रसाद आदि की सभी सुविधाएं मंदिर की ओर से प्रदान की जाती हैं।

विशाल निर्मिति दो फीसदी गिरावट के साथ सूचीबद्ध

नई दिल्ली। सिविल इंजीनियरिंग, विनिर्माण एवं निर्माण क्षेत्र की कंपनी विशाल निर्मिति लिमिटेड का शेयर अपने 220 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बृहस्पतिवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई और एनएसई दोनों पर शेयर ने 215 रुपये पर कारोबार शुरू किया जो निर्गम मूल्य से 2.27% कम है। बाद में बीएसई पर यह 7.15% की गिरावट के साथ 204.25 रुपये पर आ गया।

PUBLIC NOTICE

We, (i) Shri BALVINDER SINGH S/o SH. SUKHDEV SINGH & (ii) Smt. JAGDEEP KAUR W/o SHRI BALVINDER SINGH BOTH R/o H.No.97, UGF, GALI No.8, EAST GURU ANGAD NAGAR, LAXMI NAGAR, DELHI-110092, do hereby solemnly affirm and inform that Mr. AMANDEEP SINGH is our son, he has married to Mrs. GURPREET KAUR. We do hereby disowned our son Mr. AMANDEEP SINGH and Mrs. GURPREET SINGH, their son Sahajdeep Singh and his other children if any from all our moveable and immoveable properties and have reserved all our relations with them as he is disobedient, disrespectful, and out of control and mis-behaviour and other some unavoidable circumstances arises by them. Anyone dealing with them will do so at his own risk and cost, we shall not be responsible for their any act or deeds as we have no relation with them.

Balvinder Singh, Jagdeep Kaur

डॉ. एल. मुरुगन की उपस्थिति में जेआईआईटी ऑनलाइन ओरिएंटेशन में छाई भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था



नोएडा। जेपी इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (जेआईआईटी) ने अपने सेक्टर 62 परिसर में आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम 'दीक्षारंभ 2026' में अपने ऑनलाइन शिक्षार्थियों का स्वागत किया। यह कार्यक्रम जेआईआईटी के सेंटर फॉर डिजिटल एंड ऑनलाइन एजुकेशन (डीओई) द्वारा आयोजित किया गया। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। उनके साथ उद्योग जगत की अन्य प्रमुख हस्तियाँ भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिसके बाद जेपी हायर एजुकेशन सिस्टम का परिचय दिया गया। प्रो चांसलर डॉ. एस. सी. सक्सेना ने स्वागत भाषण दिया और मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। संस्थान का प्रतिनिधित्व कुलपति डॉ. राजीव कुमार और प्रो चांसलर डॉ. एस. सी. सक्सेना ने किया।

एशियन गेम्स-2026 के रजत पदक विजेता रेलकर्मी यशवीर सिंह का महाप्रबंधक ने किया अभिनंदन



नई दिल्ली। उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल में वाणिज्य सह टिकट क्लर्क के पद पर कार्यरत एवं प्रतिभावान खिलाड़ी यशवीर सिंह ने 20वें एशियन गेम्स, आइची-नागोया 2026, जापान में पुरुष जेवलिन थ्रो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया है। यशवीर सिंह ने अपनी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से देश और भारतीय रेलवे का नाम रोशन किया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक पंकज शर्मा ने इस शानदार उपलब्धि के लिए गुरूवार दिनाक 08 अक्टूबर 2026 को यशवीर सिंह का अभिनंदन किया। महाप्रबंधक पंकज शर्मा ने यशवीर सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि यशवीर सिंह ने इसी वर्ष कॉमनवेल्थ गेम्स, ग्लासगो 2026 में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया था। इस प्रकार वर्ष 2026 में अंतरराष्ट्रीय स्तर की बड़ी प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर उन्होंने अपनी प्रतिभा और निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया है। इस अवसर पर उत्तर पश्चिम रेलवे खेलकूद संघ के पदाधिकारीगण सहित मुख्यालय के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

No. GSGSS/Misc/2026 Dated 18/09/2026

PUBLIC CAUTION NOTICE

Notice is hereby given to the general public, members of the Sangat and all religious/social institutions that the youth wing/group/ kirtan jatha operating under the name and style of **BALA PRITAM BAL SEWAK JATHA / BALA PRITAM JATHA** belongs exclusively, absolutely, and legally to **GURDWARA SRI GURU SINGH SABHA, C-BLOCK, HARI NAGAR, NEW DELHI -110064.**

It is further Notice to the general public, members of the Sangat, and all religious/social institutions that the name, style, and title **"BALA PRITAM "** specifically as used in **"BALA PRITAM BAL SEWAK JATHA / BALA PRITAM JATHA"**---is a unique nomenclature coined, established, and continuously used since long exclusively and absolutely by **GURDWARA SRI GURU SINGH SABHA, C-BLOCK, HARI NAGAR, NEW DELHI 110064.**

It has come to our knowledge that certain unauthorized individuals, dismissed members, or external elements are attempting to operate, organize events, or communicate using the name of **" Bala Pritam"** without our written consent or authorization.

(Gurmeet Singh Garcha)
General Secretary

राशिफल

मेष — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

वृष — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

मिथुन — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

कर्क — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

सिंह — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

कन्या — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

तुला — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

वृश्चिक — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

धनु — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

मकर — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

कुंभ — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

मीन — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

ज्योतिष

कहते नहीं करके दिखाते है



सभी समस्याओं का समाधान जैसा चाहोगे करके दूगां

कारोबार, प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रोपटी, कोर्ट केस, किया कराया, जादू टोना, मनचाही इच्छा

A to Z समस्या का समाधान

स्पेशलिस्टः मनचाहा प्यार, प्रेम-विवाह

पंडित पी. के. शास्त्री

हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।


काम ना होने पर पैसे वापस

+91 99974 92579

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

शब्द पहेली - 6372



बाएँ से दाए

1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव(उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

ऊपर से नीचे

1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

शब्द पहेली - 6371 का हल

	अ	स	ह	यो	ग		अ	दा	व	त
र	क्स		रा		ग	रु	ड़		न	र
ख		स	ना	त	न		ना	म		क
र	फ्ता	र			चुं	गी		त	म	स
खा		मा		चा	बी		सी		ही	
व	ल	या	का	र		प	रा	या	प	न
	क		या		का	ल		द		क
द	वा	त		भ	ला			गा	य	ब
र		र	ज		बा	जी	ग	र		ज
क	र		ल	ह	जा		जं		खा	न
ना	जा	य	ज		र	घु	ना	थ	क	


नाना पाटेकर ने निशानेबाजी में जीते हैं कई राष्ट्रीय पदक, क्रिकेट के थे बड़े प्रशंसक

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर का गुरुवार को गोवा स्थित उनके आवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनको खेलों के प्रति गहरे लगाव के लिए भी याद किया जाता रहेगा। वह क्रिकेट के बड़े प्रशंसक थे। नाना ने एक बार बताया था कि वह ऑफ स्पिन गेंदबाजी करते थे और मुंबई के मशहूर शिवाजी पार्क में बल्लेबाजों को नेट्स में गेंदबाजी किया करते थे। उन्होंने निशानेबाजी के कई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था। नाना पाटेकर को क्रिकेट का भी काफी शौक था। वे कैसे भी समय निकालकर क्रिकेट मैच देखा करते थे।

लंबे समय तक निशानेबाजी से जुड़े रहे नाना

निशानेबाजी में नाना की उपलब्धियों के चलते उन्हें 'रेनाउंड शॉट' का दर्जा मिला। इसके बाद उन्हें बिना शुल्क राइफल आयात करने की अनुमति भी मिली। उम्र बढ़ने के बावजूद उनका निशानेबाजी के प्रति जुनून कम नहीं हुआ। उन्होंने 60 साल की उम्र पार करने के बाद भी इस खेल को जारी रखा और राष्ट्रीय व राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते रहे। नाना लंबे समय तक प्रतिस्पर्धी निशानेबाजी से जुड़े रहे और इस खेल के प्रति लगन बनाए रखी।



फिल्म की तैयारी की निशानेबाजी बन गई जुनून

नाना के लिए फिल्म की तैयारी के तौर पर शुरू हुई निशानेबाजी धीरे-धीरे जीवनभर का जुनून बन गई। साल 2004 में इंदौर के बीएसएफ रेवती रेंज में आयोजित 48वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में उन्होंने 300 मीटर बिग-बोर स्पर्धा में रजत पदक जीता था। इसके 3 साल बाद उन्होंने महाराष्ट्र की टीम के लिए कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने 600 में से 549 अंक बनाए और व्यक्तिगत वर्ग में 12वें स्थान पर रहे थे।

नाना निशानेबाजों की करते थे मदद

नाना उभरते हुए राइफल निशानेबाजों की भी मदद करते थे। वह उनके प्रशिक्षण, कारतूस और जरूरी उपकरणों पर आने वाले बड़े खर्च को पूरा करने में सहयोग करते थे। नाना राष्ट्रीय स्तर के निशानेबाजों के लिए बेहतर आर्थिक पुरस्कारों की भी वकालत करते थे।उनका मानना था कि ऐसे प्रोत्साहन खिलाड़ियों को अपने जुनून को जारी रखने में मदद करेंगे और निशानेबाजी में उनके करियर को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी सहारा देंगे।

प्रहार फिल्म से शुरू की निशानेबाजी की तैयारी

नाना ने बताया था कि निशानेबाजी में उनका सफर 40 की उम्र में शुरू हुआ। वह निशानेबाजी प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण समारोहों में मुख्य अतिथि बनकर जाते थे। इस दौरान उन्होंने कई तरह की बंदूकों पर हाथ आजमाया। उन्होंने बताया था कि वह बोतल के छोटे ढक्कन जैसे बेहद छोटे निशानों पर भी निशाना साधने लगे थे। 1991 की फिल्म 'प्रहार' की तैयारी के दौरान उन्होंने इसकी तैयारी शुरू की थी। उन्होंने भारतीय सेना से प्रशिक्षण लिया था।



खबर संक्षेप



अनुष्का के दो गोल से भारत ने सीरिया को हराया

सेलायंग (मलेशिया)। भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम ने एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप चीन 2027 क्वालीफायर के ग्रुप ई के अपने दूसरे मुकाबले में बृहस्पतिवार को सीरिया को 2-0 से हराकर अपने अभियान में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया। इराक के खिलाफ पहले मैच में भारत की रिकॉर्ड 14-0 की जीत में पांच गोल करने वाली अनुष्का (छठे और 54वें मिनट) ने दोनों हाफ में एक-एक गोल दागकर क्वालीफायर में अपने गोल की संख्या सात कर ली। इस जीत से भारत के दो मैच में छह अंक हो गए हैं। अब ग्रुप ई में उसका आखिरी मुकाबला 11 अक्टूबर को मेजबान मलेशिया से होगा। केवल ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीम ही एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप चीन 2027 के लिए क्वालीफाई करेगी।

धनंजय ने छोड़ी कप्तानी कुसल को श्रीलंका की कमान



कोलंबो। श्रीलंका के टेस्ट कप्तान धनंजय डिसिल्वा ने बृहस्पतिवार को तुरंत प्रभाव से टेस्ट कप्तान का पद छोड़ दिया जिसके बाद कुसल मेंडिस को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। अगले महीने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट की श्रृंखला कप्तान के रूप में मेंडिस की पहली श्रृंखला होगी। मेंडिस पहले ही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम की अगुआई कर रहे हैं। श्रीलंका के लिए 31 वर्षीय मेंडिस ने 75 टेस्ट सहित कुल 343 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। कुसल मेंडिस की नियुक्ति का फैसला आज श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के मुख्यालय में हुई चयन समिति की बैठक में लिया गया।

होप्स, हाडिन पंजाब किंग्स के कोचिंग स्टाफ से हटे



नई दिल्ली। पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स और फील्डिंग कोच ब्रैड हाडिन ने अपना पद छोड़ दिया है। रिपोर्ट में यह दावा किया गया है लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग की इस टीम ने अभी तक इसकी औपचारिक पुष्टि नहीं की है। रिपोर्ट के अनुसार इन दोनों ने हाल में पंजाब किंग्स के प्रबंधन को अपने फैसले की जानकारी दे दी थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि इन दोनों के पद छोड़ने की संभावना पहले से ही थी क्योंकि होप्स को क्वींसलैंड और ब्रिसबेन हीट का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है, जबकि हाडिन न्यू साउथ वेल्स की पुरुष टीम का कोच पद संभालेंगे। होप्स कुछ सत्र पहले मुख्य कोच रिकी पोंटिंग के साथ दिल्ली कैपिटल्स से पंजाब किंग्स में शामिल हुए थे।

भारत बनाम वेस्टइंडीज: दूसरा टी-20 मैच

टीम इंडिया बढ़त बढ़ाने और वेस्टइंडीज बराबरी करने आज दिखाएंगी दमखम

एजेंसी ▶▶| रांची

भारतीय क्रिकेट टीम ने पांच मैचों की सीरीज के पहले मैच को जीतकर बढ़त बनाई हुई है। अब सीरीज का दूसरा मैच 9 अक्टूबर को रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में मेजबान टीम दूसरे टी-20 को भी जीतकर सीरीज में अपनी बढ़त दोगुना करना चाहेगी। दूसरी तरफ शाई होप के नेतृत्व में कैरेबियाई टीम पलटवार के इरादे से उतरेगी।

संजू सैमसन को छोड़कर भारत के सभी बल्लेबाज फॉर्म में हैं। टीम प्रबंधन युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी को अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज करने के लिए भेज सकता है। भारतीय टीम यहां जीत हासिल करने पर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना लेगी, लेकिन उसके लिए सैमसन का खराब प्रदर्शन चिंता का विषय बना हुआ है।

वेस्टइंडीज पर भारत का पलड़ा रहा है भारी

अब तक दोनों देशों की भिड़ंत में भारतीय टीम का पलड़ा भारी रहा है। हाउस्टेट के मुताबिक, अब तक ये दोनों टीमें टी-20 प्रारूप में कुल 32 मैचों में आमने-सामने हुई है, इसमें से 21 में भारत को जीत मिली है और 10 मैच वेस्टइंडीज ने अपने नाम किए हैं। इस बीच एक मैच बेनतीजा भी रहा है। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछले 6 टी-20 में से 4 में जीत दर्ज की है।

मैच भारतीय समयानुसार रात 7 बजे से शुरू होगा



इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेगी नजर

भारत के लिए कप्तान अय्यर ने पहले टी-20 में शतक (102*) लगाया था। वह अपनी फॉर्म को बरकरार रखना चाहेंगे। लखनऊ में अपना टी-20 अंतरराष्ट्रीय डेब्यू करने वाले नमन धीर ने प्रभावशाली गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए थे। वह एक बार फिर कमाल करना चाहेंगे। वेस्टइंडीज के कप्तान होप इस समय जोरदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने पहले टी-20 में भी अर्धशतक (52*) लगाया है।

पिच का मिजाज

रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स की पिच आमतौर पर संतुलित होती है, लेकिन मैच आगे बढ़ने के साथ धीमी हो जाती है और ऐसे में स्पिन गेंदबाजों को अच्छी मदद मिलती है। हाउस्टेट के मुताबिक, इस मैदान पर अब तक 4 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जा चुके हैं, जिसमें पहले बल्लेबाजी करने वाली और बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने 2-2 मैच जीते हैं। यहां पर पहली पारी का औसत स्कोर 161 रन है।

ऐसा रहेगा रांची का मौसम

एक्यूवेदर के अनुसार, 9 अक्टूबर को रांची में बारिश की 55 प्रतिशत संभावना है। अधिकतम तापमान करीब 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है। ऐसे में मैच में बारिश का खलल देखने को मिल सकता है।

भारत की संभावित एकादश

अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन, श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा, शिवम दुबे, नमन धीर, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, और मयंक यादव।

आईपीएल से फिर टकराएगा पाकिस्तान सुपर लीग

2027 में एक ही समय पर होंगे दोनों टूर्नामेंट



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान सुपर लीग लगातार तीसरे साल इंडियन प्रीमियर लीग के साथ टकराएगी। लीग के 12वें संस्करण का आयोजन 18 मार्च से 2 मई 2027 तक किया जाएगा। 2016 से 2024 तक पीएसएल फरवरी और मार्च में खेली जाती थी। हालांकि, आईसीसी टूर्नामेंटों के कारण 2025 से इसे अप्रैल-मई की अवधि में आयोजित किया जाने लगा। 2025 में पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी और 2026 में भारत-श्रीलंका में टी-20 विश्व कप के कारण कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ा।

जनवरी-फरवरी में कड़ाके की ठंड बाधक

जनवरी-फरवरी में पीएसएल कराने की योजना को मुश्किल माना गया। इसकी बड़ी वजह पंजाब का मौसम है, जहां लीग के 4 पारंपरिक आयोजन स्थलों में से 3- लाहौर, मुल्तान और रावलपिंडी स्थित हैं। इन शहरों में जनवरी और फरवरी के दौरान कड़ाके की सर्दी पड़ती है। साथ ही घने कोहरे के कारण दृश्यता भी काफी कम होती है। ऐसे मौसम में मैचों के आयोजन और तय कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाना चुनौतीपूर्ण माना गया।

जनवरी-फरवरी में टूर्नामेंट होने की योजना आगे नहीं बढ़ी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और पीएसएल फ्रेंचाइजी ने पिछले महीने हुई संचालन परिषद की बैठक में 12वें संस्करण को जनवरी-फरवरी में कराने की संभावना पर चर्चा की थी। यह चर्चा वली टेक्नोलॉजीज की ओर से मौजूदा समय में प्रसारण से होने वाली कम आय पर चिंता जताए जाने के बाद हुई। वली टेक्नोलॉजीज के पास 2029 तक मीडिया अधिकार हैं और वह लीग की रावलपिंडिज की मालिक भी है। हालांकि, जनवरी-फरवरी में आयोजन की योजना आगे नहीं बढ़ सकी।

सिंधू आर्कटिक ओपन में आगे बढ़ीं थारुन, तन्वी और श्रीकांत बाहर



एजेंसी ▶▶| वांता (फिनलैंड)

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बृहस्पतिवार को यहां जापान की रिको गुनजी को हराकर आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ियों का इस पांच लाख डॉलर इनामी प्रतियोगिता में अभियान समाप्त हो गया।

हैदराबाद की 31 वर्षीय सिंधू ने दूसरे दौर के मुकाबले में गुनजी को 21-15, 21-15 से हराया। सिंधू ने जुलाई में जापान ओपन सुपर 750 का खिताब जीता था। छठी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी का सामना अब शीर्ष वरीय और पूर्व विश्व चैंपियन थाईलैंड की रतचानोक इंतानोन से होगा।

इन खिलाड़ियों को झेलना पड़ी हार

हालांकि, थारुन मान्नेपल्ली और तन्वी शर्मा के लिए दिन निराशाजनक रहा और दोनों को अपने एकल मुकाबलों में सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। दूसरी वरीयता प्राप्त फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव ने मान्नेपल्ली को 21-14, 21-19 से हराया जबकि रतचानोक ने तन्वी को एकतरफा मुकाबले में 21-18, 21-7 से शिकस्त दी। पूर्व विश्व नंबर एक किदांबी श्रीकांत भी शुरुआती दौर में ही बाहर हो गए। उन्हें कनाडा के ब्रायन यांग ने 21-15, 15-21, 21-13 से हराया।

एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी में पाकिस्तान की जगह बांग्लादेश

नई दिल्ली। जालंधर और मोहाली में 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक होने वाली एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी पुरूष हॉकी में मेजबान भारत की नजरें एशियाई स्तर पर दबदबा कायम रखने पर लगी होंगी जबकि पाकिस्तान की जगह बांग्लादेश को छह टीम को टूर्नामेंट में जगह दी गई है। हॉकी इंडिया द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार छह टीमों के इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा जापान, चीन, मलेशिया, दक्षिण कोरिया और बांग्लादेश भाग लेंगे। पंजाब में लगभग दो दशक बाद इस टूर्नामेंट के जरिये अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी हो रही है। जापान के आइची नागोया में हाल ही में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के लिये क्वालीफाई करने वाली भारतीय टीम चार बार खिताब जीत चुकी है। मुंबई में 2008 के आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय हॉकी नहीं खेली गई है।

वीनू मांकड़ ट्रॉफी : छत्तीसगढ़ ने हरियाणा को 7 विकेट से हराया

रोहतक। वीनू मांकड़ ट्रॉफी के एक रोमांचक मुकाबले में छत्तीसगढ़ की अंडर-19 क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा को 7 विकेट से करारी शिकस्त दी। छत्तीसगढ़ के गेंदबाजों और बल्लेबाजों का यह सामूहिक प्रयास टीम की जीत की मुख्य वजह बना। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हरियाणा की पूरी टीम 42.4 ओवरों में मात्र 177 रन पर ही ढेर हो गई। हरियाणा की तरफ से गौरिश दहिया ने जिम्मेदारी भरी पारी खेलते हुए 51 रन बनाए, जबकि संदीप ने 45 रनों का योगदान दिया। हालांकि, इन दोनों के अलावा हरियाणा का कोई भी अन्य बल्लेबाज छत्तीसगढ़ के धारदार गेंदबाजी आक्रमण के आगे टिक नहीं सका। छत्तीसगढ़ की ओर से गेंदबाजी में अगमजोत ने सबसे घातक प्रदर्शन किया और हरियाणा के 4 बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। इसके साथ ही, धनंजय नायक ने 3 और शिवम यादव ने 2 महत्वपूर्ण विकेट चटकाकर हरियाणा की पारी को समेटने में अहम भूमिका निभाई। 178 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ की शुरुआत सधी हुई रही। टीम ने 42.5 ओवरों में मात्र 3 विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया और 7 विकेट से शानदार जीत अपने नाम की।

रायपुर की किरण पिस्दा का भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम में चयन, रूस के खिलाफ दिखाएंगी दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रायपुर

छत्तीसगढ़ की बेटी और रायपुर आवासीय बालिका फुटबॉल अकादमी की खिलाड़ी किरण पिस्दा का भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम में चयन हुआ है। अब वे रूस के खिलाफ होने वाले दो अंतर्राष्ट्रीय मैत्री मुकाबलों में भारतीय टीम की जर्सी में मैदान पर उतरेंगी। उनकी इस उपलब्धि पर उपमुख्यमंत्री व खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने वीडियो कॉल के माध्यम से उन्हें बधाई दी।उपमुख्यमंत्री साव ने कहा कि भारतीय महिला फुटबॉल टीम में किरण का चयन पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। यह उनकी प्रतिभा, कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने किरण के माता-पिता, प्रशिक्षकों और रायपुर आवासीय बालिका फुटबॉल अकादमी को भी बधाई दी। उन्होंने विश्वास जताया कि किरण भारतीय टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

फुटबॉल अकादमी में रही महत्वपूर्ण भूमिका

किरण की इस उपलब्धि में खेल एवं युवा कल्याण विभाग की रायपुर स्थित बालिका फुटबॉल अकादमी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अकादमी में नियमित प्रशिक्षण, अनुशासित वातावरण, तकनीकी मार्गदर्शन और प्रतिस्पर्धात्मक अवसरों के जरिए उनकी प्रतिभा को निखारा गया। कोच सरिता कुजूर के मार्गदर्शन में किरण के तकनीकी कौशल के साथ मानसिक मजबूती, आत्मविश्वास और दबाव में निर्णय लेने की क्षमता पर भी काम किया गया।

भारतीय सीनियर टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी किरण

भारतीय टीम में किरण की यह वापसी भी है। इससे पहले वे 2022 में नेपाल में आयोजित एसएएफएफ महिला चैंपियनशिप में भारतीय सीनियर टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। अब फीफा अंतर्राष्ट्रीय मैच विंडो के तहत रूस के खिलाफ दो मुकाबलों के लिए उनका चयन हुआ है। पहला मैच 8 अक्टूबर को शाम 6 बजे और दूसरा 11 अक्टूबर को कोलकाता के किशोर भारती क्रीड़ांगन में खेला जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक आकांक्षा शिक्षा खलखो ने भी किरण को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश की अन्य बालिका खिलाड़ियों को बड़े लक्ष्य तय करने और उन्हें हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी।

मुंबई के कप्तान सिद्धेश ने किया खुलासा

रणजी से पहले विकेटकीपिंग कर रहे जायसवाल...?

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 11 अक्टूबर से शुरू होने वाली रणजी ट्रॉफी में खेलने के लिए तैयार हैं। वह मुंबई क्रिकेट टीम में चुने गए हैं। इस बीच खबर है कि जायसवाल रणजी ट्रॉफी सीजन की तैयारी के दौरान विकेटकीपिंग का अभ्यास भी कर रहे हैं।

मुंबई के कप्तान सिद्धेश लाड ने भी जायसवाल की विकेटकीपिंग करने की पुष्टि की है। वहीं मुंबई की टीम में सूर्यकुमार यादव शुरुआती मुकाबलो के लिए नहीं चुने गए हैं। चयनकर्ताओं ने सरफराज खान जैसे अनुभवी और स्थापित वरिष्ठ खिलाड़ियों को दरकिनार करते हुए सीधे 19 वर्षीय आयुष म्हात्रे को उपकप्तान बनाकर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है।



यशस्वी टीम के लिए उपयोगी हैं : सिद्धेश

रणजी ट्रॉफी के पहले मैच के लिए मुंबई की टीम में शार्दुल ठाकुर नहीं हैं। वहीं, अजिंक्य रहाणे भी संन्यास ले चुके हैं। ऐसे में जायसवाल टीम के अनुभवी खिलाड़ी हैं और उनसे मुंबई को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। लाड ने उनकी उपयोगिता को लेकर आगे कहा, मुझे लगता है कि यशस्वी सिर्फ पहले मैच के लिए उपलब्ध हैं। यशस्वी जैसे खिलाड़ी सिर्फ अच्छा प्रदर्शन ही नहीं करते, बल्कि अपने अनुभव से टीम की वैल्यू भी बढ़ाते हैं।

रणजी ट्रॉफी के लिए मुंबई की टीम

मुंबई की टीमः सिद्धेश लाड (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, आयुष म्हात्रे (उपकप्तान), दिव्यांश सक्सेना, मुशीर खान, सरफराज खान, सुवेद पारकर, आकाश आनंद (विकेटकीपर), हार्दिक तामोरे (विकेटकीपर), शम्स मुलानी, तनुष कोटियान, अथर्व अंकोलेकर, तुषार देशपांडे, मोहित अवस्थी, सिल्वेस्टर डीसूजा, ओंकार तरमले।

यशस्वी विकेटकीपिंग करना चाहते हैं : लाड

मुंबई को अपने पहले मैच में 11 अक्टूबर चंडीगढ़ से भिड़ना है। इस मैच से पहले हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान लाड ने कहा, मुझे लगता है कि यशस्वी विकेटकीपिंग शुरू करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। मैंने उनसे यही सुना है। वह मुंबई या भारतीय टीम के लिए विकेटकीपिंग करना चाहते हैं। उनका मकसद यही है, मुझे ऐसा ही लगता है, लेकिन इस बारे में मुझे कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है।

जायसवाल ने 10 ओवर विकेटकीपिंग भी की

रिपोर्ट्स के मुताबिक, रणजी ट्रॉफी से पहले मुंबई के एक अभ्यास मैच के दौरान जायसवाल ने लगभग 10 ओवर तक विकेटकीपिंग भी की है। लाड ने कहा, उन्होंने विकेटकीपिंग का अभ्यास शुरू कर दिया है क्योंकि उन्हें लगता है कि वह अपने खेल में कुछ और जोड़ना चाहते हैं। मुझे पक्का नहीं पता कि उनका इरादा क्या है, लेकिन अभी वह विकेटकीपिंग का अभ्यास कर रहे हैं और अगर वह ऐसा करते रहे, तो उन्हें इसकी आदत हो जाएगी।



यह जानकारी वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह ने गुरुवार को 94वें वायुसेनादिवस समारोह को संबोधित करते हुए दी है

किसी भी चुनौती से दो-दो हाथ करने को तैयार वायुसेना, ऑपरेशन सिंदूर ने पेश की बड़ी मिसाल: सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी से सटे गाजियाबाद स्थित हिंडन वायुसैन्य अड्डे पर गुरुवार को भारतीय वायुसेना ने अपनी स्थापना की 94वीं वर्षगांठ (थीमः अचूक, अभेद्य और सटीक) का जश्न धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर आयोजित किए गए समारोह की अध्यक्षता करते हुए वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह ने पूरी मजबूती के देशवासियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि वायुसेना पूरी सतर्कता, प्रतिबद्धता के साथ किसी भी आपातकालीन परिस्थिति का मुकाबला करने के लिए तैयार है। इसकी एक झलक पिछले साल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान के खिलाफ किए गए ऑपरेशन सिंदूर अभियान में भी साफ तौर पर देखने को मिली है। यह एक ऐसा अभियान था। जिसमें देश के हवाई रक्षा बल ने अपनी अचूक मारक क्षमताओं के साथ-साथ सैन्य अभियानों के दौरान तीव्र गति के साथ प्रतिक्रिया करने की अपनी ताकत का भी बखूबी प्रदर्शन किया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि रूस-यूक्रेन और पश्चिम एशिया क्षेत्र में चल रहे संघर्षों ने बताया कि किसी भी देश के राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने के लिए वायुसेना एक प्राथमिक साधन के रूप में मौजूद है। बताते चलें कि वायुसेनाध्यक्ष इसी महीने 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि बतौर वायुसेनाप्रमुख के रूप में राष्ट्र सेवा करना मेरे लिए बेहद सौभाग्य की बात रही है और आज का यह दिन मुझे गर्व की अनुभूति कराता है। उनके स्थान पर सरकार ने मौजूदा उप वायुसेनाप्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित को देश का अगला वायुसेनाध्यक्ष नियुक्त किया है। वह 31 अक्टूबर को ही अपना कार्यभार संभालेंगे।

राष्ट्र की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे

एयरचीफ मार्शल सिंह ने कहा कि आज के दौर में वायुसेना की रणनीतिक और परिचालन क्षमताएं सही दिशा में आगे बढ़ रही हैं। हम अपेक्षाओं पर शत-प्रतिशत खरा उतरने और उनसे भी आगे निकलने के लिए कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि वायुसेना की ताकत या क्षमता का आकलन इस बात से नहीं होता कि वो कितने प्रकार के आधुनिक और मारक अस्त्र-शस्त्रों से लैस है।

बल्कि इसका साफ अंदाजा इस बात से लगता है कि वह युद्ध के लिए कितनी तैयार है व आवश्यकता पड़ने पर कितनी तेजी, आत्मविश्वास के साथ दुश्मन पर धावा बोल सकती है। वायुसेनादिवस को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित पक्ष और विपक्ष के कई नेताओं ने वायुसेना को बधाई संदेश भेजे।

एआई, ड्रोन, हाइपरसोनिक तकनीक पर जोर

वायुसेनाध्यक्ष के मुताबिक, वायुसेना तेजी से उभरती हुई तकनीक और प्रौद्योगिकी को आत्मसात करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), आधुनिक विमानों, सैटेलाइट, ड्रोन और हाइपरसोनिक तकनीक मुख्य रूप से शामिल है। इन सभी को हम ऑटोनॉमस सिस्टम के रूप में भी जानते हैं। उन्होंने एआई के संबंध में एक विशेष टिप्पणी करते हुए कहा कि इसमें कोई दोराय नहीं है कि वायुसेना एआई, डिजिटल नवाचार जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ रही है। लेकिन मनुष्य द्वारा लिए गए निर्णयों को सबसे आगे रखते हुए एआई के प्रयोग को और अधिक बढ़ावा देना चाहिए। आज एआई का इस्तेमाल हमारे कमांडरों द्वारा डेटा का विश्लेषण करते हुए सही व उचित फैसलों के लिए किया जा रहा है।

वायुसेना के पास लड़ाकू विमानों की 29 स्क्वाड्रन

वायुसेना की स्थापना 8 अक्टूबर 1932 को हुई थी। जबकि 1950 में इसके आगे लगा हुआ 'रायल' शब्द हटा दिया था और तब इसे भारतीय वायुसेना के रूप में जाना जाने लगा। जिसे मुख्यतः वायुसेना व वायु योद्धाओं द्वारा देश की हवाई सीमाओं की सुरक्षा के लिए दिए गए बलिदान की याद में मनाया जाता है। एयरचीफ मार्शल सिंह ने कहा कि शुरुआत में हमारा सफर महज 4 वापीति विमानों से शुरू हुआ था। बाद में वायुसेना एक असाधारण, सक्षम, नेटवर्क सेंट्रिक और बहु-क्षेत्रीय हवाई बल के रूप में विकसित हुई। यही कारण है कि अब हमारी गिनती दुनिया की बेहतरीन वायुसेनाओं में की जाती है। वर्तमान में वायुसेना के जंगी बेड़े में लड़ाकू विमानों की स्क्वाड्रन की कुल संख्या 29 है। जबकि इनका आधिकारिक आंकड़ा 42 का है। एक स्क्वाड्रन में लड़ाकू विमानों की संख्या 16 से 18 तक होती है। जिनमें कुछ प्रशिक्षण विमान भी शामिल किए जाते हैं।

गगनयान मिशन, एकीकरण में रही भूमिका

उन्होंने ये भी कहा वायुसेना रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के अलावा अंतरिक्ष क्षेत्र की घरेलू एजेंसियों के साथ भी अपने सहयोग को और अधिक प्रगाढ़ बनाने में लगी है। हमने गगनयान मिशन में भी अहम भूमिका निभाई है। फिलहाल कोशिश वायुमंडल के बाहर अपनी क्षमताओं का विस्तार करने की है। एचएडीआर अभियानों में वायुसेना ने वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए बढ़ चढ़कर मदद पहुंचाई है। एयरचीफ मार्शल सिंह ने तीनों सेनाओं के बीच बढ़ते एकीकरण को तालमेल में इजाफा करने में काफी मददगार बताया है। अब तीनों सशस्त्र सेनाओं द्वारा एकजुटता से सैन्य अभियानों की भागीदारी करना हमारी दैनिक गतिविधियों में शुमार है। मामले में साथ मिलकर हम अपनी सफलताओं के पैमाने को कई गुना बढ़ा सकते हैं।

1960 के दशक की विंटेज कार में समारोह स्थल पर पहुंचे

वायुसेनादिवस-2026: हिंडन एयरबेस पर ब्रिटिशकालीन टाइगर मॉथ विमान के हवाई करतब देख मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

वायुसेनादिवस से जुड़ा विमानों का औपचारिक फ्लाईपास्ट 25 अक्टूबर को वाराणसी में होगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर गुरुवार को आयोजित किए गए भारतीय वायुसेना ने 94 वें स्थापना दिवस समारोह की शुरुआत जहां वायु योद्धाओं की भव्य परेड से हुई। जबकि इस दौरान हर खासो-आम के आकर्षण का केंद्र बना ब्रिटिशकालीन 'टाइगर मॉथ' विमान। उसने ऐसे अद्भुत हवाई करतब दिखाए कि एक पल को मानो दर्शक 'दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर हो गए' यानी दंग रह गए।

एयरबेस के टारमैक क्षेत्र में वायुसेना के सुखोई-30 एमकेआई, राफेल, तेजस, जगुआर जैसे लड़ाकू विमानों, डोर्नियर विमान, रोहिणी रडार प्रणाली और ब्रह्मोस, आकाश मिसाइल के अलावा हल्के युद्धक हेलीकॉप्टर प्रचंड, ध्रुव स्थिर प्रदर्शनी का हिस्सा बनें। टाइगर मॉथ विमान दरअसल वायुसेना की प्राचीन विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिसे वर्तमान में हिंडन एयरबेस पर ही बल द्वारा संरक्षित कर रखा गया है। बताते चलें कि वायुसेना हर साल 8 अक्टूबर को अपना स्थापना दिवस मनाती है। इसी दिन 1932 में इसकी स्थापना हुई थी। भारत की आजादी के बाद 1950 में वायुसेना के नाम के आगे लगाए जाने वाले रॉयल शब्द को हमेशा-हमेशा के लिए हटा दिया गया था।

25 अक्टूबर को वाराणसी में होगा फ्लाईपास्ट

वायुसेना के मुताबिक, इस बार वायुसेनादिवस से जुड़ा औपचारिक फ्लाईपास्ट 25 अक्टूबर को वाराणसी में होगा। जिसमें वायुसेना के जंगी बेड़े में शामिल लगभग सभी तरह के विमान बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। समारोह की थीम अचूक, अभेद्य और सटीक होगी।

राष्ट्रीय राजधानी के बाहर सशस्त्र सेनाओं के स्थापना दिवस समारोह को मनाने के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन की महत्वपूर्ण भूमिका है। जिसमें उन्होंने कहा है कि राष्ट्रीय स्तर के इन आयोजनों के बारे में देश के बाकी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों की जनता को भी जानकारी होनी चाहिए। उन्हें भी सेना, वायुसेना और नौसेना के शानदार फ्लाईपास्ट या परेड को साक्षात देखने और अनुभव करने का मौका मिलना चाहिए। पिछले साल इसी सोच के साथ वायुसेना ने अपनी स्थापना दिवस परेड हिंडन एयरबेस पर और उसके बाद फ्लाईपास्ट असम के गुवाहाटी में आयोजित किया था।

मी-17 ने ध्वज फॉर्मेशन में भरी उड़ान

हिंडन एयरबेस पर वायुसेनाध्यक्ष के पहुंचने के बाद वायुसेना के 3 मी-17वी5 हेलिकॉप्टरों ने उड़ान भरी। जो वायुसेना के सबसे बड़े अधिकारी के प्रति एक प्रकार से प्रदर्शित किए गए सम्मान को दर्शाती है। जिसे वायुसेना ने समारोह में औपचारिक उड़ान का नाम दिया है।

इन सबसे इतर परेड में पहली बार वायुसेना का ड्रम बैंड शामिल हुआ। महिला वायु योद्धाओं के समूह 'टीम शक्ति' ने राइफलों के साथ बेहद शानदार ड्रिल प्रस्तुत की। जिसकी दर्शकों ने जमकर तारीफ की है। समारोह में वायुसेनाप्रमुख के अलावा सेनाप्रमुख जनरल धीरज सेठ, नौसेनाप्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन और कई अन्य मौजूदा तथा पूर्व वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भारत ने गिनाई उपलब्धियां

लक्ष्य से पांच साल पहले हासिल की 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन स्त्रोत क्षमता

एजेंसी ▶▶ मनीला

केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने गुरुवार को फिलीपींस की राजधानी मनीला में आयोजित 20वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) की ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने क्षेत्रीय ऊर्जा सहयोग, ऊर्जा सुरक्षा और सुरक्षित, सशक्त, किफायती तथा टिकाऊ ऊर्जा भविष्य के निर्माण के प्रति भारत की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि भारत ने अपने 2030 के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) के लक्ष्य से पांच साल पहले ही जून 2025 में गैर-जीवाश्म ईंधन स्त्रोतों से संचयी स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता का 50% हासिल कर लिया था। उन्होंने इसे स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण की दिशा में देश की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

मित्र देशों के समूह के सह-अध्यक्षों ने साझा बयान जारी कर साफ किया अपना रुख

खाड़ी, काला सागर क्षेत्र में व्यापारिक जहाजों, नाविकों पर हमलों के विरोध में भारत, लाइबेरिया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और लाइबेरिया ने गुरुवार को एक सयुंक्त बयान जारी कर पिछले कुछ दिनों से खाड़ी से लेकर काला सागर क्षेत्र में व्यापारिक जहाजों और नाविकों पर किए जा हमलों की बेहद सख्त अंदाज में निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों देश हालिया गठित किए गए मित्र देशों के समूह की सह-अध्यक्षता कर रहे हैं।

बयान में दोनों ने कहा कि इन हमलों से समुद्री व्यापार और निर्दोष लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ रहा है। जिसे किसी भी हालत में जायज नहीं ठहराया जा सकता है। भारत व लाइबेरिया ऐसे सभी हमलों को तुरंत रोकने की अपील करते हैं। क्योंकि अंत में इनसे क्षेत्र की शांति और स्थिरता प्रभावित होती है।

हमलों में मारे गए नाविकों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं जताते हुए घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की गई है। दोनों देशों में उक्त समूह की स्थापना बीते महीने 25 सितंबर को की थी।

युद्ध के बीच पश्चिम-एशिया और फारस की खाड़ी में मारे गए भारत के 11 नाविक

बयान में विदेश मंत्रालय ने दोहराया, ऊर्जा-नागरिक अवसंरचनाओं पर किए जा रहे हमलों को बर्दाश्त नहीं करेगी नई दिल्ली

सऊदी अरब के दो हवाई अड्डों पर हूती विद्रोहियों के हमले को भारत ने बताया अस्वीकार्य

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते करीब 8 महीने से समूचे पश्चिम-एशिया क्षेत्र में जारी भीषण युद्ध की चपेट में अगर सबसे ज्यादा कोई आया है, तो वो खाड़ी देश ही हैं। यहां मामला सऊदी अरब के दो हवाई अड्डों पर हूती विद्रोहियों के हालिया हुए हमलों से जुड़ा हुआ है। जिनकी विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक आधिकारिक बयान के जरिए कड़ी निंदा की है और उसके साथ यह भी कहा, क्षेत्र में मौजूद नागरिक बुनियादी अवसंरचनाओं को निशाना बनाना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

हमलों में मारे गए लोगों के परिवारजनों के प्रति गहन संवेदनाएं व्यक्त करते हुए भारत ने घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। मालूम हो कि सैन्य संघर्षों का शांतिपूर्ण ढंग से समाधान निकालने के लिए भारत बातचीत और कूटनीति के पक्ष में है। जिसमें सभी भागीदार देशों की बराबर सहभागिता होनी चाहिए। इसके अलावा ऊर्जा संसाधनों, बुनियादी नागरिक ढांचों को किसी भी प्रकार से निशाना बनाए जाने का विरोध किया गया है।



सऊदी अरब संग एकजुटता से खड़ा भारत

मंत्रालय के मुताबिक, पिछले 48 घंटे में सऊदी अरब के अबहा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और रियाद स्थित किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को हूती विद्रोहियों ने अपने हमलों के जरिए निशाना बनाया। जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई है।

जबकि कई अन्य लोग घायल भी हुए हैं। भारत सऊदी अरब के लोगों और वहां की सरकार के साथ पूरी एकजुटता से खड़ा है।

सऊदी अरब-हूतियों के बीच बढ़ी शत्रुता

गौरतलब है कि गुजरे वक्त में ईरान समर्थित हूती विद्रोही समूह और सऊदी अरब के बीच दुश्मनी में काफी वृद्धि हुई है। जिसमें यह समूह खासतौर पर ड्रोन और मिसाइलों का इस्तेमाल कर सऊदी अरब के सीमावर्ती क्षेत्रों, ऊर्जा और नागरिक ढांचों को निशाना बनाने में लगे हुए हैं। सऊदी अरब के जनरल अथॉरिटी ऑफ सिविल एविएशन ने कहा कि अबहा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए हमले में 2 लोगों की मौत हो गई, 28 अन्य लोग घायल हुए हैं। जबकि रियाद स्थित किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए हमले में 1 व्यक्ति की मौत हुई और 8 अन्य घायल हुए हैं।

4,200 नाविकों की हुई वतन वापसी

युद्ध के मध्य पश्चिम एशिया से लेकर फारस की खाड़ी तक के इलाके में भारत ने अपने कुल 11 समुद्री नाविकों को खोया है। केंद्रीय जहाजरानी सचिव विजय कुमार ने बताया कि इस साल फरवरी महीने में शुरू हुए युद्ध के बाद से लेकर होर्मुज जलडमरूमध्य से अब तक नई दिल्ली ने 4 हजार 200 नाविकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी कराई है। जबकि इस अवधि में होर्मुज और फारस की खाड़ी क्षेत्र में व्यापारिक जहाजों पर हमलों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। यहां ये भी बता दें कि अमेरिका और इजरायल द्वारा संयुक्त रूप से किए गए हमलों में मारे गए ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला अली खामनेई और उनके देश के कई अन्य शीर्ष कमांडरों की मौत के बाद से यह युद्ध भड़क उठा और क्षेत्र के व्यस्ततम समुद्री जलमार्ग प्रभावित हुए हैं।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109